रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 02 मार्च 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-190 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### देश में उत्साह व्याप्त है : जगदीप धनखड़



**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि देश उत्साह व्याप्त है और हर क्षेत्र में प्रगति हो रही हैं। धनखड़ ने कर्नाटक में धारवाड़ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के छात्रों और अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का उत्थान अजेय है। देश अभूतपूर्व गति गति से प्रगति कर रहा है। उपराष्ट्रपति ने विश्व बैंक और आईएमएफ जैसे वैश्विक संस्थानों के हालिया बयानों का उल्लेख किया और भारत को निवेश और अवसरों का पसंदीदा गंतव्य बताया। उन्होंने कहा, हम सदियों पहले दुनिया में नंबर एक देश थे और वर्ष 2047 में नंबर एक देश होंगे। उन्होंने कहा कि और युवाओं को इसके लिए तैयारी करनी चाहिए।

### आयोग ने चुनाव प्रचार में मर्यादा बनाये रखने की अपील की

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने सभी राजनीतिक दलों से चुनाव प्रचार के दौरान मर्यादा बनाए रखने और चुनाव प्रचार का स्तर मुद्दों पर आधारित बहस तक ले जाने के लिए परामर्श जारी किया है। आयोग ने स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों से विशेष रूप से आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करने की अपील की है। परामर्श में कहा गया है कि चुनाव आयोग चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के सभी मामलों का तटस्थता के साथ आकलन करेगा।

### तूफानी तेजी में निवेशकों ने कमाये 4.29 लाख करोड़ से अधिक

**मुंबई।** चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था के अनुमानों से बेहतर प्रदर्शन करने के साथ ही देश में सेमीकंडक्टर के विनिर्माण के लिए 1.26 लाख करोड़ रुपये निवेश वाली तीन इकाइयों को मंजूरी मिलने और वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के बल पर हुयी लिवाली से शेयर बाजार में तूफानी तेजी रही जिससे बीएसई 74 हजार अंक की ओर लपक गया। इस दौरान आयी तेजी से निवेशकों को 4.29 लाख करोड़ रुपये से अधिक कमाई हुयी। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1245.05 अंकों की उछाल लेकर 74 हजार अंक की ओर लपकते हुये 73745.35 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 355.95 अंक की तेजी लेकर 22338.75 अंक पर पहुंच गया।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ ईडी की कार्रवाई जारी, बालोद, जशपुर समेत कई जगह छापे

## पूर्व मंत्री के प्रतिनिधि पीयूष सोनी, ठेकेदार तोरण चन्द्राकर और सीईओ राठौर के निवास में दबिश

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com






शुक्रवार को ईडी की टीम ने पूर्व मंत्री एवं डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़ियाँ के प्रतिनिधि पीयूष सोनी के डौंडी निवास और कांग्रेसी नेता एवं ठेकेदार व सप्लायर रोशन चन्द्राकर के कचांदुर स्तिथ निवास में दबिश दी। बताया जाता है की सुबह से शाम तक चली इस छापेमार कार्यवाही में ईडी की टीम ने सम्बंधित लोगों से पूछताछ की और आवश्यक दस्तावेज खंगाले। मामले के तार डीएमएफ और कोल माइनिंग से जुड़ा बताया जा रहा है। शुक्रवार को पूर्व मंत्री अनिला भेड़ियाँ के प्रतिनिधि पीयूष सोनी के डौंडी निवास घर में करीबन सुबह 7 बजे से पहुची ईडी की टीम शाम तलक पीयूष सोनी एवं उनके परिजनों से पूछताछ करती रही। 2 वाहनों में सवार होकर पहुचे ईडी की टीम में महिला अधिकारी भी शामिल थी। वही ग्राम कचांदूर निवासी कांग्रेसी नेता तोरण चन्द्राकर के निवास में भी ईडी की टीम ने दबिश दी। 3 वाहनों में सवार होकर आए ईडी के अधिकारियों ने तोरण चन्द्राकर से पुछताछ की। तोरण चन्द्राकर बहुत बड़े ठेकेदार व सप्लायर बताये जा रहे हैं। जिनका कनेक्शन डीएमएफ से जुड़ा बताया जा रहा है। ईडी की टीम ने पीयूष सोनी और तोरण चन्द्राकर से डीएमएफ मामले को लेकर कई सवाल जवाब किये हैं। वहीं मिली जानकारी अनुसार लगभग 14 पेज में बयान की कॉपी और दस्तावेजों का प्रिंट अधिकारियों के द्वारा लिया गया है।

## मनोरा सीईओ राठौर के घर तड़के 5 बजे पहुंचे अफसर

पायनियर संवाददाता < जशपुर/मनोरा
www.dailypioneer.com

जशपुर जिले के मनोरा जनपद पंचायत के सीईओ वीरेंद्र कुमार राठौर के सरकारी निवास पर शुक्रवार तड़के सुबह 5 बजे से ईडी की टीम ने दबिश दी। टीम 8 घंटे दोपहर 3 बजे तक पूछताछ करती रही। उसके बाद ईडी ने मनोरा के जनपद सीईओ वीरेंद्र कुमार राठौर को अपने कस्टडी में लेकर पूर्व पदस्थापना स्थल कोरबा जिले के कटघोरा लेकर रवाना हो गई। सुबह करीब 5 बजे से ही ईडी की टीम पुलिस फोर्स के साथ मनोरा सीईओ के शासकीय निवास पर दबिश दी और 5 बजे सुबह से लेकर दोपहर 3 बजे तक ईडी की टीम पूछताछ करती रही उसके बाद 3 बजे सीईओ को अपने अभिरक्षा में रखकर ईडी रवाना हो गयी।



### अन्य ठिकानों पर भी दबिश

जानकारी यह भी है कि जनपद सीईओ के मनोरा स्थित सरकारी निवास के अलावे उनके निजी निवास पर भी ईडी की कार्वाई चल रही है। सभी ठिकानों पर ईडी ने एक साथ दबिश दी है। इस संबंध में यह कहा जा रहा है कि जनपद सीईओ पूर्व में कोरबा जिले के कटघोरा जनपद पंचायत में पदस्थ थे। उस वक्त कोरबा की कलेक्टर रहीं आईएएस रानू से तार उनके जुड़े हुए थे। तत्कालीन कलेक्टर रानू साहू कोरबा में थी, तब ये जनपद सीईओ कटघोरा में पदस्थ थे। उस समय डीएमएफ की राशि की जमकर बंदरबांट की गई थी। इस वजह से इनके यहां भी छपा पड़ा है। विधानसभा चुनाव से पहले इनका तबादला 4 अगस्त को जशपुर जिला के मनोरा जनपद पंचायत में किया गया था।

### होती रही चर्चा

इन दिनों ईडी की दबिश को लेकर देशभर में चर्चा का विषय गर्म है। जशपुर जिले में पहली बार ईडी की दबिश, छापा की खबर मिलते ही लोगों में जानने की उत्सुकता और जिज्ञासा बढ़ गई। दिनभर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।

## पीएम मोदी विभिन्न विकास परियोजनाओं के अनावरण के लिए बंगाल पहुंचे

वार्ता < आरामबाग
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेल, बंदरगाह, तेल पाइपलाइन, एलपीजी आपूर्ति और अपशिष्ट जल उपचार जैसे क्षेत्रों से संबंधित कई विकास परियोजनाओं का अनावरण करने के लिए यहां पहुंचे। मोदी लगभग 2,790 करोड़ रुपये की लागत से विकसित इंडियन ऑयल की 518 किलोमीटर लंबी हल्दिया-बरौनी कच्चे तेल पाइपलाइन का उद्घाटन करेंगे। यह पाइपलाइन बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल से होकर गुजरती है और बरौनी रिफाइनरी, बोंगाईगांव रिफाइनरी और गुवाहाटी रिफाइनरी को सुरक्षित, किफायती और पर्यावरण-अनुकूल तरीके से कच्चे तेल की आपूर्ति करेगी। प्रधानमंत्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह, कोलकाता के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए लगभग 1000 करोड़ रुपये की लागत वाली कुछ परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और कुछ राष्ट्र को समर्पित करेंगे। जिन परियोजनाओं की आधारशिला रखी जायेगी, उनमें कोलकाता डॉक सिस्टम के बर्थ नंबर आठ एनएसडी का पुनर्निर्माण तथा बर्थ नंबर सात और आठ एनएसडी का मशीनीकरण शामिल है। वह हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स और श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह के तेल घाटों पर अग्निशमन प्रणाली के संवर्द्धन की परियोजना भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

## गौरी लंकेश हत्याकांडः जमानत रद्द करने की याचिका, आरोपी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता गौरी लंकेश की हत्या के आरोपी मोहन नायक की जमानत को चुनौती देने वाली कर्नाटक सरकार की याचिका पर शुक्रवार को आरोपी को नोटिस जारी करते हुए कहा कि इस मामले में अगली सुनवाई अप्रैल में की जाएगी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के सात दिसंबर 2023 को मोहन को जमानत देने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर यह आदेश पारित किया। पीठ ने आरोपी को नोटिस जारी करने के साथ ही कहा कि इस मामले में मृतक की बहन कविता लंकेश की याचिका के साथ नौ अप्रैल को सुनवाई की जाएगी। शीर्ष अदालत ने कविता की याचिका पर जनवरी में आरोपी को इसी तरह का नोटिस जारी किया था। शीर्ष अदालत में कर्नाटक सरकार की ओर से वकील वी एन रघुपति और शिकायतकर्ता कविता की ओर से वकील अपर्णा भट्ट पेश हुईं। प्रमुख पत्रकार एवं यसामाजिक कार्यकर्ता की पांच सितंबर 2017 को बेंगलुरु के राजराजेश्वरी नगर स्थित उनके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उच्च न्यायालय ने मामले में फैसला आने में देरी समेत कुछ अन्य पहलुओं के आधार पर आरोपी को जमानत देने का फैसला किया था।

## बाल मृत्यु दर कम करने के लिए जन्म दोष पर ध्यान देने की आवश्यकता

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



नीति आयोग के स्वास्थ्य सदस्य वीके पॉल ने शुक्रवार को कहा कि बाल मृत्यु दर को कम करने के लिए जन्म दोषों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। डॉ. पॉल ने आज यहां राष्ट्रीय जन्म दोष जागरूकता माह 2024 का शुभारंभ करते हुए कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम बाल स्वास्थ्य की गारंटी है। कार्यक्रम के तहत 16 करोड़ बच्चों की जांच की गई है और यह बाल स्वास्थ्य की गारंटी है। उन्होंने मलेरिया, निमोनिया और अन्य बीमारियों से होने वाली मौतों की तुलना में जन्म दोषों की मृत्यु का अनुपात कम होने का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सरकार की प्राथमिकता बच्चों के लिए संपूर्ण स्वास्थ्य प्राप्त करना है और यह राष्ट्रीय जन्म दोष जागरूकता माह 2024 अभियान इस उद्देश्य के लिए जागरूकता बढ़ाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि जन्म दोषों की समस्या के निवारण के लिए अधिक तीव्रता और अधिक व्यापकता की आवश्यकता है। डॉ. पॉल ने छात्रों से बाल स्वास्थ्य को समर्थन और मजबूत करने के लिए पीजी में पेडियाट्रिक्स चुनने का भी आग्रह किया क्योंकि बच्चे जन्म के समय पाए जाने वाले दोषों के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील होते हैं। उन्होंने कहा कि परिवार भी जन्म दोष के मुद्दों को जानकर अलग-थलग महसूस करता है। उन्होंने कहा? कि गर्भावस्था से पहले की देखभाल एक महिला के लिए महत्वपूर्ण है, पोषण संबंधी स्थिति, बीएमआई, थायराइड और यूटीआई आदि का भी ध्यान रखा जाना चाहिए क्योंकि इससे स्वस्थ बच्चे के जन्म में मदद मिलेगी। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने जन्म दोषों विशेषकर क्लब फुट, श्रवण दोष, रेटिना दोष, कटे होंठ आदि की शीघ्र पहचान पर जोर दिया, क्योंकि ये बच्चे के भविष्य को प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि एक महीने तक चलने वाला यह जागरूकता अभियान बाल जन्म दोष के मुद्दे से निपटने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि एबीएचए के माध्यम से बाल जन्म दोषों की रजिस्ट्री रखना इलाज किए गए।

## अदाणी समूह करेगा मध्य प्रदेश के 75 हजार करोड़ का निवेश

**उज्जैन।** अदाणी समूह ने मध्य प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में 75 हजार करोड़ रुपये का और निवेश करने की घोषणा की। प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की मौजूदगी में यहां आयोजित क्षेत्रीय उद्योग कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुये अदाणी एंटरप्राइजेज के निदेशक एवं समूह के एग्रो, तेल एवं गैस कारोबार के प्रबंध निदेशक प्रणव अदाणी ने यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उनके समूह की उपस्थिति कई क्षेत्रों तक फैली हुई है जिसमें सड़क, सीमेंट और प्राकृतिक संसाधनों से लेकर थर्मल पावर, रिन्यूएबल एनर्जी और पावर ट्रांसमिशन जैसे सेक्टर शामिल है। राज्य में अदाणी समूह का समग्र निवेश लगभग 18 हजार करोड़ रुपये है और राज्य भर में लगभग 11 हजार रोजगार के अवसर पैदा किए गये हैं। उन्होंने कहा कि अदाणी समूह इन क्षेत्रों में निवेश जारी रखने के साथ ही मध्य प्रदेश में निवेश को दोगुना से अधिक किया जायेगा और राज्य के सर्वांगीण विकास में योगदान देगा। उन्होंने कहा हमारा विश्वास है और हम मध्य प्रदेश में लगभग 75 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेंगें। अदाणी ने कहा कि इसमें से 5 हजार करोड़ रुपये का उपयोग उज्जैन से इंदौर होते हुए भोपाल तक महाकाल एक्सप्रेस-वे बनाने में किया जाएगा। चोरगाडी में 40 लाख टन प्रति वर्ष की क्लिंकर यूनिट, देवास और भोपाल में 80 लाख टन प्रतिवर्ष की संयुक्त क्षमता वाले दो सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट स्थापित की जायेगी और इसके लिए 5 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा।



## सीएम साय ने ज्वालामुखी शक्तिपीठ में दर्शन और पूजा-अर्चना की



पायनियर संवाददाता < रीवा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को मध्यप्रदेश के सिंगरौली प्रवास के दौरान शक्ति नगर स्थित ज्वालामुखी शक्तिपीठ में दर्शन और पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मध्य प्रदेश की ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राधा सिंह, विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह तथा विधायक देवसर राजेंद्र मेश्राम उनके साथ मौजूद रहे।

### 2014 से 2024 तक एक लाख करोड खर्च कर कार्य पूर्ण हुए

## यूपी में राजमार्गों की लंबाई दस सालों में हुयी दो गुनी : गडकरी

पायनियर संवाददाता < जौनपुर
www.dailypioneer.com



केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि पिछले दस सालों में उत्तर प्रदेश में राजमार्गों की लंबाई में लगभग दो गुनी हो गयी है। बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान में 10 हजार करोड़ से अधिक रुपए की लागत की 19 परियोजनाओं का शिलान्यास करने के मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा 2014 में उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई 7343 किलोमीटर थी जबकि 2024 में यह लंबाई 13000 किलोमीटर हो गई है। हम उत्तर प्रदेश में पांच लाख करोड रुपए का काम पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि 2014 से 2024 तक एक लाख करोड खर्च कर कार्य पूर्ण हुए है। 41 हजार करोड से उत्तर प्रदेश में रिंग रोड व 40 बाई पास का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि जौनपुर में दस हज़ार करोड की परियोजना का शिलान्यास करने पर बहुत खुशी हो रही है। करीब दो हजार करोड से कार्य स्वीकृत हुआ है जिसमें शाहगंह में बाई बनने से जौनपुर से अयोध्या की दूरी दो घण्टे की हो जायेगी। जौनपुर से आज़मगढ़, फूलपुर होकर प्रयागराज बाई पास का कार्य हो जाने पर दूरी कम हो जाएगी। मुंगराबादशाह पुर में मार्च 2024 तक बाई पास का कार्य पूर्ण हो जाएगा। गडकरी ने कहा कि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने मुंगरा के अन्दर वर्तमान सड़क की मांग किया है। वह दोनो किनारों पर स्ट्रीट लाईट लगाकर बनाया जायेगा। राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने पॉलिटेक्निक चौराहे से दक्षिण बने ओवर ब्रिज के पास से सर्विस रोड की मांग किया है, इसके लिए वह घोषणा करते हैं कि सर्विस रोड बनेगी। उन्होंने कहा कि अयोध्या में 84 कोस परिक्रमा करने वालो के लिए भी सात्विक भोजन, ठहरने की व्यव्स्था होगी। उन्होंने कहा कि 1100 किलोमीटर की परियोजना जो सारनाथ, श्रावस्ती, कौशांबी तक जाती है। उसका भी कार्य होगा। गोरखपुर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे कानपुर से ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे का कार्य भी होगा, तब कानपुर से लखनऊ की दूरी आधे घंटे में तय होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम विश्व की तीसरी इकोनॉमी बने, ट्रांसपोर्ट मंत्री होने के नाते हमने यह तय किया था कि किसान हमारा सिर्फ अन्नदाता नही बल्कि ऊर्जा दाता और हवाई इंजन दाता बनने जा रहा है। मेरी कार इथेनॉल से चलती है। किसान कर्ज मुक्त होना चाहिए , उनको फसलों का उचित मूल्य मिलना चाहिए। स्मार्ट सिटी ही नही बल्कि स्मार्ट गांव भी होना चाहिए। जौनपुर भी अब मुम्बई जैसा बनने जा रहा है। आप लोग यहां उद्योग लगाए। गडकरी ने जौनपुर जिले में जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया है उसमें गोमती नदी पर पुल सहित एन.एच.-31 के टोल प्लाजा से पूर्वांचल विश्वविद्यालय तक जौनपुर शहर के पूर्व दिशा में बाईपास का निर्माण। यह राष्ट्रीय राजमार्ग-135- ए के तहत 28 किमी लंबे मार्ग का 1995 करोड़ की लागत से कराया जाएगा। खेतासराय-शाहगंज ग्रीन फील्ड बाईपास सहित पूर्वांचल विश्वविद्यालय से शाहगंज तक फोरलेन निर्माण। राष्ट्रीय राजमार्ग-135-ए की कुल लंबाई 30 किमी होगी, जो 1512 करोड़ की लागत से बनेगी। शाहगंज-कलान-मालीपुर-अकबरपुर खंड का फोर लेन चौड़ीकरण एवं अकबरपुर बाईपास का निर्माण। यह राष्ट्रीय राजमार्ग-135-ए 1653 करोड़ की लागत से 45 किमी लंबा बनेगा। मड़ियाहूं शहर के पश्चिम में नये फोरलेन ग्रीनफील्ड बाईपास का निर्माण। राष्ट्रीय राजमार्ग-135-ए की कुल लंबाई सात किमी जो 1430 करोड़ की लागत से बनेगा।

## दुष्कर्म के दोषी आसाराम की सजा निलंबित करने की याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने नाबालिग से दुष्कर्म के जुर्म में उम्रकैद की सजा काट रहे स्वयंभू धर्मगुरु आसाराम बापू की बिगड़ते स्वास्थ्य के मद्देनजर सजा को निलंबित करने की उसकी याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ आसाराम की याचिका पर तत्काल विचार करने से इनकार कर दिया। पीठ ने हालांकि, उसे उच्च न्यायालय के समक्ष एक नयी याचिका दायर करने की अनुमति दी। पीठ ने कहा कि यदि ऐसा कोई आवेदन दिया जाता है तो उस पर विचार किया जाएगा और उच्च न्यायालय मुख्य अपील की सुनवाई शीघ्र कर सकता है। शीर्ष अदालत ने आसाराम को पुलिस हिरासत में आयुर्वेदिक उपचार के लिए अपनी याचिका के साथ राजस्थान उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा। शीर्ष अदालत ने गुण-दोष पर टिप्पणी किए बिना अपने आदेश में स्पष्ट किया किया कि पुलिस हिरासत में इलाज की अनुमति देने के राज्य के प्रस्ताव को स्वीकार करने के मद्देनजर आसाराम को आयुर्वेदिक अस्पताल में इलाज कराने के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की स्वतंत्रता होनी चाहिए।

## भारत बनेगा सेमीकंडक्टर निर्माण का प्रमुख वैश्विक केन्द्र : वैष्णव



**नयी दिल्ली।** संचार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मोदी सरकार द्वारा देश में सेमीकंडक्टर निर्माण की दिशा में दी जा रही गति का उल्लेख करते हुये कहा कि भारत सेमीकंडक्टर निर्माण का प्रमुख वैश्विक केन्द्र बनने ही राह पर आगे बढ़ रहा है। वैष्णव ने यहां पत्रकारों से कहा कि नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के साथ ही देश में सेमीकंडक्टर के निर्माण के लिए ईकोसिस्टम बनाने का शुरू कर दिया था क्योंकि सेमीकंडक्टर बनाने में 16 हजार तरह के रसायन और विभिन्न उत्पाद लगते हैं। इसके लिए पूरा तंत्र बनाना होता है और यह वैश्विक उत्पाद है क्योंकि कोई भी देश इसको अपने बूते पर पूरी तरह से नहीं बना सकता है। इसमें रसायन के साथ ही गैस का उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि देश के 104 विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी कर छात्रों को सेमीकंडक्टर के बारे में बताया जा रहा है और उनको इसके लिए तैयार किया जा रहा है। स्टार्टअप का सहयोग भी लिया जा रहा है और उन्हें भी इसके निर्माण में आगे लाया जा रहा है। अभी भारत में दुनिया का एक तिहाई अर्थात तीन लाख डिजाइन इंजीनियर हैं जो पूरी दुनिया भर की कंपनियों के लिए सेमीकंडक्टर डिजाइन का काम कर रहे हैं। वैष्णव ने कहा कि देश को सेमीकंडक्टर निर्माण का प्रमुख वैश्विक केन्द्र बनाने के लिए 20 वर्षों का रोडमैप तैयार किया गया है क्योंकि इसके निर्माण 16 हजार से अधिक चीजें लगती है जो किसी एक देश में उपलब्ध होना असंभव है।

# समय के बदलते चक्र में वैदिक घड़ी से दुनिया में मध्यप्रदेश और देश का नाम बढ़ेगा : सीएम यादव

पायनियर संवाददाता < उज्जैन
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि समय के बदलते चक्र में उज्जैन में स्थापित दुनिया की पहली वैदिक घड़ी मध्यप्रदेश एवं देश का नाम दुनिया में बढ़ायेगी। अब भारत का समय दुनिया में जाना जायेगा। राज्य सरकार सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित साहित्य का सृजन करने का प्रयास भी कर रही है। सम्राट विक्रमादित्य पर हमें सदैव गर्व रहा है। डॉ यादव कालिदास अकादमी में संस्कृति विभाग स्वराज संस्थान एवं जिला प्रशासन द्वारा आयोजित विक्रमोत्सव-2024, रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव उज्जैन-2024 और उज्जयिनी व्यापार मेला-2024 का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने मंचासीन अतिथियों के साथ मां सरस्वती एवं सम्राट विक्रमादित्य के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एमएसएमई मंत्री चेतन कश्यप, पर्यटन एवं संस्कृति राज्यमंत्री



धर्मेन्द्र लोधी, सांसद अनिल फिरोजिया और विधायक अनिल जैन कालुहेड़ा, सतीश मालवीय, चिंतामण मालवीय तथा महापौर मुकेश टटवाल मंचासीन थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य द्वारा स्थापित सभ्यता के आदित्य को दुनिया में पहचाना गया है। नागरिक तंत्र स्थापना के प्रथम पुरूष के रूप में सम्राट विक्रमादित्य जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि विक्रमोत्सव सरकार द्वारा समाज को साथ लेकर चलने वाला उत्सव है। उज्जैन काल गणना की नगरी है। साथ ही महाकाल की नगरी भी उज्जयिनी है। हम सनातन संस्कृति के संवाहक हैं। सनातन संस्कृति पर हमें गर्व है। महाकवि कालिदास ने अपने ग्रंथ और काव्यों के माध्यम से उज्जैन की गौरवगाथा का वर्णन किया है। डॉ यादव ने इस अवसर पर अर्ष भारत, वीर भारत, संकल्प न्यास और मण्डला, डिंडोरी, जबलपुर, सतना, जिलों के स्वाधीनता संग्राम सेनानियों पर केन्द्रित पुस्तकों, रामराजा शीर्षक से प्रकाशित पुस्तकों और ओरछा के रामराजा पर केन्द्रित सीडी का विमोचन भी किया। केन्द्रीय नागरिक उडड्यन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया वर्चुअली शामिल हुए। उन्होंने कहा कि उज्जैन प्राचीन नगरी है। उज्जैन मध्यप्रदेश ही नहीं समूचे विश्व की एक प्राचीन धरोहर है। यह गौरव की बात है कि मुख्यमंत्री डॉ यादव उज्जैन ही नहीं पूरे प्रदेश का विकास करने का कार्य कर रहे हैं।

उज्जैन को धार्मिक, आध्यात्मिक केन्द्र ही नहीं व्यापार, व्यवसाय एवं प्रमुख औद्योगिक केन्द्र बनाने का प्रयास भी उनके द्वारा किया जा रहा है। उज्जैन के विकास में सिंधिया परिवार के योगदान उल्लेख करते हुए केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि महाराजा राणोजी सिंधिया द्वारा महाकाल मंदिर निर्माण करवाया गया था और माधव महाराज द्वितीय ने माधवगंज में फ्रीट्रेड फेयर की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि उज्जैन में अपार संभावनाएं हैं।

उज्जैन व्यापार मेले की शुरूआत प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण कदम है। मध्यप्रदेश में कृषि के साथ ही फार्मा इंडस्ट्री, टेक्सटाइल के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं। सिंधिया ने कहा कि इन्दौर के बाद उज्जैन भी आने वाले समय में मिनी बाम्बे के रूप में पहचाना जायेगा। पूर्व मंत्री पारस जैन, पूर्व विधायक राजेन्द्र भारती, नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव, विवेक जोशी, बहादुर सिंह बोरमुण्डला, जगदीश अग्रवाल सहित जन-प्रतिनिधि, अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ राजेश राजौरा, संभागायुक्त डॉ संजय गोयल उपस्थित थे।

# भाजपा, जन सुझाव लेकर बनायेगी 2024 का घोषणा पत्र : अनुराग शर्मा


एजेंसी < झांसी
www.dailypioneer.com



इस साल होने जा रहे लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने अपना घोषणापत्र जन सहभागिता के माध्यम से तैयार करने का फैसला किया है। भाजपा कार्यालय में इस संबंध में जानकारी देते हुए झांसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग शर्मा ने बताया कि पार्टी ने फैसला किया है 2024 का चुनावी घोषणापत्र जनसहभागिता से तैयार किया जायेगा। इसके लिए हर लोकसभा में एलईडी वैन डिजिटल और सुझाव पेटी के माध्यम से आम जनता से अपने चुनावी घोषणापत्र के लिए सुझाव एकत्र किये जायेंगे, जो सुझाव अच्छे होंगे उन्हें घोषणापत्र में शामिल किया जायेगा। उन्होंने कहा '' भाजपा के घोषणापत्र पर जनता भरोसा करती है क्योंकि मोदी जी की गारंटी इसमें निहित होती है इसलिए देश को विकसित राष्ट्र बनाने को लेकर करोड़ों लोगों के मन में जो भाव है वह सभी भाव सुझाव के माध्यम से हम तक पहुंचे और उन्हें हम अपने घोषणापत्र का हिस्सा बना सके, इसके लिए यह पूरी कवायद की जा रही है। उन्होंने बताया कि भाजपा ने जो वादे किये उसे हमारी सरकार ने पूरा किया और अब चुनाव से पहले लोगों की मंशा जानना पार्टी के लिए जरूरी है । इसी के तहत हर लोकसभा में प्रमुख स्थानों पर एलईडी वैन के माध्यम से जनता के सुझाव मांगे जायेंगे। यह अभियान 06 मार्च से शुरू होगा। भाजपा सभी जिलों और विधानसभाओं में संवाद कार्यक्रम करेगी तथा कोहार्ट ग्रुप के माध्यम से विभिन्न व्यवसायिक, वाणिज्यिक और अपने अपने क्षेत्रों के प्रमुख लोगों से घोषण पत्र के लिए सुझाव एकत्र करेगी। इसके लिए सभी प्रकोष्ठों के माध्यम से विधानसभा और जिला स्तर पर कार्यक्रम व गोष्ठियों का आयोजन किया जायेगा। घर घर जाकर संकर्प, नमो एप से सुझाव साथ ही अन्य डिजिटल माध्यमों से भी इस काम को अंजाम दिया जायेगा। कोई भी व्यक्ति 9090902024 नंबर पर फोन कर अपने सुझाव रिकॉर्ड भी करा सकता है। इस अभियान का प्रारंभ 06 मार्च से कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र से होगा और इसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम जन से लाइव संवाद करेंगे। इस दौरान सांसद के साथ झांसी सदर विधायक रवि शर्मा, एमएलसी रमा निरंजन, भाजपा जिलाध्यक्ष हेमंत परिहार, पूर्व जिला अध्यक्ष व झांसी विधानसभा संयोजक प्रदीप सरावगी और भाजपा का सह मीडिया प्रभारी सौरभ मिश्रा मौजूद रहे।

# उपभोक्ता फोरमों की भर्ती परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग के मामले में जवाब-तलब

एजेंसी < नैनीताल
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने राज्य उपभोक्ता फोरम और जिला उपभोक्ता फोरमों में अध्यक्षों और सदस्यों की भर्ती परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग (नकारात्मक अंकन) के मामले में उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएसी) से जवाब मांगा है। इस मामले में अगली सुनवाई आठ अप्रैल को होगी। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की युगलपीठ में इस प्रकरण में सुनवाई हुई। न्यायमित्र अधिवक्ता संदीप तिवारी की ओर से कहा गया कि प्रदेश सरकार की ओर से उच्चतम न्यायालय के निर्देश के क्रम में राज्य भर के उपभोक्ता फोरमों में अध्यक्षों और सदस्यों की भर्ती के लिये इसी साल 19 जनवरी को विज्ञप्ति जारी की गयी है। भर्ती प्रक्रिया की जिम्मेदारी उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएसी) को सौंपी गयी है। यूकेएसएसएससी की ओर से इसके लिये 100 नम्बरों का एक वस्तुनिष्ठ प्रश्नपत्र का प्रावधान किया गया है जिसमें नेगेटिव मार्किंग का प्रावधान रखा गया है। उन्होंने कहा कि इन पदों के लिये यह व्यावहारिक नहीं है। अदालत ने भी इसे गंभीरता से लेते हुए यूकेएसएसएससी को इस मामले में जवाब देने को कहा है। अब इस प्रकरण में आगामी आठ अप्रैल को सुनवाई होगी। गौरतलब है कि एक अंग्रेजी दैनिक में समाचार प्रकाशित होने के बाद हाईकोर्ट ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका दायर कर ली।

इसमें कहा गया कि प्रदेश में उपभोक्ता अदालतों में अध्यक्षों और सदस्यों की कमी है और राज्य और जिला उपभोक्ता फोरम पंगु हो गये हैं।

# 'चलो मेडिगड्डा' कार्यक्रम का उद्देश्य सच्चाई उजागर करना है : रामाराव

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष एवं तेलंगाना के पूर्व मंत्री के टी रामाराव ने शुक्रवार को कहा कि 'चलो मेडिगड्डा' कार्यक्रम सच्चाई को उजागर करने के लिए शुरू किया गया है। रामाराव ने तेलंगाना की कांग्रेस सरकार की कड़ी आलोचना की और उन पर राजनीतिक लाभ के लिए अपनी जिम्मेदारियों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी द्वारा किसानों के कल्याण पर राजनीतिक लाभ को प्राथमिकता देने का उल्लेख किया। उन्होंने मेदिगड्डा में नुकसान के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जरुरत पर बल दिया। वरिष्ठ बीआरएस नेता एवं पूर्व स्पीकर पोचर्मा श्रीनिवास रेड्डी ने लालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना की सराहना करते हुए इसे दुनिया की सबसे बड़ी परियोजना बताया। उन्होंने बीमा और नेताम पाडु जैसी पूरी हो चुकी परियोजनाओं को स्वीकार करते हुए राष्ट्रव्यापी परियोजना में तकनीकी खामियों की ओर इशारा करते हुए उन्हें सुधारने का आग्रह किया। उन्होंने राजनीतिक लाभ के लिए किसानों के हितों को खतरे में डालने के प्रति आगाह किया। उन्होंने अगले बरसात के मौसम से पहले सुंडीला, अन्नाराम, एलमपल्ली, कोंडापोचम्मा और मल्लन्ना सागर परियोजनाओं को पूरा करने का भी आग्रह किया।

# वित्त वर्ष 2024-25 के 74 लाख 55 हजार के बजट को स्वीकृति प्रदान : मुकेश

एजेंसी < चंबा
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले की कल्याण समिति ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 74 लाख 55 हजार के अनुमानित बजट को मंजूरी प्रदान की। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय की रोगी कल्याण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। कल्याण समिति ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 74 लाख 55 हजार के अनुमानित बजट को स्वीकृति प्रदान की। इस दौरान समिति ने जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय चंबा के भवन मरम्मत एवं विभिन्न कार्यों को लेकर भी लगभग 37 लाख की राशि को स्वीकृत किया। रेपसवाल ने आयुर्वेदिक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया तथा रोगियों को अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने को भी कहा। उपायुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारियों को अतिरिक्त आय के साधन जुटाने को लेकर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। समिति सदस्यों द्वारा चंबा शहर में आयुष विभाग द्वारा हेल्थ एंड वेलनेस केंद्र स्थापित करने को लेकर रखी गई मांग पर उपायुक्त ने विभाग को कार्य योजना तैयार करने को कहा। बैठक में जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय में विद्युत की वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर डीजीसैट स्थापित करने तथा रोगियों की सुविधा के लिए लिफ्ट लगाने की योजना को भी मंजूरी प्रदान की गई । बैठक में कार्यवाही का संचालन करते हुए जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय के प्रभारी डॉ. योगेश जरयाल ने उपलब्ध करवाई जा रही विभिन्न सेवाओं की जानकारी देते हुए अवगत किया कि गत वर्ष के दौरान संस्थान के बहिरंग अनुभाग द्वारा 53799 रोगियों का उपचार किया गया ।

इसी तरह अंतरंग अनुभाग द्वारा 6196 रोगियों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत हिमकेयर तथा आयुष्मान भारत के तहत 541 मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिया गया। इससे पहले जिला आयुष अधिकारी डॉ. किरण ने उपायुक्त एवं उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने संस्थान द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही विभिन्न सुविधाओं का ब्यौरा भी रखा।

## शुभकरन सिंह, शहीद अग्निवीर को दी गई श्रद्धांजलि

**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन सदन में किसान आंदोलन 2.0 में मारे गये किसान शुभकरन सिंह समेत अन्य हस्तियों को श्रद्धांजलि दी गयी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. बलदेव राज चावल, पूर्व विधायक रंजीत सिंह तलवंडी, प्रकाश सिंह गढ़दीवाला, सोहन सिंह बोदल, शहीद अग्निवीर अजय कुमार, शहीद सिपाही हरसिमरन सिंह, शहीद गुरप्रीत सिंह, शहीद जगपाल सिंह और शुभकरन सिंह को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी।

## संपत्ति कर छूट की अंतिम तिथि 31 मार्च तक

**चंडीगढ़।** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार ने आम जनता के हितों का ध्यान रखते हुये संपत्ति कर के ब्याज और अन्य छूट की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 31 मार्च कर दी है। गुप्ता ने शुक्रवार को यहां कहा कि अब 31 मार्च तक मार्च 2023 तक के प्रॉपर्टी टैक्स के ब्याज पर शत प्रतिशत छूट और बकाया मूल राशि पर 15 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। इसके अलावा वर्ष 2023-24 के सम्पत्ति कर पर 15 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र में आने वाली सभी संपत्ति कर दाताओं से अपील करते हुये कहा कि वह तुरंत अपनी सम्पत्ति को स्व-प्रमाणित करके इस छूट का लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में आने वाले उन संपतिकर दाताओं को नोटिस दिये जा रहे हैं, जिन्होंने काफी समय से अपना संपति कर नगर निगम कोष में जमा नहीं करवाया है। नोटिस के बाद भी अगर जो संपति कर दाता अपना संपत्ति कर जमा नहीं करवाता तो उसकी संपत्ति को नगर निगम एक्ट 1994 धारा के अंतर्गत सीलिंग किया जा रहा है।

## बाराबंकी में सड़क हादसे में तीन की मौत

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के रामसनेहीघाट क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुमेरगंज निवासी नीरज यादव (34) पुत्री योगिता (8) और बड़े भाई पंकज यादव की पुत्री वर्तिका (5) को बाइक पर बिठाकर स्कूल छोड़ने जा रहे थे। इस दौरान भिटरिया की ओर से बाराबंकी जा रही तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर में सभी लोग सड़क पर जा गिरे और ट्रक तीनों को रौंदता हुआ चला गया। इसमें दोनों मासूम बच्चियों की मौके पर मौत हो गई। नीरज को इलाज के लिए चिकित्सालय लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

## एमवीए ने राज्य में सीटों की साझेदारी को अंतिम रूप दिया

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने राज्य में लोकसभा सीटों के वितरण संबंधी समझौते को अंतिम रूप दे दिया है। रिपोर्टों के मुताबिक उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) 20 तथा कांग्रेस 18 सीटों पर चुनाव लड़ेगी तथा शेष 10 सीटों पर श्री शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अपने उम्मीदवार उतारेगी। एमवीए के सूत्रों ने बताया कि राजू शेट्टी के नेतृत्व वाले स्वाभिमानी शेतकारी संगठन जैसे छोटे दलों को अपने संबंधित गठबंधन सहयोगियों से सीटें मिलेंगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा अगर प्रकाश अंबेडकर के नेतृत्व वाली 'वंचित बहुजन अघाड़ी' सहमत होती है, तो उसे शिवसेना और कांग्रेस के कोटे से करीब तीन सीटें आवंटित की जा सकती हैं। महाराष्ट्र में 48 लोकसभा सीटें हैं, जो उत्तर प्रदेश के बाद दूसरी सबसे बड़ी संख्या है।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को उम्रकैद

एजेंसी < मथुरा
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में मथुरा की एक अदालत ने नाबालिग से छेड़छाड़ करने पर एक अभियुक्त को 32 हजार जुर्माना अदा करने के साथ साथ आजीवन कारावास भोगने का आदेश दिया है । अभियोजन पक्ष के अनुसार पीड़िता के पिता ने थाना जमुनापार में तहरीर देकर आरोप लगाया गया था कि 23 मई 2023 को उसकी 16 वर्षीय बेटी अपने घर के बाहर खड़ी थी किसनी ने पीड़िता के साथ छेड़छाड़ एवं बदतमीजी की थी। शोर मचाने पर उसके साथ आए कृष्णा और नेहना ने उसे वीडियो बनाकर नेट में डालने की धमकी दी थी। तहरीर में आरोप है कि जब पीड़िता का पिता आरोपियों के घर शिकायत करने गया तो उसे तीनो लोगों ने जान से मारने की धमकी दी । पीड़िता के पिता की तहरीर पर थाना जमुनापार में 26 मई 2023 को धारा 354/506 आईपीसी एव 7/8 पाक्सो ऐक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया गया । इस मामले में कृष्णा और सनी के नाबालिग होने के कारण उनका मामला जुवेनाइल कोर्ट में चल रहा है। स्पेशल डीजीसी पॉक्सो कोर्ट अलका उपमन्यु ने बताया कि बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने अभियुक्त को निर्दोष साबित करने की कोशिश की मगर उन्होंने कहा कि अभियुक्त ने जघन्य अपराध किया है इसलिए उसे सख्त सजा दी जानी चाहिए। स्पेशल डीजीसी पॉक्सो कोर्ट के अनुसार विशेष न्यायाधीश पॉक्सो ऐक्ट राम किशोर ने गुरूवार को दिए अपने आदेश में बचाव पक्ष की दलीलों को दर किनार करते हुए अभियुक्त नेहना उर्फ लोकेश को धारा 506 आईपीसी के अन्तर्गत दो वर्ष का कारावास एवं दो हजार रूपए के अर्थ दण्ड तथा

# इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ 103 साल की उम्र में हर्निया का सफल ऑपरेशन

एजेंसी < जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान की राजधानी जयपुर में स्थित इटर्नल हॉस्पिटल ने एक 103 वर्षीय व्यक्ति के हर्निया का सफल ऑपरेशन करने की उपलब्धि हासिल की जिसे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की अथॉरिटी ने शुक्रवार को इस केस को सफलतापूर्वक करने वाले अस्पताल के सीनियर जनरल सर्जन डॉ डी एस मलिक और उनकी टीम को रिकॉर्ड दर्ज करने का प्रमाण पत्र दिया। इस दौरान आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में चिकित्सकों और रिकॉर्ड टीम ने 103 साल की उम्र के व्यक्ति के हर्निया का सफल ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सबसे उम्रदराज तुलसीराम शर्मा का यह सफल ऑपरेशन किया गया है। इस अवसर पर डॉ. डी एस मलिक ने बताया कि मरीज को करीब पिछले बीस वर्षों के लंबे समय से हर्निया की समस्या थी लेकिन उम्र ज्यादा होने और अन्य समस्याओं के कारण वह




सर्जरी नहीं करवा रहे थे। कुछ समय पहले से उनकी तकलीफइतनी बढ़ गई कि चलते वक्त भी उन्हें हर्निया को हाथ से सपोर्ट देना पड़ता था। ऐसे में उन्होंने सर्जरी कराने का निर्णय लिया। इस हाई रिस्क सर्जरी में सीनियर एनेस्थेटिस्ट डॉ मोना बाना एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। ऑपरेशन के दूसरे दिन ही उन्होंने चलना फिरना शुरू कर दिया और तीसरे दिन उन्हें अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई। इस मौके पर इटर्नल हॉस्पिटल की को-चेयरपर्सन मंजू शर्मा और सीईओ डॉ. प्राचीश प्रकाश ने कहा कि बढ़ती उम्र के साथ सर्जरी की जटिलताएं भी बढ़ती जाती हैं लेकिन हमारे अनुभवी चिकित्सक, टीम वर्क, विश्वस्तरीय मल्टी स्पेशियल्टी बैकअप एवं मरीज की हिम्मत का नतीजा है कि 103 साल की उम्र में भी हर्निया का ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। इसका रिकॉर्ड बुक में दर्ज होना हम सभी के लिए गौरव की बात है। डा मोना बाना ने कहा कि उनके 20 वर्ष के चिकित्सीय अनुभव में यह पहला एवं अनोखा मामला सामने आया जिसमें उन्हें एक अलग अनुभव प्राप्त हुआ कि सबसे उम्रदराज व्यक्ति का सफल ऑपरेशन किया गया। उन्होंने कहा कि इससे एक संदेश भी जायेगा कि उम्रदराज व्यक्ति का भी सफलतापूर्वक आर्पेरशन किया जा सकता है और इसका अन्य मरीज भी लाभ उठा सकेंगे। चिकित्सकों ने कहा कि इससे साबित हो गया है कि मरीज की चाहे कोई भी उम्र हो उसे टाले नहीं और उसका इलाज कराया जाना चाहिए।

# सुधार लागू करने के लिए ईपीएफओ की ऑनलाइन संयुक्त घोषणा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के केवाईसी में किसी भी सुधार के लिए ऑनलाइन संयुक्त घोषणाएं करने के प्रयासों का नाम, जन्मतिथि, लिंग, माता-पिता के नाम आदि का राष्ट्रीय नियोक्ता महासंघ, छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष प्रदीप टंडन ने स्वागत किया है। टंडन ने कहा। इससे नियोक्ताओं और सदस्यों को आरपीएफसी के कार्यालयों में घोषणा पत्र जमा करने में आने वाली कठिनाइयों में कमी आएगी क्योंकि अब वे इसे अपने घर बैठे ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। यह टेक्नोलॉजी के विस्तार के साथ प्रणाली को सरल बनाने के लिए ईपीएफओ की उपलब्धियों में से एक है ताकि इंटरफ़ेस को कम किया जा सके और टेक्नोलॉजी के माध्यम से सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

टंडन ने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत और व्यापार करने में आसानी के प्रयास की दिशा में एक कदम है। फेडरेशन के अध्यक्ष आशीष विग ने श्रमिक वर्ग के कल्याण के लिए प्रधान मंत्री के मिशन को पूरा करने में उनकी पहल के लिए पूरे ईपीएफओ को बधाई दी।

# चरित्र शंका पर कलयुगी पुत्र ने मां को उतारा मौत के घाट

## चक्रधर नगर के बरलिया गांव का मामला, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूर स्थित बरलिया गांव में बुधवार की शाम एक कलयुगी पुत्र ने अपनी मां पर चरित्र पर शंका करते हुए धारदार टांगी से ताबडतोड वार करते हुए मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद से आरोपी युवक फरार हो गया है। जिसे बाद पुलिस ने गांव से गिरफ्तार कर लिया है। मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बरलिया में बीती रात एक कलयुगी पुत्र ने अज्ञात कारणों से अपनी ही मां नंदिनी सारथी पति स्व. प्रेमलाल सारथी 45 साल की टांगी से ताबडतोड वार करते हुए मौत के घाट



उतार दिया। घटना के बाद से आरोपी मौके से फरार हो गया है। जिसे घटना के कुछ ही देर बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

मृतका के परिजन कृष्णा सारथी पिता सुनाराम सारथी उम्र 25 साल ने बताया कि वह केबल कनेक्शन का काम करता है। गांव में उसकी बुआ नंदिनी सारथी अपने बेटे विजय सारथी और बेटी नेहा के साथ रहती थी। कल उसकी नंदिनी की बेटी ने फोन करके बताया कि उनके घर में खून से लथपथ अवस्था में नंदिनी की लाश पड़ी हुई है और उसके चेहरे में धारदार हथियार के निशान मिले हैं। उसने इस घटना की जानकारी तत्काल 112 में दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची चक्रधर नगर पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर थाने लाकर पूछताछ शुरू कर दी।

पूछताछ में आरोपी विजय सारथी ने बताया कि गांव में उसकी मां के चरित्र को लेकर कई बातें सुनने में मिल रही थी जिससे वह रोष में था। बीते शाम करीब 4-5 के बीच दोनों मां-बेटे में इसी बात को लेकर झगड़ा विवाद हुआ और झगड़ा-विवाद में विजय सारथी ने कुल्हाड़ी से मां के गर्दन, सिर व शरीर के कई अन्य हिस्सों में चोट पहुंचाकर हत्या करना बताया। आरोपी से घटना में प्रयुक्त टांगी, खून लगे कपड़े व अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्यों की जप्ती कर आरोपी को हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड न पर भेजा गया है।

# जनपद पंचायत सिमगा के सामान्य सभा का बैठक संपन्न हुआ




**तिल्दा नेवरा।** जनपंद पंचायत सिमगा के सभा कक्ष में सीईओ अमित दुबे ने सामान्य सभा की बैठक ली बैठक में जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सदस्यगण उपस्थित थे, बैठक में विशेष रूप से जनपद पंचायत विकास निधी योजना 15वें वित्त (जनपद मद), गौण खनिज मद तथा सभी विभागीय योजनाओं पर चर्चा किया। चर्चा के दौरान सीईओ अमित दुबे ने अयोध्या रामलला दर्शन पर विशेष चर्चा की तथा विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने की बात कही। तत्पश्चात महिला एवं बाल विकास के अधिकारी श्रेष्ठ सम्भकर ने महतारी वंदन योजना की विस्तृत जानकारी दिया जिसमें उन्होने कहा सिमगा क्षेत्र अंतर्गत लगभग सभी आवदेन पत्र प्राप्त पात्र महिला हितग्राहियों का आवेदन स्वीकार्य हुआ है, इस बैठक में जनपद अध्यक्ष वीणा आडिल उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल जनपद सदस्यगण एवं एसडीओ लव डोंगरे, युगल किशोर वर्मा, पिताम्बर मानिकपुरी, ओमप्रकाश साहू, वन विभाग से इमेश्वर शर्मा, जल संसाधन विभाग से विनय कुमार, मतस्य विभाग से संजय चन्द्रवंशी उद्यानिकी विभाग से मंजुलता, शिक्षा विभाग से ढालसिंग ठाकुर राकेश सिंह बीआरसी सहसराम पाटकर विशेष रूप से उपस्थित रहें।

# मुख्य सचिव ने नियद नेल्ला नार योजना के क्रियान्वयन की वीडियो कांफ्रेंसिंग से किया समीक्षा

## योजना से लाभान्वित हितग्राहियों के चेहरे में हो स्माइल

पायनियर संवाददाता ∢ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कहा कि नियद नेल्ला नार योजना से ग्रामीण क्षेत्र के लाभान्वित हितग्राहियों के चेहरे में स्माइल होना चाहिए तभी बस्तर क्षेत्र के लिए सरकार ने प्रारंभ किए 'नियद नेल्ला नार' योजना सार्थक कहलाएगा। नियद नेल्ला नार' यानि 'आपका अच्छा गांव' योजना के जरिए विकास कैंप (पुलिस कैंप) के आसपास के गांव में मूलभूत सुविधाओं के साथ जोड़ा जाना है। शुक्रवार को मुख्य सचिव ने नियद नेल्ला नार योजना के क्रियान्वयन के संबंध में बस्तर संभाग के जिलों के कलेक्टरों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने योजना के तहत विकास कार्यों, शिविरों के आयोजन की समीक्षा की।




वीडियो कांफ्रेंसिंग में जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कमिश्नर श्याम धावड़े, कलेक्टर विजय दयाराम के., डिप्टी कमिश्नर माधुरी सोम उपस्थित थे। कमिश्नर धावड़े ने शिविरों में जनता के द्वारा की जा रही प्रमुख मागों के संबंध में अवगत कराया। कलेक्टर विजय ने जिले में नियद नेल्ला नार के तहत चिन्हाकित ग्राम पंचायतों में हुए विकास कार्यों के क्रियान्वयन की जानकारी दी। मुख्य सचिव ने भी जिला प्रशासन के पहल की सराहना कर अन्य जिलों को इसी प्रकार कार्य करने के निर्देश दिए।

### अग्निवीर पुरूष भर्ती के परिणाम घोषित, जिले के 31 उम्मीदवार सफल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली का परिणाम घोषित कर चयन सूची जारी की गई है, जिसमें कांकेर जिले के 31 युवाओं ने सफलता हासिल किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 17 दिसम्बर एवं 20 दिसम्बर को जांजगीर चांपा जिले के पुलिस लाईन, खोखरा में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली में जिले के 369 प्रतिभागी शामिल हुए थे, जिसमें 31 युवाओं का चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि क्लर्क के परिणाम कुछ ही दिनों में आने की संभावना है, चयन परिणाम ऑनलाईन भी उपलब्ध है। इसके अलावा सेना भर्ती कार्यालय रायपुर एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोड़ेजुंगा कांकेर के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किए गए हैं। सभी चयनित अभ्यर्थियों को 5 मार्च को सुबह 7.30 बजे रायपुर में शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम नया रायपुर के पास स्थित सेना भर्ती कार्यालय में प्रारंभिक ब्रीफिंग और डिस्पैच प्रलेखन के लिए उपस्थित होना अनिवार्य है। सभी सफल अभ्यर्थियों की प्रशिक्षण 01 मई से अलग-अलग ट्रेनिंग सेंटरों में शुरू होगी।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित व प्रेरित करना : प्रो हिरवानी



पायनियर संवाददाता ∢ जगदपुर
www.dailypioneer.com

जनसाधारण को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाना है। विज्ञान के बिना विकास की राह में तीव्रता से आगे नहीं बढ़ा जा सकता है। विज्ञान से गलत धारणा और अंधविश्वासों (अन्धविश्वासों) का विनाश होता है। विज्ञान और तकनीक को प्रसिद्ध करने के साथ ही देश के नागरिकों को इस क्षेत्र मौका देकर नई ऊँचाइयों को हासिल करना भी इसका मुख्य उद्देश्य है। देश के विकास के लिए वैज्ञानिक सोच का प्रसार आवश्यक है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस जैसे आयोजन वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रसार में निश्चित रूप से सहायक सिद्ध हो सकते हैं। विज्ञान के द्वारा ही हम समाज के लोगों का जीवन स्तर अधिक से अधिक खुशहाल बना सकते हैं। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस विज्ञान से होने वाले लाभों के प्रति समाज में जागरूकता लाने और वैज्ञानिक सोच पैदा करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस दिन सभी विज्ञान संस्थानों, जैसे राष्ट्रीय एवं अन्य विज्ञान प्रयोगशालाएं, विज्ञान अकादमियों, स्कूल और कॉलेज तथा प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों से संबंधित प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। महत्त्वपूर्ण आयोजनों में वैज्ञानिकों के भाषण, निबंध, लेखन, विज्ञान प्रश्नोत्तरी, विज्ञान प्रदर्शनी, सेमिनार तथा संगोष्ठी इत्यादि सम्मिलित हैं। विज्ञान के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए राष्ट्रीय एवं दूसरे पुरस्कारों की घोषणा भी की जाती है। विज्ञान की लोकप्रियता को बढ़ाने के लिए विशेष पुरस्कार भी रखे गए हैं। प्रति वर्ष की भाती इस वर्ष भी शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर के भौतिक विभाग द्वारा National science day पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लेखराम हिरवानी, सहायक प्राध्यापक भौतिक शाखा स्व. डी. बी. टी. शासकीय महाविद्यालय गुरुर, जिला-बालोद (छ.ग.) गोवर्धन यदु , सहायक प्राध्यापक भौतिक शास्त्र, शासकीय राजीवलोचन स्नातकोतर महाविद्यालय राजिम जिला गरियाबंद (छ.ग.) को आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के रूस्र. के सभी छात्र - छात्राओं के साथ विभागाध्यक्ष एव अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि द्वारा Science Day के इतिहास को बताने हुए स्र्द्धद्धद्वष्द्ध का दैनिक जीवन में महत्व को बताया गया। मुख्य अतिथि द्वारा छात्रों को ' Science anç technology ' को और विस्तार करने को कहा गया।

# पीएम आवास की राशि का दुरुपयोग हुआ तो होगी कार्रवाई : सीईओ जिला पंचायत

पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत जिले में स्वीकृत आवासों को 31 मार्च तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार ने विभागीय अमले की दिनभर फील्ड विजिट के उपरांत शाम को वीसी के माध्यम से समीक्षा कर रहे हैं। समीक्षा बैठक में कुछ हितग्राहियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास के लिए प्राप्त राशि दुरुपयोग करते हुए अन्य खर्च कर दिए जाने की बात सामने आ रही है। इस बात को गंभीरता से लेते हुए जिला सीईओ ने सभी अधिकारी कर्मचारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि भारत सरकार द्वारा आवासहीन परिवारों के लिए दी जा रही है, ताकि उनका परिवार सुरक्षित वातावरण में रह सके। जिन हितग्राहियों द्वारा योजना की राशि का दुरपयोग किया गया है, उन्हें आवास निर्माण करने की समझाइश दे। उसके बाद भी जो हितग्राही आवास निर्माण नहीं कर रहे हैं, उनका चिन्हाकन कर जनपद के माध्यम से प्रकरण तैयार कर विधि संगत कार्रवाई करें।



# आईटीबीपी की 29वीं वाहिनी द्वारा छोटेडोंगर में सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत चिकित्सा शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




नक्सल प्रभावित जिला कोंडागांव एवं नारायणपुर में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा नक्सल उन्मूलन अभियान के साथ-साथ अंचल के जरूरतमंद लोगों की मदद और हर संभव उनकी सहायता भी करते रहे हैं। इसी क्रम में उप-महानिरीक्षक राणा युध्दवीर सिंह सन्धु क्षेत्रीय मुख्यालय 29वीं वाहिनी के सेनानी महेन्द्र प्रताप एवं द्वितीय कमान सैय्यद जावेद अली के मार्गदर्शन में सीओबी छोटेडोंगर में सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत कृषि यंत्र संबंधित वस्तुओं का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के तहत मुण्डाटिकरा, गौरदण्ड, कांकेरखेडा होरनार व सहपाल के 150 स्थानीय ग्रामीणों का निशुल्क में चिकित्सा जाँच की गई एवं दवाइयां भी वितरित की गई। इस कार्यक्रम में 29वीं वाहिनी के नि, जीडी परविंदर सिंह ने कहा कि, भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल इस क्षेत्र में आप सबकी सेवा व सुरक्षा के लिये तैनात है। किसी भी ग्रामीण की कोई समस्या होती है तो हमसे मिल सकते हैं। भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल हमेशा आप हमेशा आप लोगों की सेवा के लिये तत्पर है ग्रामीणों को वाहिनी द्वारा छात्रों एवं युवाओं के लिए चलाए जा रहे भर्ती परीक्षा में निशुल्क कोचिंग के बारे में बताते हुए अभिभावकों को अपने बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में शामिल होने व इसे सफल बनाने के लिये सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चिकित्सा शिविर द्वारा शिविर में आये सभी ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति व गर्मियों के मौसम में होने वाली बिमारियों के के संबंध में जागरूक किया साथ ही स्वयं की साफ-सफाई, रहन-सहन व खान-पान के प्रति भी सजग रहने हेतु प्रेरित किया एवं नशा मुक्ति अभियान के तहत ग्रामिणो को नशा से मुक्त होने हेतु उचित परामर्श दिये गये। इस अवसर पर क्षेत्रीय मुख्यालय के उप-सेनानी बलवान सिंह, भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल के पदाधिकारियों के अतिरिक्त डॉ अमन दास थाना प्रभारी, स्थानीय गांव के सरपंच महिला मंडल सदस्य एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी मौजूद रहें।

# कलेक्टर ने दी 63 लाख रुपए से अधिक की प्रशासकीय स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ∢ कांकेर
www.dailypioneer.com

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत कांकेर विधायक आशाराम नेताम की अनुशंसा पर कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा जिले के नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक वाचनालयों के लिए फर्नीचर एवं पुस्तक क्रय के लिए कुल 07 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत दलदली, दबेना, देवरी बालाजी और भनसूली में सार्वजनिक वाचनालयों के लिए फर्नीचर क्रय हेतु 01-01 लाख रूपये तथा ग्राम पंचायत देवगांव (दलदली), दबेना, देवरी बालाजी, भनसूली, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोना, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भनसूली, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरही, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुदेली, चंवाड़ और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवगांव में सार्वजनिक वाचनालयों हेतु पुस्तक क्रय करने के लिए 30-30 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृत प्रदान की गई है। इसके अलावा अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेण्डी की अनुशंसा पर कलेक्टर ने विकासखण्ड अंतागढ़ के 20 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पुस्तकालय हेतु बहुउद्देशीय एवं प्रतियोगी पुस्तक प्रदाय कार्य के लिए 20 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज सिंह मंडावी की अनुशंसा पर कलेक्टर द्वारा चारामा विकासखण्ड के हाई स्कूल मैदान गोलकुम्हड़ा में समतलीकरण कार्य हेतु 12 लाख 66 हजार 667 रूपये, बाजार चौक कसावाही में समतलीकरण कार्य हेतु 19 लाख रूपये तथा ग्राम पंचायत गितपहर में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 05 लाख रूपये इस प्रकार कुल 36 लाख 66 हजार 667 रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# एनएमडीसी के क्षमता विस्तारीकरण के लिए जनसुनवाई सम्पन्न



पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी लिमिटेड के डिपॉजिट 14 एवं 14 एनएमजेड एमएलएस बैलाडीला आयरन ओर माइन किरंदुल कॉम्प्लेक्स किरंदुल जिला प्रशासन दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा के द्वारा क्षमता विस्तार के संदर्भ में शुक्रवार दिनांक 01 मार्च 2024 को बीआईओपी स्कूल किरंदुल में जनसुनवाई आहूत की गई।जिसमें दंतेवाड़ा अपर कलेक्टर एवम छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल क्षेत्रीय अधिकारी,जनप्रतिनिधिगण व प्रबंधन के अधिकारी उपस्थित हुए इस दौरान सभी ने अपने अपने मत रखा तथा शांतिपूर्ण ढंग से जनसुनवाई सम्पन्न हुई।

# आंगनबाड़ी केंद्र उडुमगांव में हुआ पोषण वाटिका का निर्माण

पायनियर संवाददाता ∢ पखांजूर
www.dailypioneer.com



महिला बाल विकास विभाग या पिरामल संस्था के सहयोग से पखांजूर परियोजना के अंतर्गत उडुमगांव आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण वाटिका का निर्माण हुआ। उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्र उडुमगांव के अंतर्गत सभी हितग्राही के साथ-साथ वहां के बच्चों को पोषण वाटिका से उगा हुआ सब्जी भाजी के माध्यम से संतुलित आहार मिले, बच्चों में कुपोषण या महिलाओं में एनीमिया का मात्रा कम हो। अलग-अलग प्रकार की सब्जी लगाने के साथ-साथ बच्चों या हितग्राही के लिए संतुलित भोजन भी बनाया गया था। इस कार्यक्रम में बच्चों, गर्भवती, शिशुवती महिला के लिए संतुलित आहार की आवश्यकता, भोजन विविधता, कुपोषण, एनीमिया जैसे विषय पर चर्चा की गई। ये कार्यक्रम पंखाजूर परियोजना के सीडीपीओ प्रभारी श्रीमती रामकुंवर साहू, पीरामल स्वास्थ्य के गांधी फै लो गोपीनाथ पात्रा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेणुका राय, मितानिन रसाईबाई, एसएचजी महिला माहेश्वरी टांडिया के सक्रिय भागीदारी, एवं गांव की अन्य हितग्राही, किशोरी बालिकाओं की उपस्थिति से ये कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। रामकुंवर साहू, बोले कि आने वाले दिनों में हम और भी आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण वाटिका बनायेंगे ताकि हर बच्चा एक स्वस्थ नागरिक बने। कार्यकर्ता रेणुका राय ने कहा कि इस पोषण वाटिका को और विकसित करेंगे ताकि इस वाटिका से पोषक तत्व लेके उडुमगांव का हर बच्चा कुपोषण मुक्त हो। इस कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने 'सही पोषण, देश रोशन' नारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# 10 वीं-12वीं परीक्षा देने वाले छात्रों को शुभकामनाएं



पायनियर संवाददाता ∢ पखांजूर
www.dailypioneer.com

आदिवासी छात्र युवा संगठन के कार्यकर्ताओ द्वारा मरोड़ा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पहुँचकर बच्चों से मुलाकात की। छत्तीसगढ़ में 1 मार्च से 10 वी और 12 वी का एग्जाम शुरू होने वाला है इसलिए बच्चों से मुलाकात करके बोर्ड एग्जाम देने वाले छात्राओं को शुभकामनाएं दिए और साथ ही संगठन के महामंत्री विनोद कुमेटी ,गीता दुग्गा ने बात रखते हुए कहा कि सभी छात्र निरंतर मेहनत करें ताकि परीक्षा में अच्छे अंक हासिल हो , और बताया कि छात्र जीवन मे सफ्ल और असफलता लगी रही हैं असफलता होने पर कभी हार न माने अपने लक्ष्य तक जरूर पहुँचे वही जीत नाग और निखलेश नाग ने कहा अभी शिक्षा के क्षेत्र में बहुत कुछ किया जाना बाकी हैं क्योंकि स्कूल जाने वाले अधिकांश बच्चे उम्र के अनुसार सही कक्षा में पढ़ाई नहीं कर रहे हैं यह हर समाज के लिए शिक्षा के क्षेत्र में अपने बस्तर सभाग बहुत पिछड़ा है हम सभी अपने भाई बहन को स्कूल भेजे ताकि समाज में शिक्षा का स्तर ऊंचा उठ सके।

## कार्य के दौरान चट्टान धसकने से हुई दुर्घटना

# निर्माणाधीन छनन संयंत्र-3 में हुई दुर्घटना की जांच के लिए प्रदेश इंटक ने बनाई जांच समिति

पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रदेशाध्यक्ष डा. संजय कुमार सिंह ने 27 फरवरी को किरंदुल के निमार्णाधीन छनन संयंत्र-03 में निर्माण कार्य के दौरान चट्टान धसकने से हुई दुर्घटना में 4 मजदूरों की दुःखद निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो उसके लिए स्वतः संज्ञान लेते हुए प्रदेश इंटक की ओर से जांच कमेटी बनाये जाने हेतु प्रदेश इंटक के सेक्रेटरी जनरल आशीष यादव को निर्देशित किया। उनके निर्देर्शानुसार आशीष यादव द्वारा मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) की किरंदुल शाखा के अध्यक्ष विनोद कश्यप के नेतृत्व में 7 सदस्यीय जांच समिति का गठन करते हुए जांच समिति की रिपोर्ट 7 दिवस के भीतर राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष को सौंपने का निर्देश दिया है। जांच समिति इस दुःखद दुर्घटना की विस्तृत जांच कर दुर्घटना के कारणों तथा भविष्य में ऐसी किसी भी घटना की पुनरावृत्ति रोकने हेतु आवश्यक कार्रवाई की अनुशंसा, घटना से सम्बंधित अन्य प्रासंगिक जानकारी का प्रतिवेदन सौपेगी। इस जांच समिति में मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन ( इंटक) किरंदुल एवं बचेली शाखा के पदाधिकारी एल रमेश, अरविंद गुप्ता, तोमनश्री, नथेला राम नेताम, दीनानाथ तिवारी, राकेश लाल सम्मिलित हैं।

# एमएमडब्ल्यू यूनियन शाखा किरंदुल द्वारा सेवानिवृत्त वरिष्ठ सदस्य का किया गया सम्मान



पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com

मेटल माइन्स वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा किरंदुल द्वारा परम्परानुसार किरंदुल परियोजना में दीर्घ अवधि तक सेवाएं देकर सेवानिवृत्त हुये वरिष्ठ सदस्य रामेश्वर लाल यादव का स्मृति चिन्ह, शॉल, तिरंगा गमछा से एमएमडब्ल्यूयू शाखा किरंदुल के सचिव ए.के. सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष चिन्नास्वामी एवं समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनके साथ छनन संयंत्र में सहकर्मी के रूप में कार्य करने वाले साथियों द्वारा वरिष्ठ सदस्य रामेश्वर लाल यादव के कार्यकाल के समय साथ बिताये गए पलों को याद करते हुए अपने अनुभव साझा किए तथा उनकी कर्मठता तथा अनुशासन, उनकी नियमित दिनचर्या, यूनियन और समाज के प्रति उनके समर्पण एवं योगदान से युवा साथियों को प्रेरणा लेने की बातें कही। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष ओम कुमार साहू कुमार, नथेला राम नेताम, जी रवि, त्रिलोक बांधे, एम के मल्लाह, अशोक रात्रे, अरुण कुमार, ओमप्रकाश, नागनाथ, ईमरान सहित श्रम संघ के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

# पूर्व में बरामद 3 करोड़ 80 लाख के नकली नोट का मुख्य आरोपी विजय बर्मन सहित अन्य गिरफ्तार

## आरोपी पूर्व में भी इस प्रकार की घटना को दे चुके है अंजाम



### आरोपीगण

प्यारेलाल कुर्रे पिता समय लाल कुर्रे उम्र 36 वर्ष निवासी परसदा थाना हसौद हाल मुकाम गोगांव थाना गोगांव जिला रायपुर, राजू बंजारे पिता शनी राम बंजारे उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम धमनी थाना हसौद हाल मुकाम गोगांव थाना गोगांव जिला रायपुर, विजय कुमार बर्मन पिता दूजे राम बर्मन उम्र 46 वर्ष निवासी पर सदा थाना हसौद हाल मुकाम सेक्टर 29 नया रायपुर जिला रायपुर।

### आरोपियों से जप्त संपत्ति

1-एक छोटा हाथी वाहन, एक मोटरसाइकिल, आरोपियो के कब्जे से 500-500 रू के 02 गड्डी 1 लाख रू नकली नोट जब्त, एक मोटरसाइकिल डिस्कवर, जेके बॉन्ड पेपर. घटना में प्रयुक्त नकली नोट बनाने की स्याही. अन्य सामान।

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक महासमुंद द्वारा अवैध गतिविधियां .नशे के समान पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने हेतु निर्देशित किए हैं थाना सरायपाली में 31जनवरी 24 को बड़ी कार्यवाही करते हुए आरोपी अरुण सिदार पिता जयपाल सिदार उम्र 19 वर्ष निवासी सरायपाली थाना सारंगढ़ के कब्जे से उसके पिकअप क्रमांक छ्त्त 13, 4670 मैं 3 करोड़ 80 लाख रुपए के नकली नोट बरामद हुआ था और आरोपी के विरुद्ध थाना में धारा 489 क्क 489 छ्.34 भादवी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था.। पुलिस द्वारा घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज एवं घटनास्थल एवं उसके आने जाने वाले सभी संदिग्ध स्थानों का तकनीकी विश्लेषण कर 29 फरवरी 24 को घटना के मुख्य आरोपी विजय कुमार बर्मन पिता दूजे राम बर्मन 46 वर्ष निवासी परसदा थाना हसौद हाल मुकाम सेक्टर 29 थाना राखी नया रायपुर,-प्यारेलाल कुर्रे पिता सम्मेलाल उम्र 36 वर्ष निवासी परसदा थाना हसौद,-राजू बंजारे पिता सनी राम बंजारे उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम धमनी थाना हसौद* को हिरासत में लेकर पूछताछ पर रुपए की लालच में घटना कारित किए हैं आरोपियों के मेमोरेंडम की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलजरब जप्त किया गया एवं आरोपियों को गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया. मुख्य आरोपी पूर्व में भी इस प्रकार की घटना को दे चुका है अंजाम. उक्त प्रकरण में लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा था जिसमें अहम सफलता

# भगवान की भक्ति मे विश्वास और श्रद्धा का होना अति आवश्यक है : आचार्य नंदकुमार शर्मा

पायनियर संवाददाता ✓ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



समीपस्थ ग्राम निनवा मे चल रही पंच दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के तृतीय दिवस गुरुवार को कथा वाचक आचार्य पंडित नंदकुमार शर्मा जी, निनवा वाले ने शिव सती चरित्र कथा का वर्णन किए. उन्होंने बताया कि भगवान शंकर अपनी प ी सती को साथ लेकर राम कथा सुनने के लिए अगस्त मुनि के आश्रम पर जाते है. भगवान भोलेनाथ एकाग्रचित होकर मन लगाकर भगवान की कथा सुनते है लेकिन माता सती का ध्यान कथा मे नही होने के कारण उन्हें भगवान राम के ऊपर शंका हो गई कि ये पारब्रहम परमात्मा राम नहीं है केवल दशरथ पुत्र राम है. आचार्य ने कहा कि जो मनुष्य भगवान की कथा को ध्यान पूर्वक मन लगाकर नहीं सुनता है उसे भगवान और उनकी लीलाओं मे संदेह अवश्य होता है जिनका परिणाम बड़ा ही गंभीर हो जाता है. माता सती ने शंका किए जिसके कारण आगे चलकर अपने पिता राजा दक्ष के यज्ञ मे हवन कुंड मे अपने शरीर जलाकर प्राणांत कर ली. आचार्य ने बताया कि भगवान की चरित्र कथा को पुस्तक से पढ़ने से मनुष्य को ज्ञान प्राप्त हो सकता है लेकिन भक्ति नहीं मिलती. जब तक भगवान की कथा को मन लगाकर श्रवण नहीं करेंगे तब तक भक्ति नहीं मिलती और जब तक भक्ति नहीं आएगी तब तक किसी को भी भगवान मिलने वाला नहीं है. बिना भक्ति भगवान का सानिध्य प्राप्त नहीं होगा. भगवान को जिस भाव से देखोगे, वो वैसे ही नजर आएंगे। भावपूर्ण भक्ति करने वाले भक्त ों पर वे हमेशा कृपा करते हैं। आगे आचार्य ने जालंधर वध की काठ सुनाते हुए कहा कि भगवान भोलेनाथ के पसीने से ही जालंधर का जन्म होता है जिनकी प ी का नाम बृंदावती है.. बृंदावती के सतीत्व के कारण जालंधर को कोई नहीं मार सकता था लेकिन एक बार भगवान नारायण ने जालंधर कर रूप बनाकर बृंदावती के सतीत्व का नष्ट किए उसी समय भगवान शंकर ने जालंधर का वध किया और संसार को उनके अत्याचार से मुक्त किए. आगे आचार्य पार्वती जन्म और शिव पार्वती विवाह प्रसंग की व्याख्या किए.. आचार्य ने कहा कि माता पार्वती भगवान शंकर को पति रूप मे प्राप्त करने के लिए कई वर्षो तक तपस्या की जिनसे भगवान शंकर प्रसन्न हुए और उन्हें प ी रूप मे स्वीकर करने का आशिर्वाद दिया. आचार्य शर्मा ने कहा कि भगवान शंकर विश्वास का प्रतीक है और पार्वती श्रद्धा का प्रतीक है. तात्पर्य यही है भगवान की भक्ति और पूजा मे श्रद्धा और विश्वास का होना अति आवश्यक है।

# विभिन्न कार्यों के लिए सरला कोसरिया की अनुशंसा पर प्रभारी मंत्री ने की राशि स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा के प्रदेश प्रभारी एवं चुनाव प्रबंधन के प्रदेश सह-संयोजक सरला कोसरिया ने बताया कि विगत 5 वर्षो से सरायपाली क्षेत्र की जनता मूलभूत सुविधाओं जैसे बिजली,सड़क और पानी के लिए तरस रही थी , इन 5 वर्षो में कांग्रेस की सरकार ने विकास के एक ईंट भी नही लगा पायी थी, क्षेत्र के विकास के लिए मिलने वाले केंद्र सरकार की राशि भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई,कांग्रेस की सरकार और उसके लोग क्षेत्र की विकास छोड़ अपनी ही विकास में लगे हुए थे इनके कार्यकाल में भ्रष्टाचार के नए नए कीर्तिमान स्थापित किये है इसलिए प्रदेश की जनता ने इन्हें सरकार से बाहर का रास्ता दिखा दिया। लगातार क्षेत्र में ग्रामीणों के द्वारा विकास कार्य की मांग की जा रही थी जिसको देखते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष,महिला मोर्चा के प्रदेश प्रभारी एवं चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश सह-संयोजक सरला कोसरिया के अनुशंसा पर प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल ने सरायपाली विधानसभा के निम्न ग्रामों में निर्माण कार्य की स्वीकृति दी है। जिसमे कोटद्वारी में सी. सी. रोड़ निर्माण के लिए 5 लाख रुपये, हरीबनपुर में सी.सी. रोड़ के लिए 5 लाख रुपये, चिवरकुटा में सी.सी. रोड़ निर्माण के लिए 5 लाख रुपये, जम्हारी में सी.सी. रोड़ के लिए 5 लाख रुपये, आवलाचक्का में सी.सी. रोड़ के लिए 5 लाख रुपये, बड़ेसाजापाली में सी.सी. निर्माण के लिए 6 लाख रुपये, हरदा में सी.सी. रोड निर्माण के लिए 2 लाख रुपये।तथा प्रभारी मंत्री ने आश्ववत किया है कि आने वाले समय में सरायपाली के जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा या मूलभूत जैसे कार्य के लिए भटकना नही पड़ेगा क्योकि छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी वाली और विष्णु का सुशासन वाली डबल इंजन की सरकार चल रही है। मेरी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में जनता की समस्याओं को दूर करने और विकास पथ पर अग्रसर रहने ÷सदैव तत्पर÷ रहूंगी। इस स्वीकृत निर्माण कार्य के लिए कोसरिया ने प्रभारी मंत्री को धन्यवाद प्रेषित की है।

# रमेश सिदार के जन्मदिन कार्यक्रम में बच्चों को न्योता भोजन कराया

पायनियर संवाददाता ✓ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



संकुल केन्द्र जमदरहा के अंतर्गत आने वाली प्राथमिक शाला गायत्रीपुर में रमेश सिदार के जन्मदिन कार्यक्रम में बच्चों को न्योता भोजन कराया गया।शासन के द्वारा आदेश निकालकर एक अच्छी पहल की शुरवात की गई है। जिससे बच्चों को बीच-बीच में गांव में होने वाले आयोजन कार्यक्रम में बच्चों को पौष्टिक आहार दिया जाना बहुत ही उत्कृष्ट पहल है। संकुल केंद्र जमदरहा के समन्वयक डिजेन्द्र कुर्रे ने बैठक में जानकारी देकर शिक्षकों को प्रेरित किया गया जिससे आज प्रेरित होकर प्राथमिक शाला गायत्रीपुर के शिक्षक रमेश सिदार एवं विजय चतुर्वेदी की पहल से न्योता भोजन दिया गया। बच्चे भोजन ग्रहण करके बहुत खुश है। इससे मध्यान भोजन योजना में एक दिन का बचत हो जायेगा। शासन की अच्छी पहल की शुरवात बसना विकासखंड के कई स्कूलों में प्रारम्भ हो चुकी है। इसी तारतम्य में जमदरहा संकुल का भी शुरवात हो गई। इस पहल के लिए बसना विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद शुक्ला, बद्रीविशाल जोल्हे, लोकेश्वर कंवर, बीआरसीसी ललित देवता, नोडल प्राचार्य उत्तर कुमार चौधरी एवं समन्वयक पूर्णानंद मिश्रा, अनिल साव आरिफ बेग, रोहित पटेल, तिरिथ राम पटेल, लक्ष्मण पटेल, लोकनाथ खूंटे,प्रहलाद साहू, उत्तर कुमार चौधरी, लीलाधर पटेल, डोलामणि पटेल, जगन्नाथ प्रसाद राणा,देवकी साहू, रुपलता कुर्रे, सतकुमारी चतुर्वेदी, तेजस्विनी बरिहा, शिमला चौहान, गंगाधर प्रसाद, बसंत साहू, बुधेश्वर साहू, प्रदीप साव, जगदीश मांझी के अलावा सभी शिक्षको ने हर्ष व्यक्त किया ।

# कम्प्यूटर कौशल परीक्षा 5 मार्च को

**धमतरी।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-जलग्रहण विकास घटक के तहत पीआईए के अधीन जलग्रहण परियोजनाओं के ि यान्वयन हेतु परियोजना ि यान्वयन एजेंसी स्तर पर सदस्य, आजीविका (संविदा) की पूर्ति के लिये कम्प्यूटर कौशल परीक्षा का आयोजन आगामी 5 मार्च को सुबह 11 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भटगांव, धमतरी में किया जायेगा। उप संचालक कृषि ने बताया कि कम्प्यूटर कौशल परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सूची जिले की वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जो अभ्यर्थी कम्प्यूटर कौशल परीक्षा में अनुपस्थित रहेंगे।

# उत्कर्ष योजना के तहत चयन परीक्षा 10 मार्च को

धमतरी । पं.जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना के तहत वर्ष 2024-25 में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिये जिला स्तर पर चयन परीक्षा का आयोजन शासकीय हाईस्कूल सोरिभाठ में 10 मार्च को दोपहर 12 से दो बजे तक किया जायेगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि आयोजित परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अथवा विद्यार्थियों जिस संस्था में अध्ययनरत हैं, वहां से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

# अग्निवीर भर्ती के लिए अधिकारियों ने दिया युवाओं को मार्गदर्शन





पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले के युवाओं को अग्निवीर थलसेना भर्ती में शामिल होकर देशसेवा के लिये प्रोत्साहित करने हेतु निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण सहित कोचिंग की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। इसी कड़ी मे बीते दिन कलेक्टर के निर्देश और पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के मार्गदर्शन में बांसपारा धमतरी में अधिकारियों द्वारा अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए युवाओं का मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, डिप्टी कलेक्टर तेजपाल ध्रुव द्वारा युवाओं को मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए इच्छुक युवाओं को निःशुल्क फिजिकल प्रशिक्षण एवं स्थानीय लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में दिये जा रहे कोचिंग सुविधा की जानकारी दी गई। इसके अलावा विषय विशेषज्ञों द्वारा अग्निवीर वायु सेना भर्ती के लिए आवेदन करने वाले पात्र अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु निःशुल्क की जानकारी भी दी गई। गौरतलब है कि प्रशिक्षण में गणित, विज्ञान, अंग्रेजी विषय के विशेषज्ञों द्वारा अभ्यर्थियों को परीक्षा के संबंध में बारिकी से जानकारी दी जा रही है।

# निगम के भ्रष्टाचार-कमीशनखोरी से मंत्रियों को अवगत कराये भाजपाई पार्षद

## शहर विकास के साथ निगम के जिम्मेदार लोगों की स्वेच्छाचारिता, भर्राशाही, नियम विरुद्ध कार्यों पर अंकुश लगाना है प्राथमिकता : नरेंद्र रोहरा

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com



नगर निगम के भाजपा पार्षदों का प्रतिनिधि मंडल नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, सरकार के वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल तथा जिले के कुरूद विधानसभा के विधायक तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर से मिलकर निगम में जिम्मेदार लोगों के द्वारा शहर के विकास कार्यों में बरती जा रही अनियमितता, भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी से अवगत कराते हुए शहर विकास से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं को गति देने के संबंध में बात रखी गई। वहीं दूसरी और नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा ने कहा कि शहर में भाजपा शासन काल के स्वीकृत कार्यों तथा केंद्र प्रवृत्ति योजनाओं को गति देने में नगर निगम की चाल बहुत धीमी है जिसमें ऑडिटोरियम,अमृत मिशन,बालक चौक शॉपिंग कंपलेक्स, जैसे जनहितकारी तथा विकासपरक कार्यों की बात रखी जिस पर नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव द्वारा तुरंत निर्देश देते हुए कहा कि अतिशीघ्र लंबित कार्यों को पूर्ण किया जाए जिसका असर हुआ कि निगम के आयुक्त विनय पोयाम अपने मातहत अधिकारियों कर्मचारियों के साथ कार्यस्थलों पर पहुंच कर ठेकेदारों को ताकिद देते हुए कहा कि यदि कार्यों में गति नहीं लाया गया तो ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। श्री रोहरा ने इस संबंध में बताया कि नगर निगम की जिम्मेदार लोगों के द्वारा बीते 4 वर्ष में जिस तरीके से जनहित के कार्यों में लापरवाही, अनियमितता, भार्राशाही की गई है उस पर अंकुश लगाकर विकास कार्यों को गति देना हमारी पहली प्राथमिकता है जिसके लिए हम प्रतिबद्धता के साथ समर्पित भाव से कार्य करते रहेंगेए वहीं वहीं दूसरी और पार्षद श्यामा साहू ने कहा कि भाजपाई पार्षदों के साथ नगर निगम ने जनहित के कार्यों को स्वीकृति देने में 4 साल सौतेला व्यवहार किया है इसलिए सरकार के नगरी प्रशासन विभाग द्वारा 19 पार्षदों के वार्ड में अलग से पैकेज स्वीकृत किया जाए।

### ऑनलाईन सिस्टम का होगा सरलीकरण

नगर निगम के विपक्ष के पार्षद गणों की ओर से विभागीय मंत्री को लिखित में आवेदन देकर मांग किया गया कि निगम से संबंधित जितने भी कार्य संपादन ऑनलाइन पद्धति से होता है उसका सारलीकरण किया जाए जिससे निगम में अनावश्यक कार्यों का दबाव कम होते हुए आम जनमानस को राहत व सुविधा भी प्रदान होगी जिसमें जल विभाग, पेंशन शाखा, भवन अनुज्ञा, महतारी वंदन सहित विभिन्न योजनाओं व विभाग के कार्य शामिल है जिस पर आगामी समय में ऑनलाइन के कार्यों को सरलीकरण किया जाने के लिए अश्वस्त किया गया । उक्त मांग रखने वाले पार्षदगणों मे राजेंद्र शर्मा, धनीराम सोनकर, विजय मोटवानी, बिशन निषाद, दीपक गजेंद्र, श्यामलाल नेताम,प्रकाश सिन्हा, हेमंत बंजारे ,अज्जू देशलहरे, मिथिलेश सिन्हा, ईश्वर सोनकर, प्राची सोनी, सरिता आसाई, श्यामा साहू, सुशीला तिवारी, रश्मि दिवेदी, नीलू डागा, रितेश नेताम शामिल रहे।

# सघन पल्स पोलियो अभियान 3 से 5 मार्च तक

## कलेक्टर ने सभी 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावकों से बच्चों को पल्स पोलियो दवा पिलाने की अपील की



पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के एल चौहान के मार्गदर्शन में 3 से 5 मार्च 2024 तक सघन पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। अभियान अंतर्गत प्रथम दिवस 3 मार्च को जिले के निर्धारित कुल 831 बूथ पर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को दवा पिलाई जायेगी। 4 एवं 5 मार्च 2024 को घर-घर भ्रमण कर मितानिन,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, प्रशिक्षु नर्सिंग व पैरामेडिकल छात्राओं द्वारा पिलाया जाएगा। कलेक्टर श्री चौहान ने जिले के सभी 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावकों से पोलियो बूथ में पहुंचकर अपने बच्चों को दवा पिलाने की अपील की है। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकताओं का सहयोग करने का आग्रह किया है। कलेक्टर ने अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला टास्क फोर्स की बैठक ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया कि विश्व पोलियो उन्मूलन अंतर्गत राष्ट्रीय टीकाकरण का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत जिले में 1 लाख 45 हज़ार 6 सौ 95 बच्चे लक्षित हैं। इसमें बलौदाबाजार में 35408,भाटापारा में 27832,कसडोल 31914,पलारी 25255,सिमगा 25286 निर्धारित है। जिले में 118 सुपरवाइजर इसकी निगरानी के लिए लगाए गए हैं साथ ही जिला कार्यालय से भी ड्यूटी लगाई गई है। इस बाबत पोलियो वैक्सीन और आवश्यक प्रशिक्षण सहित पूरी तैयारी कर ली गई है। समस्त टीमों को समय पर पोलियो की दवा उपलब्ध कराने एवं कार्य संपादन की निगरानी हेतु 831बूथों को 118 सेक्टरों में विभाजित एक-एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। जिला स्तर पर खंड चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड कार्यकम प्रबंधक, विकासखंड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारी व विकासखंड डाटा प्रबंधक, जिला मितानिन समन्वयक की बैठक ली गई। जिसमें कार्य योजना एवं अभियान की सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक प्रशिक्षण व दिशा-निर्देश बताए गए। सभी ब्लॉक के ग्रामों के अलावा बस स्टैंड, रेल्वे स्टेशन में पोलियो बूथ बनाने के साथ ट्रांजिट टीमों द्वारा निर्माणाधीन क्षेत्र, खदानों, ईट भट्ठा, स्लम एरिया, मेला, बाजार आदि में छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने हेतु ट्रांजिट टीम का गठन किया गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ के के टेम्भूरने के अनुसार पोलियो वायरस जनित संक्रामक रोग है जो तंत्रिका तंत्र और रीढ़ को प्रभावित करता है ।

# नवपदस्थ कलेक्टर ने विभिन्न कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

## दिव्यांगों को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश



पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नवपदस्थ कलेक्टर के.एल. चौहान ने गुरुवार को पदभ्रर ग्रहण करने के उपरांत संयुक्त जिला कार्यालय भवन में संचालित विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने उप संचालक समाज कल्याण कार्यलय एवं कृत्रिम अंग निर्माण कक्ष का निरीक्षण करते हुए उप संचालक समाज कल्याण को जिले के दिव्यांगों को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिलाकर रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उप संचालक समाज कल्याण अरविंद गेडाम ने बताया कि वर्तमान में एक दिव्यांग को मोटराइज्ड ट्राइसिकल मरम्मत कार्य का प्रशिक्षण देकर मिस्त्री के रूप में रखा गया है जिसे मासिक पारिश्रमिक का भुगतान किया जा रहा है। कलेक्टर चौहान ने राजस्व विभाग अंतर्गत भू अभिलेख, वित्त शाखा, अनुवाद शाखा, नाजरात शाखा ,पुराना अभिलेख शाखा आदि का निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन, सहायक कलेक्टर सुनम्रता चौबे, अपर कलेक्टर व्हीसी एक्का सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# कलेक्टर चंदन कुमार को दी गई सादर विदाई

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में कार्यालयीन कर्मचारियों एवं अधिकारियों के द्वारा कलेक्टर चंदन कुमार को स्मृति चिन्ह भेंटकर सादर विदाई दी गई। कलेक्टर चंदन कुमार ने सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बलौदाबाजार- भाटापारा जिले में कार्य करते हुए लोगों का भरपूर विश्वास और स्नेह मिला। जिले के सभी अधिकारी- कर्मचारी शासकीय कार्य पूरी अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठ के साथ पूर्ण किया। मैं उन्हें ह्रदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूॅ। उन्होंने कहा की इतने अल्प समय मे जो काम हुए है। उसके लिए आप सभी का बराबर योगदान रहा है। इस मौके पर उन्होंने अपने उल्लेखनीय कार्यो की जानकारी देतें हुए एक एक विभाग के अधिकारियों की कामकाज की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान दौरान जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे,अपर कलेक्टर बी सी एक्का,सँयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंडे,भूपेंद्र अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर अमित गुप्ता, आर आर दुबे,नितिन तिवारी,अंशुल वर्मा, सहित समस्त विभागों के जिला अधिकारी गण एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे। गौरतलब है कि कलेक्टर चंदन कुमार ने बलौदाबाजार भाटापारा जिले में 1 मई जनवरी 2023 को कलेक्टर के पद पर कार्यभार ग्रहण किये थे। उन्होंने लगभग 10 माह जिले के कलेक्टर के पद पर कार्य किये।विगत दिनों राज्य शासन के निर्देश पर कलेक्टर चंदन कुमार का स्थानांतरण रायपुर मंत्रालय विशेष स्वास्थ्य सचिव के रूप में हुई है।

# यातायात विभाग की खुली दुकानदारी, छोटे वाहनों पर सख्ती, बड़े ओव्हरलोड वाहनों को छूट

## गावों से शहर की ओर आ रहे छोटे वाहनों को विभाग के जिम्मेदार बना रहे है अपना शिकार

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com



जिले में पिछले कुछ दिन पहले यातायात जागरुकता माह के माध्यम से लोगो को यातायात नियमों का पालन करने की जानकारी यातायात विभाग द्वारा दिया गया। वही जागरुकता अभियान के साथ बिना हेलमेट 3 सवारी बाइक सवारों सहित छोटे वाहनों पर कार्यवाही कर विभाग के जिम्मेदार खुद अपनी पीठ थपथपाते नजर आए। लेकिन इनका ध्यान सिर्फछोटे वाहनों तक सीमित रहा और दूसरी ओर ओवरलोड हाइवा, ट्रक जिला मुख्यालय से धड़ल्ले से गुजरती रही। लेकिन जिम्मेदारों की नजर इन पर नही पड़ी। गांव से शहर की ओर आ रहे छोटे वाहनों पर यातायात विभाग के जिम्मेदार सख्ती दिखाते हुए चालानी कार्यवाही कर रहे है, तो वही दूसरी ओर सड़को पर बेधड़क दौड़ रहे बड़े वाहनों पर नरमी दिखाते हुए खुली छूट दे रखी है। इन वाहनों पर कार्यवाही से ट्रैफिक विभाग को गुरेज है। इन दिनों ट्रैफिक विभाग के जिम्मेदारों ने अपनी दुकानदारी खोल रखी है।

आपको बता दे की जिले के विभिन्न मार्गो पर पर बेधड़क ओवरलोड रेत, गिट्टी और बजरी से भरे हाइवा दौड़ रहे हैं। जिससे जिले का आरटीओ और पुलिस विभाग इससे अच्छी तरह से वाकिफ है। उसके बावजूद भी इन ओव्हरलोड वाहनों पर कार्रवाई नहीं की जा रही। नियमों के मुताबिक ओवरलोड चलाना तो गैरकानूनी है ही साथ में वाहन चालकों के लिए भी मुसीबत हैं। प्रशासन और पुलिस की ओर से न तो इनका चालान किया जा रहा है और नहीं ही इन हाइवा पर को बंद किया जा रहा है। नेशनल हाईवे सहित कई ग्रामीण अंचलों से रोज 100 से अधिक रेत और गिट्टी से भरे ओवरलोड हाइवा निकल रहे हैं। शहर की मुख्य सड़क से वाहन तेज रफ्तार से ओवरलोड परिवहन करते हुए वाहन दौड़ाए जा रहे हैं। जिस कारण मुख्यतः बालोद दल्लीराजहरा नेशनल हाईवे पर ओवरलोड हाइवा से हादसों का अंदेशा बना हुआ है।

### एनएच-30 और 930 से रोजाना गुजरती है ओवरलोड रेत और गिट्टी से भरे ट्रके

जिले से गुजरने वाली एनएच 30 और एनएच 930 पर रोजाना सैकड़ों ओवरलोड हाइवा मुख्यतः धमतरी, दुर्ग राजनांदगांव सहित बालोद जिले की कुछ खदानों से रेत, गिट्टी और आयरन ओर भरकर नेशनल हाइवे होते हुए शहर व ग्रामीण इलाको और अन्य शहरों तक पहुंच रही हैं। साथ ही क्षेत्र के `हर खदानों से भी गिट्टी भरकर ओवरलोड हाइवा दिन और रात के समय परिवहन कर रहे हैं। इन डंपरों के ओवरलोड और तेजी से गुजरने के दौरान रोड पर रेत और गिट्टी का बिखराव भी होता है। जिससे चलते दूसरे दो पहिया वाहन फिसलकर हादसे का शिकार भी बन रहे हैं। जिला मुख्यालय बालोद के नया बस स्टेंड व नेशनल हाईवे 930 में ढाबों पर भी ओवरलोड हाइवा घंटों खड़े रहते हैं। इसके बाद भी अधिकारी कार्रवाई नहीं करते। परिणाम स्वरूप इन दिनों शहर की सड़कों पर दिन और रात के समय हाइवा चालक तेज रफ्तार से साथ वाहनों में ओवरलोड रेत और गिट्टी भरकर अवैध रूप से परिवहन कर रहे हैं। जिससे हादसों की आशंका बनी हुई है। शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है। इसके बावजूद प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा।

# जिले में यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने कलेक्टर एक्शन मोड पर, मार्केट क्षेत्र में पानी निकासी की व्यवस्था को बेहतर करने किया जाएगा काम

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com





संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर एवं कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जिला प्रशासन, निगम प्रशासन और यातायात अधिकारी व व्यापारियों के साथ इंदिरा मार्केट क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने विशेष रूप से इंदिरा मार्केट क्षेत्र के पार्किंग व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर ने इंदिरा मार्केट, पुराना बस स्टैण्ड से होते हुए मोती कॉम्पलेक्स होकर गांधी चौक से लेकर इंदिरा मार्केट पार्किंग क्षेत्र सहित स्टेशन रोड मार्केट क्षेत्र का अवलोकन किया। क्षेत्र के व्यापारियों से रू-ब-रू होकर उनकी समस्याएं सुनी। चर्चा के दौरान व्यापारियों ने बताया कि मार्केट क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था एक प्रमुख समस्या है। इसके अलावा उन्होंने पानी निकासी की समस्या से भी अवगत कराया। जिस पर कलेक्टर ने उन्हें जल्द ही उनकी समस्याओं से निजात दिलाने की बात कही। कलेक्टर ने पार्किंग व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए संबंधित अधिकारियों को व्यस्तम क्षेत्रों का चिन्हांकन कर कार्ययोजना बनाकर कार्य करने हेतु निर्देश दिए।

पुराना बस स्टैंड स्थित पशुपालन कार्यालय के पास और सीएसपी कार्यालय क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था के लिए निर्देशित किया। सड़क किनारे अवैध ठेला लगाने वालों पर जुर्माना किये जाने की बात कही। पीडब्ल्यूडी के जितने भी कार्य बचे हुए है उन्हें जल्द करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। सड़क घेरने वालों पर कार्यवाही करें, अतिक्रमण को हटवाने के निर्देश भी दिये। इस दौरान दुर्ग नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर, एएसपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर, राजस्व विभाग के अधिकारीगण एवं व्यापारीगण मौजूद थे।

# भगवान श्री राम लला का दर्शन कर कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम ने मनाया अपना जन्मदिन

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



रामानुजगंज विधानसभा के विधायक एवं छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम ने बड़े सादगी के साथ उत्तर प्रदेश के अयोध्या धाम में भगवान राम लला का दर्शन कर अपना जन्मदिन मनाया। उनके साथ उनकी अर्धांगिनी श्रीमती पुष्पा नेताम एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल हुए। वैसे सरगुजा संभाग में अखबारों से लेकर फेसबुक ट्विटर इंस्टाग्राम सोशल मीडिया तक विज्ञापनों के माध्यम से बधाई देने वालें समर्थकों का दिन भर ताता लगा रहा। वैसे राम विचार नेताम प्रत्येक साल अपने जन्मदिन पर अपने गृह निवास सनावल में ही अपने समर्थकों के साथ जन्मदिन मनाते रहे हैं लेकिन इस बर 500 सालों का इंतजार के बाद भगवान श्री राम जी की अयोध्या धाम में नवीन मूर्ति की स्थापना के बाद इस बार उन्होंने अपना जन्मदिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का दर्शन कर अपने समर्थकों के साथ जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता ने गुलाबों से भरा हुआ गुलदस्ता भेंट कर उनको जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर राम विचार नेताम ने कहा कि धन्य है वह भारत देश के वासी जिन्होंने भारत देश को माननीय नरेंद्र मोदी जी जैसा प्रधानमंत्री मिला जिनकी जितने भी प्रशंसा की जाए उतना ही कम होगा। आज हमारे देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी ने 22 जनवरी को श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा करने के बाद भगवान श्री राम लाल का आरती कर चावर डुलाया और फिर राम के चरणों में कमल पुष्प रखकर परिक्रमा की और साष्टांग प्रणाम किया। और उन्होंने 11 दिनो का व्रत तोड़ा और उसके बाद उन्होंने करीब 35 मिनट का भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने 114 बार भगवान श्री राम का नाम लिया। इसलिए हमने अपना जन्मदिन भगवान श्री राम रामलाल का दर्शन कर मनाने का फैसला लिया था जो हमने आज किया। इस अयोध्या नगरी में इस अद्भुत दृश्य को भूल पाना हमारे लिए कभी संभव नहीं होगा। और जहां प्रभु राम के चरण पड़े थे। मेरा सौभाग्य है कि इसी पुनीत पवित्र भाव के साथ मुझे सागर से सरयू तक की यात्रा का अवसर मिला।

# शत्रुंजय प्रताप सिंह जूदेव फ्लड लाईट क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन में शामिल होंगे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

## आयोजक यंग तिरंगा समिति आगमन को लेकर तैयारी में जुटी

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शनिवार को जशपुर के रणजीता स्टेडियम में चल रहे स्वर्गीय शत्रुंजय प्रताप सिंह जूदेव मेमोरियल अंतर राज्य क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन में शामिल होंगे. उनके साथ पत्थलगांव विधायक गोमती साय और जशपुर विधायक रायमुनि भगत सहित जिले भर के भाजपा नेता व कार्यकर्ता शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से कुल 48 टीम ने हिस्सा लिया था. जिसमें प्रथम पुरस्कार की राशि है 251000 नगद वहीं द्वितीय पुरस्कार 131000 नगद व ट्राफी प्रदान किया जायेगा साथी मैन ऑफ द सीरीज आने वाले खिलाड़ी को एक हीरो की बाइक प्रदान की जाएगी। जानकारी के अनुसार यंग तिरंगा समिति द्वारा पिछले कई वर्षों से टूर्नामेंट कराया जा रहा है.क्रिकेट टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय है,इससे पहले भी रहें हैं. हर वर्ष होने वाले इस सफल प्रतियोगिता में शामिल होते आये है।

### आयोजक है यंग तिरंगा

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर यंग तिरंगा समिति के सदस्य तैयारी में जुट गए है वही मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर समिति के सभी सदस्य काफी उत्साहित हैं.कल शाम फाइनल मैच में मुख्य अतिथि होंगे विष्णु देव साय अपने हाथों से इस टूर्नामेंट के विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे।

### रहा है विशेष लगाव

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि सीएम साय का इस टूर्नामेंट से पुराना नाता है पिछले कई वर्षों से वह लगातार समापन में इस टूर्नामेंट के आते रहे हैं वही मुख्यमंत्री बनने के बाद भी इस प्रतियोगिता में आ रहे है, वही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का खेलो से काफ़ी लगाव रहा है।

# बिना हेलमेट चल रहे बाइक चालकों को एसपी ने फटकारा

**रायगढ़.** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने लगातार जिला पुलिस यातायात जागरूकता कार्यक्रम एवं मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई कर नियमों का पालन करने की समझाइश दी जा रही है जिसके बावजूद दुपहिया वाहन चालक यातायात नियमों की अनदेखी करते हैं। कल 29 फरवरी को एसपी रायगढ़ दिव्यांग कुमार पटेल स्वयं ट्रैफिक डीएसपी रमेश चन्द्रा एवं यातायात पुलिस के साथ रायगढ़-पूंजीपथरा मुख्य मार्ग पर वाहन चेकिंग में मौजूद रहे। इस दौरान बिना हेलमेट वाहन चला रहे व्यक्तियों को रोका गया जिन्हें कतारबद्ध खड़े कर यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाया गया। ट्रैफिक डीएसपी रमेश चन्द्रा ने वाहन चालकों को फटकारा कि हेलमेट नहीं पहनना मानो फैशन बन गया हैं, आये दिन सड़क हादसों में मौत की वजह तेज गति और वाहन चालक का हेलमेट नहीं पहनना बड़ा कारण बनकर उभरा है।

# मंडी कर्मचारियों को सेवानिवृत होने पर दी गई विदाई



**रामानुजगंज।** कृषि उपज मंडी के उप निरीक्षक सुरेश दास, सहायक ग्रेड 2 वासुदेव राम एवं सहायक ग्रेड 3 सुंदरलाल को सेवा निवृत होने पर विदाई दी गई। उक्त कार्यक्रम में सरगुजा संभाग के जेडीएम कमलेश एक्का शमिल हुए और उन्होंने कहा कि रिटायर हुए कर्मचारियों का खुशहाल जीवन की कामना करता हूं। इस मौके पर उपस्थित मंडी भार साधक अधिकारी रॉबिंसन सुधीर कुजूर,प्रभारी मंडी सचिव विरेन्द्र कुमार ठाकुर सहित अन्य कर्मचारियों के द्वारा माल्यार्पण कर उनका मुंह मीठा करते हुए साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

# भिलाई-चरौदा निगम के नये आयुक्त दशरथ सिंह राजपूत ने किया कार्यभार ग्रहण



**भिलाई-3।** भिलाई चरोदा नगर पालिक निगम में आज शुक्रवार को नए आयुक्त दशरथ सिंह राजपूत ने कार्यभार ग्रहण किया। निगम महापौर निर्मल कोसरे एवं सभापति कृष्णा चन्द्राकर के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर नये कमिश्नर का स्वागत किया गया। साथ ही पूर्व कमिश्नर अजय त्रिपाठी को भी पुष्प गुच्छ भेंटकर बिदाई दी। इस अवसर पर निगम में नेता प्रतिपक्ष राम खिलावन वर्मा, सांसद प्रतिनिधि विपिन चन्द्राकर, पार्षद तुलसी ध्रुव सहित निगम के कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, उप अभियंता डी के. पाण्डेय, उप अभियंता प्रशांत शुक्ला, उप अभियंता हेमंत साहू, सहा. राजस्व अधिकारी अरूणिमा दुबे, सहा. स्वास्थ्य अधिकारी अश्वनी चन्द्राकर, सहायक लेखाधिकारी लिंगेश्वर राव, सहा. अभियंता विक्टर वर्मा, सहा. अभियंता मुकेश रात्रे, सहा. अभियंता, मुकेश चन्द्राकर, किसलय साहू, जन संपर्क अधिकारी विकास त्रिपाठी सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आरईएस के कार्यपालन अभियंता विपिन मिंज को कलेक्टर ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जशपुर के कार्यपालन अभियंता विपिन राज मिंज को प्री.मै. कन्या छात्रावास भवन तमता का निर्माण कार्य नहीं कराये जाने पर नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ने विगत दिवस 06 फरवरी 2024 को समय-सीमा की बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के कार्यो का समीक्षा किया गया। जिसमें पाया गया कि प्री.मै. कन्या छात्रावास भवन तमता का निर्माण कार्य भूमि विवाद के कारण काम बंद था। वर्तमान में विवाद की स्थिति नहीं होने के कारण 09 फरवरी 2024 से निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। ठेकेदार द्वारा 02 दिन निर्माण कार्य प्रारंभ कर काम बंद कर दिया गया। जबकि जमीन विवाद वर्तमान में किसी प्रकार का नहीं है। इसके बावजूद भी आर.ई.एस. के कार्यपालन अभियंता द्वारा प्री.मै. कन्या छात्रावास भवन निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है। जिसके कारण प्री.मै. कन्या भवन निर्माण का प्रगति नहीं हो रही है। उक्त कृत्य पदीय कर्त्तव्यों के प्रति घोर उदासीनता को प्रदर्शित करता है, जो छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत है।

कलेक्टर ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जशपुर के कार्यपालन अभियंता विपिन राज मिंज को प्री.मै. कन्या छात्रावास भवन तमता का निर्माण कार्य प्रारंभ कर तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जवाब संतोषप्रद नहीं होने पर नियमानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही करने की बात कही है जिसके लिए कार्यपालन अभियंता जिम्मेदार होंगे।

# शुक्रवार से रुद्र महायज्ञ श्रीमद भागवत कथा एवं दिव्य दरबार का हुआ कलश स्थापना के साथ भव्य शुभारंभ





पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

नगर के हृदय स्थल वार्ड क्रमांक 15 स्थित दुर्गा मंदिर मैदान में शुक्रवार से नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ श्रीमद् भागवत कथा एवं दिव्य दरबार का कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन में कथा व्यास परम पूज्य गुरुदेव अनिकेत कृष्ण शास्त्री जी महाराज नर्मदा तट जबलपुर मध्य प्रदेश वाले प्रवचन कर्ता होंगे जो दिव्य दरबार भी लगाएंगे इसके लिए वृहद रूप से व्यवस्था की गई है । साथ ही रूद्र यज्ञ वेदी का निर्माण भी किया गया है । भव्य कलश यात्रा पश्चात विधि विधान पूर्वक पूजा पाठ के साथ रुद्र महायज्ञ श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ किया गया । इस शुभ अवसर पर पंडित राजेन्द्र तिवारी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष कुम्हारी राजू निषाद, व्यापारी संघ के विशाल राठौड़, मोनू शर्मा, अनुज शुक्ला, अनुराग गुप्ता सहित माताएं, बहनें, नगर के गणमान्य नागरिक वृहद संख्या में भक्ति भाव से सम्मिलित हुए ।

# निगम कार्यालय में संभागायुक्त का औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



संभागायुक्त ने निगम भिलाई के विभागीय कार्यो का औचक निरीक्षण कर जन सामान्य के कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने , अपने कार्य के लिए आने वाले नागरिको से उत्तम व्यवहार रखने की सलाह अधिकारी कर्मचारी को दिए । निगम मुख्य कार्यालय सुपेला मे शुक्रवार को प्रातः 11:30 बजे संभागायुक्त एस.एन. राठौर पहुँचे और आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के साथ विभागो का निरीक्षण किये। उन्होने भवन अनुज्ञा शाखा में पहुँचकर भवन अधिकारी से नियमितीकरण के प्राप्त आवेदनो की प्रगति की जानकारी लिए और लोगो को नियमितीकरण प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु लम्बित प्रकरणो पर शीध्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। टैक्स वसूली काउन्टर में पहुँचकर उन्होने कर्मचारियो से टैक्स भुगतान की प्रक्रिया को समझा तथा आनलाईन भुगतान की प्रक्रिया को सरलीकृत करने को कहा ताकि नागरिको को घर बैठे टेक्स भुगतान कि.सुविधा मिले। राठौर ने करो का भुगतान करने के लिए आने वाले नागरिको के लिए बैठने एवं पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। वे विवाह पंजीयन काउन्टर में पहुँचकर विवाह पंजीयन की पुरी प्रक्रिया से अवगत होते हुए जानना चाहा कि अब तक कितने पंजीयन किये जा चुके है। काउन्टर में पदस्थ कर्मचारी ने बताया कि जनवरी माह से अभी तक 400 विवाह पंजीकृत किये जा चुके है । संभागायुक्त ने काऊंटर मे पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के साथ योजना के लगे बेनर पोष्टर को नये लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने निगम कार्यालय में स्थापित कैन्टीन को परिसर मे अन्य उचित स्थान पर स्थानांतरित करने के निर्देश दिये श्री राठौर ने कहा कि क्षेत्र के नागरिक जो अपने कार्य के लिए निगम कार्यालय पहुँचते है उनके साथ अधिकारी कर्मचारियो का व्यवहार उचित हो ताकि निगम की छवि लोगो के बीच अच्छा रहे। आने वाले नागरिको के लिए पर्याप्त पेयजल, बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही शौचालय की साफसफाई नियमित रूप से करने को कहा।

# अग्निवीर भर्ती हेतु 2 मार्च को नि:शुल्क मॉक टेस्ट का आयोजन

**दुर्ग।** भारतीय वायु सेना में अग्निवीर की भर्ती हेतु 11 फरवरी 2024 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिले के आवेदकों के लिए 17 मार्च 2024 को कम्प्यूटर आधारित ऑनलाइन लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र के उपसंचालक आर.के. कुर्रे के अनुसार उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक आवेदकों का निःशुल्क ऑनलाइन मॉक टेस्ट 2 मार्च 2024 को स्थान- शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पावर हाउस भिलाई (महिला आई.टी.आई. के सामने नया भवन) में दोपहर 2.30 बजे आयोजित किया जायेगा। मॉक टेस्ट देने हेतु इच्छुक आवेदक उक्त स्थान व समय पर उपस्थित हो सकते है। आवेदक को अग्निवीर वायुसेना के आवेदन उपरान्त प्राप्त एकनालेजमेंट एवं रोजगार कार्यालय का पंजीयन क्रमांक साथ लेकर आना होगा।

# पेट्रोल पंप संचालक पर जानलेवा हमला, पुलिस जाँच में जुटी

**रायगढ़।** घरघोड़ा के गोमती फ्यूल घरघोड़ा के संचालक खीरु राय पर मध्य रात्रि जान लेवा हमला हुआ है। आशंका बताई जा रही है हमलावर चोरी की नियत से पेट्रोल पंप के ऑफिस में घुसा था। ऑफिस के अंदर पेट्रोल पंप के संचालक खीरु राय बैठे थे जिस पर कुछ अज्ञात लोगों ने चाकू हमला करते हुए पास में रखे बैग को लेकर हमलावर फरार हो गए। खीरु राय को आनन-फानन में घरघोड़ा अस्पताल में ले जाया गया जहां डॉक्टरो ने उन्हें मेडिकल कालेज रायगढ़ रिफर कर दिया है। पेट्रोल पंप पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले खीरु राय को चेहरे से जानते एवं पहचानते है। मिली जानकारी के अनुसार कहा जा रहा है कि ये पेट्रोल पंप पर अक्सर पेट्रोल डलवाने आता था। गोमती फ्यूल में लगे सीसीटीवी कैमरे फुटेज से पुलिस जांच में जुट गई है और अन्य जगहों के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है। लुट के साथ-साथ पुलिस अन्य एंगल में जाँच में जुटी है।



# भागवत कथा जीवन परिवर्तन करने के लिए सुनना चाहिए: पंडित चंद्रशेखर त्रिपाठी

## सरावगी परिवार द्वारा आनंदम वर्ल्ड सिटी में भागवत कथा का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



आनंदम वर्ल्ड सिटी में जारी श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन व्यासपीठ से कथावाचक पंडित चंद्रशेखर त्रिपाठी में कहा कि भागवत कथा मनोरंजन के रूप में नहीं,जीवन परिवर्तन करने के लिए सुनना चाहिए। इस दुनिया में मनोरंजन के साधन तो बहुत है लेकिन भागवत कथा का रसपान करने से ही आपका जीवन सार्थक होगा। धन,दौलत, पुत्र,परिवार बड़े से बड़े पापी को भी प्राप्त हो सकते हैं लेकिन दो चीज कथा और भगवान का सानिध्य हर किसी को प्राप्त नहीं होता। आज यदि सभी को भागवत कथा सुनने का अवसर प्राप्त हुआ है,यदि आप इसे मुक्ति के माध्यम के रूप में सुनेंगे तो वास्तव में यह भागवत कथा आपको मुक्ति प्रदान करेगी। पंडित त्रिपाठी ने कहा कि भगवान नाम में इतनी शक्ति है कि पत्थर में लिखकर पानी में तैर जात है। ऐसे ही कथा सुनकर इसको अपने जीवन में उतारिए, इसको सुनने मात्र से सभी पापों का नाश हो जाता है। आप कल पर मत टालिए,आज से ही जीवन में उतरना शुरू करिए। संसार में कल पर टालने की आदत बहुत खराब है सारे काम इसी में संपन्न नहीं हो पाते हैं। पंडित त्रिपाठी ने कहा कि रूप की आसक्ति बहुत जरूरी है। संसार में आप भटकीय मत, मान को एकाग्र करिए और अपने इष्ट देव को अपने मन में बसाइए। गुरु की निंदा कभी ना करिए, चमत्कार के पीछे मत भागिए।अपने माता-पिता,गुरु और ईष्ट देव के प्रति कभी अश्रद्धा नहीं करना चाहिए। आप अनेक धर्म स्थल जाइए लेकिन अपने ईष्ट के प्रति हमेशा श्रद्धा रखिए। नमन सभी को करिए लेकिन ध्यान ईष्ट पर सदैव केंद्रित रखिए। पंडित त्रिपाठी ने कहा कि इस संसार में जीवन में मुक्ति के लिए मार्ग को चुनना अति आवश्यक है। आपको मनुष्य देह इसलिए मिली है कि आप मुक्ति पा सके। पशु और जीव के लिए यह सौभाग्य नहीं है। हमेशा भगवान की भक्ति में लीन रहिए, अंत में भगवान के स्मृति ही आपके मुक्ति के मार्ग खोलेगी। यह शरीर नश्वर है जिस दिन जलेगा उसकी राख भी उपयोग में नहीं आएगी, इसलिए इस शरीर पर अभिमान मत करिए। करना है तो गुरु और गोविंद पर अभिमान करिए यही इस भवसागर से आपको पार कर सकते हैं।

पंडित त्रिपाठी ने कहा कि इस जीवन को सार्थक करने भगवान के भजन में लग जाइए। सबसे पहले अपने आसन पर विजय प्राप्त करिए। एक आसन पर बैठने का अभ्यास करिए। योग प्राणायाम के द्वारा अपनी सांसों को केंद्रित करिए। संसार में अपनी आसक्ति को दूर करिए, इसके बिना आप ध्यान केंद्रीत नहीं रह सकते।

# गैर शैक्षणिक कार्यों में संलग्न शिक्षकों की मूल पदस्थापना में होगी वापसी

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के गैर शैक्षणिक कार्यों में संलग्न शिक्षक संवर्ग के कर्मचारियों को उनकी मूल पदस्थापना में वापसी हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। ग़ौरतलब है कि राज्य शासन को बहुधा यह शिकायत प्राप्त होती है कि विभाग के शिक्षक संवर्ग के कर्मचारी गैर शिक्षकीय कार्य हेतु विभिन्न कार्यालयों एवं संस्थाओं में संलग्न है। गैर शिक्षकीय संलग्नीकरण से शिक्षण का कार्य प्रभावित होता है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि गैर शैक्षणिक कार्यों में संलग्न सभी शिक्षक संवर्ग के कर्मचारियों का संलग्नीकरण तत्काल समाप्त कर उन्हें उनके मूल पदस्थापना शाला में अध्यापन कार्य हेतु कार्यमुक्त किया जाना है। यह निर्देश तत्परता से पालन किया जाएगा ताकि शिक्षा के क्षेत्र में अधिक सामर्थ्यपूर्ण और उत्तम परिणाम प्राप्त किए जा सकें। इस प्रक्रिया के अंतर्गत, संलग्नीकरण को 07 दिवस के भीतर समाप्त किया जाएगा और संलग्नीकरण से संबंधित प्रमाण पत्र 07 दिवस के भीतर संचालक, लोक शिक्षण को प्रेषित किया जाएगा।

NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Naya Raipur- 492 002, Chhattisgarh.
Tel No: + 91 771 2512500; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com , http://eproc.cgstate.gov.in

E-Procurement Tender Notice
The Chief Executive Officer, NRANVP invites Tender for following works :
NIT No: 85/O&M/CP-NS & CB & SV /EEC-II/CE/NRANVP/2023-24,Nava Raipur Atal Nagar Dist. Raipur Dated: 28/02 /2024.
Name of Work: "Comprehensive Annual Operation, Maintenance & Management of Facility & Utility at North & South Central Park, Central Boulevard and Swagat Vatika at Nava Raipur Atal Nagar ,Dist Raipur (C.G.)."
Estimated cost: INR 298.05 Lakhs, EMD: INR 3.98 Lakhs,
Period of Completion : initially for 12 Months (which shall be extended for further 2 years (Maximum 3rys.) with 5 % increment in agreed contract amount of previous year
Last Time & Date of Online Submission : 15:00 hrs on 20.03.2024
The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.
Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.
Chief Engineer ,
NRANVP
Samvad-39878/3

## संपादकीय

# राज्यसभा चुनाव भाजपा को बढ़त

**राज्यसभा चुनाव** में सतर्क रणनीतिक राजनीति से भाजपा को बढ़त मिली है और अब वह लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। अभी लोकसभा चुनाव की तारीखें सामने नहीं आई हैं, पर भाजपा एक के बाद दूसरा राजनीतिक किला जीतती जा रही है। तीन राज्यों की 15 राज्यसभा सीटों में से 8 सीटें जीतने की गणित के अलावा उसने दो अतिरिक्त सीटें भी जीतने में सफलता पाई जिनमें से एक हिमाचल प्रदेश व दूसरी उत्तर प्रदेश में है। इससे उसने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को एक और धक्का दिया है। हिमाचल प्रदेश में भाजपा कांग्रेस में मची उठापटक से उत्साहित है और वह सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकती है। कांग्रेस में सत्ता का टकराव बढ़ा है, उसके अपने सदस्यों ने पार्टी में विद्रोह किया है तथा राज्य पीडब्लूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस में मंगलवार से समस्या गंभीर हुई जब उसके 6 सदस्यों द्वारा चुनाव में क्रास-वोटिंग के कारण भाजपा प्रदेश से एकमात्र राज्यसभा सीट जीतने में सफल हुई। राज्यसभा चुनाव को अक्सर राज्यों और पार्टियों में राजनीतिक समीकरण के लिए 'लिटमस टेस्ट' की तरह देखा जाता है। इसे राजनीतिक पार्टियों की समर्थन प्राप्त करने तथा संसद के उच्च सदन में स्थिति मजबूत करने की क्षमता की तरह देखा जाता है। लेकिन क्रास-वोटिंग ने राजनीतिक परिदृश्य में नए आयाम पैदा किए हैं जिससे गठबंधनों और निष्ठा में संभावित परिवर्तन हो सकता है। 28 विपक्षी दलों के समूह 'इंडिया' को उम्मीद थी कि राज्यसभा में उसकी स्थिति मजबूत होगी। लेकिन इस धक्के से विपक्षी गठबंधन की एकजुटता और प्रभावशीलता पर उन राज्यों में भी सवाल उठ रहे हैं जहां कांग्रेस सत्ता में है।


धड़ल्ले से क्रास-वोटिंग की इन घटनाओं ने लोगों में न केवल चिन्ता पैदा की है, बल्कि इनका संभावित प्रभाव लोकसभा चुनाव पर भी पड़ सकता है। क्रास-वोटिंग के माध्यम से भाजपा को अतिरिक्त सीटें मिलना तथा खासकर प्रमुख राज्यों में उसकी सफलता संगठनात्मक शक्ति व जनता में बढ़ती लोकप्रियता प्रकट करती है। विपक्ष के लिए राज्यसभा चुनाव खतरे की घंटी की तरह हैं। इससे ज्यादा एकजुटता व समन्वय की आवश्यकता उजागर होती है। क्रास-वोटिंग रोकने में विफलता से न केवल आंतरिक मतभेद स्पष्ट होते हैं, बल्कि इससे उनकी चुनावी रणनीति की प्रभावशीलता पर भी सवाल उठते हैं। लोकसभा चुनाव निकट आने के साथ विपक्षी पार्टियों को पुनः एकजुट होकर अपनी प्राथमिकतायें परिभाषित करनी चाहिए ताकि वे भाजपा का मुकाबला कर सकें। भाजपा की नवीनतम विजय को अलग-थलग कर नहीं देखा जाना चाहिए। इससे पार्टी के अथक प्रयास स्पष्ट होते हैं कि वह सभी क्षेत्रों व राज्यों में अपना विस्तार करना चाहती है। भाजपा अवसरों का लाभ उठाने में दक्ष है, चाहे वह पालाबदल हो, गठबंधन या क्रास-वोटिंग। इससे शक्तिशाली राजनीतिक बल के रूप में उसकी स्थिति रेखांकित होती है। हालिया राज्यसभा चुनाव परिणाम बदलता परिदृश्य प्रदर्शित करते हैं जहां परंपरागत गठबंधनों का विजय प्राप्त करना जरूरी नहीं है और पार्टियों को प्रासांगिक बने रहने के लिए नए बदलते यथार्थ स्वीकार करने होंगे। भाजपा की नवीनतम सफलता का श्रेय उसकी परिवर्तनशीलता तथा सतर्क रणनीतिक राजनीति को जाता है। आधुनिक समय में राजनीतिक व्यावहारिकता को वरीयता मिल रही है और नैतिक मूल्य, विचारधारायें तथा निष्ठायें इसी के अनुकूल निरंतर बदल रही हैं।

# नवाज़ शरीफ़ का रणनीतिक कदम

## नवाज़ शरीफ़ के पाकिस्तान में प्रधानमंत्री पद की दौड़ से अलग रहने तथा अपने भाई को प्रधानमंत्री बनाने के कदम पर राजनीतिक चर्चा तेज हुई है।



**के.एस. तोमर**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



नवाज़ शरीफ़ के पाकिस्तान में प्रधानमंत्री पद की दौड़ से अलग रहने तथा अपने भाई को प्रधानमंत्री बनाने के कदम पर राजनीतिक चर्चा तेज हुई है। दुनिया भर में और खासकर पाकिस्तान में उस भू-राजनीतिक मुद्दे पर चर्चा हो रही है जिसके चलते तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके नवाज़ शरीफ़ ने 'रहस्यमय' निर्णय किया है। नवाज़ शरीफ़ पहले स्वतः ही प्रधानमंत्री पद की दौड़ से पीछे हट गए और बाद में उन्होंने अपने छोटे भाई शहबाज़ शरीफ़ को सर्वोच्च पद की दौड़ में आगे कर दिया, हालांकि सेना के नेतृत्व उनको प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार था। इस सैनिक नेतृत्व में खासकर वर्तमान सेना प्रमुख आसिम मुनीर का प्रमुख स्थान है जिन्होंने नवाज़ को सत्ता में लाने की पूरी रणनीति बनाई थी।

इस रणनीति के चलते नवाज़ शरीफ़ अपना निर्वासन समाप्त कर पाकिस्तान लौटे और उनके खिलाफ चल रहे अनेक मामलों में उनको राहत मिली या उनसे पूरी तरह बरी कर दिए गए। विदेश नीति विशेषज्ञों का कहना है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तत्कालीन सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा के खुले समर्थन से सत्ता मिली थी, पर सर्वोच्चता की लड़ाई में दोनों के रास्ते बाद में अलग-अलग हो गए। विडंबना है कि इमरान खान द्वारा सेना की सर्वोच्चता को चुनौती एक प्रकार से 'नौकर' द्वारा 'मालिक' के अधिकार को चुनौती देना था। ऐसा ही टकराव वर्तमान अवस्थापना में भी हो सकता था, लेकिन 'चयनित प्रधानमंत्री' के रूप में नवाज़ शरीफ़ ऐसी स्थिति से बचना चाहते थे क्योंकि उनको सेना से टकराव का अतीत में बहुत खराब अनुभव रहा है। पाकिस्तानी सेना ने ही नवाज़ शरीफ़ को 2018 में प्रधानमंत्री के पद से हटाया था। संभवतः ऐसी स्थिति से बचने के लिए ही वे प्रधानमंत्री पद की दौड़ से पीछे हटे। राजनीतिक विश्लेषकों को विश्वास है कि इन दबाव वाली परिस्थितियों के कारण पूर्व प्रधानमंत्री ने अपनी रणनीति सावधानीपूर्वक बनाई और अब उनके भाई शहबाज़ शरीफ़ प्रधानमंत्री के रूप में पाकिस्तान में अपने 'पारिवारिक शासन' की निरंतरता सुनिश्चित करेंगे। इस पारिवारिक व्यवस्था में नवाज़ शरीफ़ की बेटी मरियम नवाज़ भी शामिल हो गई हैं जो देश के सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रांत पंजाब की मुख्यमंत्री बन गई हैं।

वर्तमान राजनीतिक स्थितियों को देखते हुए पाकिस्तानी सेना ने इमरान खान को सत्ता से बाहर रखने का रास्ता तैयार किया है। एक राजनीतिक प्रक्रिया के अंतर्गत इमरान खान और उनकी पूर्व सरकार के खिलाफ 150 से अधिक मामले शुरू किए गए हैं। देश की अदालतों ने इमरान खान को तीन मामलों में ही 24 साल से अधिक की सजा दी है। इमरान खान द्वारा सेना के खिलाफ अभियान छेड़ने के कारण नवाज़ को पिछले साल पाकिस्तान वापस लाया गया जो लंदन में स्व-निर्वासित जीवन बिता रहे थे।

सर्वोच्च न्यायालय ने 2018 में उनको भ्रष्टाचार के मामले में दस साल कैद की सजा तथा विदेशों में अवैध संपत्तियों के 'पनामा पेपर्स' में खुलासे के बाद 10.6 मिलियन डालर का जुर्माना लगाया था। उनको चुनाव लड़ने से भी वंचित किया गया था। नवाज़ शरीफ़ ऐसे में अपना संघर्ष जारी रखने के लिए लंदन भाग गए थे। नवाज़ शरीफ़ के भाई शहबाज़ की पाकिस्तान सरकार ने 25 जून, 2023 को संसद में एक विधेयक पास कराया था जिसके अनुसार विधि-निर्माताओं की चुनाव लड़ने की आजीवन अयोग्यता को घटा कर पांच साल कर दिया गया था। इसने नवाज़ शरीफ़ की पाकिस्तान वापसी तथा अपनी राजनीतिक गतिविधियां चलाने की अनुमति दे दी। नवाज़ के आलोचकों का कहना है कि उनको प्रधानमंत्री बनाने के लिए 'बड़े पैमाने पर हेराफेरी' की योजना बनाई गई थी। लेकिन यह योजना विफल हो गई क्योंकि इमरान खान के समर्थक निर्दलीय बहुसंख्य सीटों पर विजय पाने में सफल हुए और नवाज़ की पार्टी पीएमएल-एन सामान्य बहुमत भी नहीं प्राप्त कर सकी। इससे नवाज़ के सपने टूट गए क्योंकि वे अल्पमत सरकार का मुखिया नहीं बनना चाहते थे।

नवाज़ ने शहबाज़ को प्रधानमंत्री बनाना इसलिए भी पसंद किया क्योंकि उनको गठबंधन सरकारें चलाने का अनुभव था और लचीले राजनेता की तरह वे अपने साझीदारों को साथ लेकर चल सकते थे। नवाज़ का ऐसी संसद में काम करना कठिन होता जिसमें इमरान के समर्थकों के पास काफी मुद्दे थे और वे भ्रष्टाचार के मामले में उन पर निशाना लगा सकते थे, जबकि शहबाज की स्थिति अब तक बेहतर है। इसके साथ ही नवाज़ और सेना प्रमुख समान विचारों के थे। इससे नई सरकार को जनता की भावनायें संतुष्ट करने तथा उनकी आकांक्षायें पूरी करने में कठिनाई हो सकती थी जो भारी मुसीबतों का सामना कर रही है। वर्तमान परिस्थितियों में शहबाज़ के लिए आईएमएफ की कठोर शर्तों का पालन करना सर्वाधिक कठिन काम है जिसने 2 बिलियन डालर कर्ज की दूसरी 710 मिलियन की किश्त इन शर्तों के साथ जारी की है। यह मुद्रा संकट का सामना कर रहे देश की कर्ज के बोझ से लदी अर्थव्यवस्था उबारने के लिए जरूरी है। शहबाज़ की पूर्व सरकार ने आईएमएफ से 'बेलआउट पैकेज' पाने में सफलता प्राप्त की थी। आईएमएफ ने पाकिस्तान को आर्थिक दीवालियेपन से बचा लिया है जिसके पास 18 नवंबर, 2023 को केवल 7.8 बिलियन डालर बचा था जो केवल एक महीने के आयात के लिए ही काफी था। पाकिस्तानी जनता भयानक मुद्रास्फीति की शिकार है जो 30 प्रतिशत तक पहुंच गई है तथा आवश्यक वस्तुयें उपभोक्ताओं की पहुंच से बाहर निकल गई हैं।

बाढ़ ने अरबों डालर का नुकसान किया है और हजारों लोगों की मौत हुई है। इसलिए नए प्रधानमंत्री को लोगों के पुनर्वास पर खास ध्यान देना होगा जो बहुत ही बुरी स्थिति में हैं। जून-अक्टूबर, 2022 में बाढ़ के कारण 3.3 ट्रिलियन डालर का भयंकर नुकसान हुआ है और इसमें 1839 लोगों की जान गई है। नई सरकार के लिए इस स्थिति से बाहर निकलना सर्वोच्च प्राथमिकता है क्योंकि पीड़ित अब भी सहायता और पुनर्वास की मांग कर रहे हैं।

चीन ने इस स्थिति में बहुत सावधानी से कदम बढ़ाए हैं और उसने चुनावों में हेराफेरी का संवेदनशील मुद्दा नहीं उठाया है, जबकि अमेरिका तथा यूरोपीय संघ ने आरापों की जांच करने की मांग की है। चीन कई बार पाकिस्तान की सहायता के लिए आगे आया है, पर इस गरीब देश की सहायता पर होने वाला खर्च उसकी कल्पना से परे है। चीन की कर्ज नीति ने पाकिस्तान को अपने जाल में फंसा लिया है। चीन ने उसे भारी कर्ज दिया है तथा चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे-सीपेक में चीनी निवेश 2022 तक 65 बिलियन डालर पहुंच गए थे। चीन ने 16 मई, 2013 को ग्वादर बंदरगाह का नियंत्रण हासिल कर लिया था जिसका विस्तार भविष्य में भी किया जा सकता है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे का मूल्य पहले 46 बिलियन डालर आंका गया था जो बढ़ कर 2020 में 62 बिलियन डालर पहुंच गया। भारत और अमेरिका ने बीआरआई का विरोध किया है, इसलिए नवाज़ शरीफ़ को सावधानी से चलते हुए अपने देश को कर्ज जाल में फंसने से बचाने के लिए चीन पर लगाम लगानी होगी।

चीन पाकिस्तान में अपनी परियोजनाओं की सुरक्षा गारंटी चाहता है, इसलिए शहबाज़ सरकार को उसके साथ अच्छे संबंध बनाए रखने होंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका इमरान खान को सत्ता से हटाना चाहता था क्योंकि उन्होंने सेना के साथ मिल कर उनको सत्ता से हटाने के षडयंत्र का आरोप लगाया था। ऐतिहासिक रूप से अमेरिका का पाकिस्तानी सेना जनरलों से सीधे संपर्क रहा है, इसलिए नई सरकार से संबंध रखना उसके लिए आसान होगा। भारत नवाज़ शरीफ़ से यह उम्मीद कर सकता है कि वे अपने प्रभाव का प्रयोग कर शहबाज़ से भारत से संवाद स्थापित करने के लिए कहें। भारत ने विश्व मंच पर अपना मजबूत स्थान बनाया है और उसके साथ आर्थिक संबंध गरीब पाकिस्तान के लिए सहायक सिद्ध हो सकते हैं।

वैसे पाकिस्तान की नई गठबंधन सरकार कमजोर बनी रहेगी। इसलिए घरेलू व अंतरराष्ट्रीय मोर्चों पर उससे बहुत ज्यादा उम्मीदें नहीं की जा सकती हैं। ऐसे में सबको नई पाकिस्तानी अवस्थापना की सीमाओं को समझते हुए तार्किक नतीजे निकालने होंगे।

# सामाजिक-आर्थिक समावेशन का रोडमैप

> 2024 का अंतरिम बजट देश को समावेशी विकास की ओर ले जाने के लिए एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में उभरा है।



**नगमा मुल्ला**
(लेखिका, सामाजिक मुद्दों पर टिप्पणीकार हैं)

जैसा कि दुनिया भर में कई उन अर्थव्यवस्थाओं के मामले में है जो विकासशील हैं, भारत को धन असमानता, बेरोजगारी, स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे और वितरण में मौजूदा और लगातार अंतराल और पर्यावरणीय चिंताओं का सामना करना पड़ रहा है। 2021/22 के आंकड़ों के आधार पर वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक से पता चलता है कि भारत की 16.4 प्रतिशत आबादी गरीबी में रहती है और 4.2 प्रतिशत गंभीर गरीबी का सामना कर रही है।

यूएनडीपी की क्षेत्रीय मानव विकास रिपोर्ट 2024 में पाया गया है कि शीर्ष 10 प्रतिशत आबादी देश की कुल संपत्ति का 65 प्रति हिस्सा नियंत्रित करती है, जो कि धन असमानता को रेखांकित करती है। परिणाम बहुआयामी हैं। यह ऊपर की ओर अंतरपीढ़ीगत गतिशीलता पर नकारात्मक प्रभाव डालता है और आर्थिक विकास की दर को कम करता है।

नौकरियों की कमी दशकों से देश के लिए चिंता का विषय रही है। जबकि जनवरी 2024 के लिए वर्तमान बेरोजगारी दर 6.8 है, शिक्षित युवाओं के बीच बेरोजगारी चिंताजनक है। अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी द्वारा स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया 2023 से पता चलता है कि 2021-22 में 25 वर्ष से कम उम्र के भारत के 42 प्रतिशत से अधिक स्नातक बेरोजगार थे।

एक स्पष्ट शहरी-ग्रामीण विभाजन द्वारा चिह्नित, स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढांचे में अंतराल छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के लिए एक बड़ी बाधा है। भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल की अनुपलब्धता से पीड़ित है - जिसके कारण उपचार में देरी होती है और अपनी जेब से अधिक खर्च करना पड़ता है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट इस बात पर जोर देती है कि लगभग 75 प्रतिशत स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी ढांचे, चिकित्सा कर्मी और अन्य स्वास्थ्य संसाधन मुख्य रूप से शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां कुल आबादी का केवल 27 प्रतिशत हिस्सा रहता है। जलवायु परिवर्तन और आपदाओं का प्रभाव लोगों और अर्थव्यवस्था दोनों पर विनाशकारी रहा है। भारत को 2018 और 2022 के बीच प्राकृतिक आपदाओं से 32.94 बिलियन डॉलर का बिना बीमा नुकसान हुआ। मानव हानि के परिणाम और भी गंभीर हैं और 2018 - 2022 के बीच 237 आपदाओं से 55.9 मिलियन विस्थापन में स्पष्ट हैं। अंतरिम बजट इन मुद्दों को बड़े पैमाने पर संबोधित करता है। यह राष्ट्रीय प्रगति के लिए एक व्यापक रोडमैप प्रस्तुत करता है, जिसे महिला सशक्तिकरण, रोजगार सृजन, पर्यावरण संरक्षण और गरीबी उन्मूलन जैसे विकास के महत्वपूर्ण पहलुओं को छूने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है। इसका उद्देश्य विविध सामाजिक समूहों- 'गरीब' (गरीब), 'महिलाएं' (महिलाएं), 'युवा' (युवा), और 'अन्नदाता' (किसान) की जरूरतों और आकांक्षाओं को संबोधित करना है। यह समावेश उल्लेखनीय है क्योंकि यह भारत की स्वतंत्रता की एक शताब्दी को चिह्नित करते हुए 2047 तक विकसित भारत - एक विकसित भारत - प्राप्त करने में हाशिए पर रहने वाले सामाजिक समूहों के महत्व की परिकल्पना करता है।

बजट वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए आवश्यक वित्त, प्रौद्योगिकियों और प्रशिक्षण के साथ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के लिए समर्थन को प्राथमिकता देता है। रूफटॉप सोलराइजेशन नीति तकनीकी और आपूर्ति क्षेत्रों में रोजगार और उद्यमशीलता के अवसर प्रदान करने के लिए तैयार है।

इसके अतिरिक्त, मत्स्य पालन के लिए एक अलग विभाग की स्थापना और प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) का विस्तार मत्स्य पालन क्षेत्र में उत्पादन और निर्यात को दोगुना करने के प्रयासों को रेखांकित करता है, जिसका लक्ष्य 55 लाख नई नौकरियां पैदा करना और समावेशी आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देना है। निम्न-आय समूहों और महिलाओं को शामिल करने के प्रावधानों पर ध्यान केंद्रित करना एक महत्वपूर्ण कदम है। महिला उद्यमियों को 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण का वितरण और पीएम-स्वनिधि के तहत 78 लाख स्ट्रीट वेंडरों को वित्तीय सहायता जैसी पहल कार्यबल की भागीदारी बढ़ाने और ऊपर की ओर गतिशीलता बढ़ाने वाले कमाई के रास्ते प्रदान करने पर सरकार के ध्यान पर जोर देती है। विकास का एसएचजी मॉडल भी सफल साबित हुआ है - जिससे लगभग 10 मिलियन महिलाओं को 1 लाख रुपये से अधिक की वार्षिक आय प्राप्त करने में मदद मिली है। इस सफलता का लाभ उठाते हुए, महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए, लक्ष्य को 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ लखपति दीदियों तक करने के लिए लक्ष्य का विस्तार किया गया है। बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र की उल्लेखनीय घोषणाएं की गईं। युवा लड़कियों के लिए सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण के प्रावधान और विभिन्न मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य योजनाओं के एकीकरण के माध्यम से निवारक स्वास्थ्य देखभाल पर ध्यान केंद्रित करना कमजोर समूहों की विशिष्ट स्वास्थ्य आवश्यकताओं को संबोधित करने की दिशा में एक धक्का का संकेत देता है।

लगभग 1.5 मिलियन आशा कार्यकर्ताओं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तक स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के लिए आयुष्मान भारत योजना का विस्तार प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं में इन फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के महत्वपूर्ण योगदान को स्वीकार करता है।

अधिक मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए मौजूदा अस्पताल संरचनाओं का लाभ उठाएं, स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर की कमी और चिकित्सा शिक्षा की बढ़ती मांग दोनों को संबोधित किया जाएगा। यह अप्रैल 2023 की पहल पर आधारित है, जब सरकार ने 1,570 करोड़ रुपये आवंटित करते हुए 157 नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना को मंजूरी दी थी, जिसमें केंद्र सरकार ने 1,016 करोड़ रुपये का योगदान दिया था।

## आप की बात

**आप की बात**



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

### स्वागत योग्य फैसला

**सुप्रीम कोर्ट** ने कोस्टगार्ड मामले में महिलाओं को परमानेंट कमिशन देने का फैसला सुनाया है। इस स्वागत योग्य फैसले से सुरक्षा ढांचे पर अब भी एक सीमा तक हावी पितृसत्तात्मक सोच दूर करने में सहायता मिलेगी। यह फैसला जेंडर न्यूट्रल पॉलिसी लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जब सेना में महिलाओं को पुरुषों के मुकाबले बराबरी में कमीशन देने का निर्णय सुप्रीम कोर्ट पहले ही सुना चुका है तो फिर सरकार को इस मामले में स्वविवेक से काम लेते हुए महिलाओं को बराबरी का कमीशन दे देना था। भविष्य में अन्य क्षेत्रों में भी सभी तरह के लैंगिक भेदभाव खत्म कर महिलाओं और पुरुषों के बीच हर प्रकार से समानता स्थापित करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने साफकर दिया है कि यह मामला केवल याचिकाकर्ता तक सीमित नहीं है। इंडियन कोस्टगार्ड में पायलट के तौर पर 14 साल के कार्यकाल में याचिकाकर्ता ने समंदर में 300 जानें बचाईं। उनके खाते में 4500 फ्लाइंग आवर्स दर्ज हैं जो सशस्त्र बलों में महिला और पुरुष दोनों श्रेणियों में सबसे ज्यादा है। इसके बावजूद मामले का इतना लंबा खिंचना नौकरशाही हठवादिता का नतीजा है। सेना को पुरुष-वर्चस्व वाली इस गुलाम मानसिकता से भी मुक्ति पाने के लिए प्रयास करने होंगे।

**-सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### हिमाचल में संकट

**हिमाचल** में कांग्रेस की सरकार बनने पर नेतृत्व बहुत खुश था। लेकिन राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग कर कांग्रेस विधायकों ने भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन को जिता दिया। कहा जाता है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के कामकाज से उनके विधायक नाराज हैं। हिमाचल में पैदा संकट से कांग्रेस की छबि गिरी है। हालांकि, मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि हम पांच साल सरकार चला लेंगे, लेकिन फिलहाल यह मुश्किल लगता है। हो सकता है कि कांग्रेस हिमाचल प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन पर विचार करे, लेकिन इससे असंतोष थमने के बजाय और भड़क सकता है तथा गुटबाजी बढ़ सकती है। शायद कांग्रेस की गिरती हालत को देखते हुए उनके अपने लोग ही उसे झटका दे रहे हैं। कांग्रेस में बिखराव का अनुमान इससे भी लगाया जा सकता है कि असंतुष्टों में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह तथा उनके बेटे व कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह शामिल हैं। भले ही विक्रमादित्य ने फिलहाल अपने इस्तीफे पर जोर न देने की बात कही है, पर उनकी पीड़ा इस तथ्य से स्पष्ट है कि कांग्रेस सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की मूर्ति लगाने के लिए दो गज जमीन तक देने से इनकार कर दिया था।

**- शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### घटती जनसंख्या

**विकासशील** एवं गरीब देशों के लिए जहां बढ़ती आबादी सबसे बड़ी समस्या है, वहीं कुछ देश आबादी घटने से पीड़ित हैं। चीन, जापान व दक्षिण कोरिया के घरों से बच्चों की किलकारियां गुम होती जा रही है। जापान की जन्म दर लगातार आठवें वर्ष रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है। जापान में घटती जन्म दर का एक प्रमुख पैतृक परंपरा है जिससे यहां विवाह के बाहर बच्चे के जन्म की कल्पना नहीं की जा सकती है। सर्वेक्षणों के अनुसार, कई युवा जापानी नौकरी की धूमिल संभावनाओं, वेतन की तुलना में तेज गति से बढ़ते रहन-सहन के खर्च तथा कॉर्पोरेट संस्कृति से निराश होकर शादी करने या परिवार बनाने से कतरा रहे हैं। यही हाल रहा तो अगले कुछ वर्षों में ही जापान को वृद्धों का देश घोषित कर दिया जायेगा। इसका प्रतिकूल असर व्यापार एवं औद्योगिक इकाइयों पर पड़ेगा। जापान पहले ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के दर्जे से गिर कर चौथे स्थान पर खिसक गया है। जन्म दर गिरने से यह स्थिति और खराब होगी। विकसित देशों में घटती जनसंख्या का समाधान विकासशील देशों से उपयुक्त श्रमबल को आमंत्रण देना है, लेकिन इसके बजाय उभरती तकनीकें श्रमबल की जरूरत ही समाप्त कर रही हैं।

**- जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

# 'दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार' थीम के आधार पर 78,388 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

## जिले में 3 से 5 मार्च तक चलेगा राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल उइके के मार्गदर्शन में ÷दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार÷ थीम के आधार पर जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो कार्यक्रम का आयोजन 3 मार्च से 5 मार्च 2024 तक किया जायेगा। जिसमें प्रथम दिवस 3 मार्च रविवार को बुथ स्तर पर 0 से 05 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। द्वितीय व तृतीय दिवस 4 एवं 5 मार्च को कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर भ्रमण कर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलायी जायेगी। मार्च 2014 में भारत को पोलियो मुक्त देश प्रमाणीकरण किया जा चुका है। लेकिन पोलियो कुछ देशों में अभी भी है और फिर लौट सकता है। बच्चों की सुरक्षा में कोई चूक न हो इसीलिए पल्स पोलियो दिवस का आयोजन किया जा रहा है। बालोद जिले के अन्तर्गत शून्य से पाँच वर्ष के आयु के अनुमानित 78 हजार 388 बच्चों को पोलियो दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

### जिले में बनाये गए 96 सेक्टर

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के ब्लॉकवार बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके तहत् बालोद में 1 हजार 2296, डौंडी में 15 हजार 253, डौंडीलोहारा में 18 हजार 959, गुंडरदेही में 19 हजार 500 एवं गुरूर ब्लॉक में 12 हजार 380 बच्चों को पोलियो वैक्सीन से प्रतिरक्षित किया जावेगा। इस प्रकार कुल 78 हजार 388 बच्चों को 743 बूथ एवं 2 हजार 531 स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं अन्य सहयोगी द्वारा पोलियो की दवा पिलाया जायेगा। डॉ. जितेंद्र ने बताया कि जिले में 96 सेक्टर बनाये गये हैं। सेक्टर स्तर पर चिकित्सा अधिकारी को जोनल अधिकारी बनाया गया है। ट्रांजिट स्थल बस स्टैण्ड और मुख्य चौराहा पर 67 सदस्यीय टीम तथा मेला एवं बाजार स्थल पर 206 सदस्यीय टीम इसी प्रकार ईंट भट्ठा, निर्माणाधीन क्षेत्रों और संवेदनशील क्षेत्रों में 76 सदस्यीय मोबाईल टीम लगाई गई है।

### प्रत्येक विकासखंड में निरीक्षण के लिए बनाए गए नोडल

बता दे कि 'दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार' थीम के आधार पर जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो कार्य म को सफल बनाने विकासखंड स्तर पर खंड चिकित्सा अधिकारी एवं प्रत्येक विकासखंड के निरीक्षण के लिए नोडल अधिकारी बनाये गये है। बालोद के लिए जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह, डौंडी के लिए जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. पीएल मेरिया, डौंडीलोहारा के लिए अखिलेश, गुंडरदेही के लिए जिला सलाहकार डॉ. अरविंद मिश्रा, गुरूर विकासखंड के लिए जिला वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर रविकांत साहू को कार्य म के सफल संचालन के लिए दायित्व सौंपा गया है। वही पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान को सफल बनाने हेतु दीवार लेखन, माइकिंग द्वारा तथा पोस्टर पाम्पलेट के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, ग्रामीण एवं पंचायत विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाया जावेगा।

# पार्षद राजू पटेल बनाये गए भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला सयोंजक



पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशानुसार व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सयोंजक प्रदीप सिंह सहमति से भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू ने नगरपालिका बालोद के वार्ड 12 के पार्षद, जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजू पटेल को बालोद जिला व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नियुक्त किया हैं। राजू पटेल को व्यवसायिक प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त करने पर व्यापारियों में भारी उत्साह देखा गया हैं। राजू के घर मे बधाइयों का तांता लगा हुआ हैं। वही किरण सिंह देव ने भी राजू पटेल को गले लगाकर बधाई व शुभकामनाएं दी है। वही गुजराती समाज मे भी राजू पटेल की इस नियुक्ति से हर्ष का माहौल देखा गया हैं। बता दे की राजू लटेल व्यापारियों के हित को लेकर हमेशा जमीनी स्तर की लड़ाई लड़ते रहे है।

# आवासीय पट्टे के लंबित प्रकरण निराकरण हेतु कलेक्टर को सौंपा



पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

जनप्रतिनिधियों एवं 118 हितग्राहियों द्वारा बुधवार को कलेक्टर दुर्ग के समक्ष आवासीय पट्टे के लंबित प्रकरण को लेकर निराकरण हेतु ज्ञापन अपर कलेक्टर योगिता देवांगन को सौंपा गया । ज्ञात हो कि नगर पालिका परिषद कुम्हारी को आबंटित भूमि का अभिलेख दुरूस्त करने हेतु पटवारी हल्का 12 एवं नायब तहसीलदार अहिवारा को प्रेषित किया गया है । जिसके आधार पर नगर पालिका परिषद कुम्हारी स्थित भूमि खसरा नं. 827/1 का टुकड़ा रकबा 8.40 हे0 (21 एकड़) में से रकबा 6.79 हे0 जिसमें मंगल भवन, गौठान, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, स्पोर्टस क्लब हेतु आरक्षित रिक्त भूमि महामाया उद्यान मणिकंचन केन्द्र, धानमंडी, कृष्ण कुंज वाटिका एवं सड़क निर्मित है । उक्त प्रयोजन यथावत रखते हुए शेष रकबा 1.61 हे0 जिसमें महामाया पारा एवं पटेल पारा बस्ती काबिज है, का प्रयोजन परिवर्तित कर आवासीय प्रयोजन रखे जाने का प्रस्ताव अनुविभागीय अधिकारी को प्रेषित किया गया था । उक्त प्रस्ताव के आधार पर तात्कालीन कलेक्टर महोदय द्वारा आबंटित भूमि खसरा 827/1 में से रकबा 1.9696 हे0 को गौठान मद में रखते हुए शेष भूमि 6.4304 को आबंटन से मुक्त कर शासकीय मद में दर्ज किया जाने का उल्लेख मामला क्र. 10/अ-19(3)/वर्ष 2021-22 के राजस्व आदेश पत्र में आदेश पारित कर अभिलेख संशोधन की कार्यवाही हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा) भिलाई - 03 को पत्र प्रेषित किया गया है । लेकिन आज दिनांक तक पारित आदेश में कार्यवाही नहीं होने के कारण कुम्हारी पालिका क्षेत्र के महामाया पारा एवं पटेल पारा बस्ती में लगभग 30 वर्ष से अधिक समय से काबिज आमजन शासन की सुविधा के लाभ से वंचित हो रहे हैं । इसी विषय को लेकर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व वार्डवासी जिला मुख्यालय दुर्ग कलेक्ट्रेट पहुंचे । इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, पार्षद थानेश पटेल, पार्षद श्रीमती जानकी ध्रुव सहित संबंधित वार्ड वासी उपस्थित रहे ।

# विवेक पोल बने राष्ट्रीय कवि संगम के जिला अध्यक्ष



पायनियर संवाददाता < थानखम्हरिया
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय कवि संगम जिला इकाई बेमेतरा की आवश्यक बैठक में दिनांक 24फरवरी2024, दिन शनिवार को ,महराजा कैफे, थनखम्हरीया में रखी गई। जिसमें प्रमुख रूप से जिला संरक्षक महेंद्र विरदी जी, प्रांतिय उपाध्यक्ष एवम समन्वय मंत्री कमल किशोर शर्मा गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में जिला9 इकाई का पुनर्गठन करते हुए, सक्रियता को बढ़ाने हेतु कुछ महत्वपूर्ण एवम् अति आवश्यक निर्णय सर्व सम्मति से लिए गए। जिसमें अध्यक्ष के महत्त्वपूर्ण पद पर आदरणीय विवेक पोल (एडवोकेट) का चयन किया गया।, साथ ही उपाध्यक्ष पद का विस्तार करते हुए मनील सिंह राजपूत , 9 बेमेतरा,और पंकज राठी साजा को उपाध्यक्ष, के पद पर मनोनित किए गए। इसके अलावा सुनील शर्मा ,दिलीप पटेल निवासी को संगठन की सदस्यता दिलाई गई। साथ ही एक सरस काव्य गोष्ठी का अयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित कवियों ने अपना काव्यपाठ किया।उक्त बैठक क्षेत्र के प्रतिभाशाली मुक्तक व छंद के रचयिता कवि बलराम सिंह ठाकुर जिला उपाध्यक्ष राष्ट्रीय कवि संगम बेमेतरा, श्ओम प्रकाश वर्मा,जी,मनील सिंह ठाकुर, पंकज शर्मा ज, अरविंद गोस्वामी जी, सुनील शर्मा इत्यादि की गरिमापूर्ण उपस्थितिरही। साथ ही एक छोटी काव्यगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। चयनित पदाधिकारियों को गुलाल लगाकर ,बधाई देकर सम्मानित किया गया।

# कन्या शाला कुम्हारी में विदाई समारोह, पुरस्कार वितरण और न्यौता भोजन का आयोजन सम्पन्न



पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

बाज़ार चौक स्थित शास.पू. माध्य. वि.(कन्या) के कक्षा आठवीं के छात्रों को विदाई देने समारोह तथा पुरस्कार वितरण और न्यौता भोजन का आयोजन विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा किया गया । सर्वप्रथम मुख्य अतिथिद्वय दुकालु वर्मा, समाज सेवी अश्विनी देशलहरे द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात अतिथि सत्कार व वंदन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ । विदाई समारोह में कक्षा 6 वी और 7 वी के बच्चों द्वारा संयुक्त रूप से कक्षा 8 वी के बच्चों को विदाई दी गई । वार्षिक पुरस्कार वितरण के अंतर्गत शिक्षा सत्र 2023-24 में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं/ गतिविधियों जैसे- विज्ञान प्रदर्शन, क्रीड़ा, व्यायाम/ योगा, साहित्यिक, सांस्कृतिक, कला के साथ साथ उपस्थिति, स्वच्छता, स्वास्थ्य आदि से संबंधित प्रशस्ति पत्र, मेडल व पुरस्कार प्रतिभागी बच्चों को सम्माननीय अतिथियों द्वारा छात्र छात्राओं को प्रदान किया गया ।

कार्यक्रम के अंतिम पड़ाव में लगभग 149 बच्चों को अतिरिक्त आहार के रूप में न्यौता भोजन भी कराया गया । इस अवसर पर एस एम सी अध्यक्षा- श्रीमति पद्मा सेन, सदस्या- श्रीमति पूर्णिमा सिन्हा व कांति धीवर, समस्त विद्यालय परिवार के शिक्षक शिक्षिका, छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

# रैन बसेरा में लगाया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर वार्ड 24 रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के रैन बसेरा में प्रातः 8 बजे से 2 बजे तक लगाया गया। इस शिविर में हितग्राहियों को उज्जवला गैस , आयुष्मान कार्ड , प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि लोन योजना, स्वास्थ चेकअप, महतारी वंदन योजना, सुपोषण आहार तथा राशन कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान वार्ड पार्षद बॉबी छतवाल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी शीतल चंद्रवंशी, खाद्य अधिकारी शशी सिंह एलन चंद्राकर,रतन चौधरी,मनोज,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रमिला ठाकुर, पूनम , शालिनी एवं अन्य उपस्थित थे,।140 हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित किया गया एवं योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों को दी गई।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल जंजगिरी में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन संपन्न



पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल जंजगिरी में 'नेशनल साइंस डे' में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन 28-02-2024 को किया गया। साथ ही विज्ञान दिवस पर राज्य परियोजना कार्यालय छत्तीसगढ़ के आव्हान पर 'हर घर गुब्बारा कार' अभियान के तहत स्कूल में 30 'गुब्बारा कार' का निर्माण कर विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी। स्कूल के प्राइमरी के बच्चों ने अपनी शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन पर अपनी कक्षा स्थल पर विभिन्न प्रकार के विज्ञान मॉडल बनाये। मिडिल विंग में कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने अपने अपने मॉडल्स प्रदर्शित करते हुए अपनी प्रतिभा को साबित कर सभी को प्रभावित किया। विद्यार्थियों के कई मॉडल आकर्षण का केंद्र बने रहे। स्कूल की प्राचार्या मिनी गोपीनाथन ने बताया कि इस प्रदर्शनी से बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित होती है और उनका विज्ञान के प्रति रूचि बढ़ती है । इसलिए उन्हें वैज्ञानिक गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रेरित किया जाये । डॉ.श्रुति पांडे, विज्ञान शिक्षिका के मार्गदर्शन में छात्र छात्राओं द्वारा प्रकाश संश्लेषण, विद्युतघंटी, पवन चक्की, विद्युत चुम्बकीय प्रेरण, रक्त परिसंचरण तंत्र, मानव श्वसन तंत्र, कूलर आदि प्रदर्शित किये गये । विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा 6 एवं 7 के छात्र छात्राओं ने विभिन्न वैज्ञानिकों के चित्र बनाये एवं वैज्ञानिकों का विज्ञान के क्षेत्र में योगदान के बारे में बताया । कुछ विद्यार्थियों ने विज्ञान गतिविधि और मनोरंजक विज्ञान पहेली के खेल का भी प्रदर्शन किया । इस प्रदर्शनी में लगभग 40-45 मॉडल्स रखे गये, जो सभी को बहुत रुचिकर लगा ।

# पुराना बाजार स्थित मां झरन मैया प्राचीन मंदिर में शिव महापुराण कथा का आयोजन



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

पुराना बाजार स्थित माँ झरन मैया प्राचीन मंदिर में शिव महापुराण कथा का आयोजन 3 मार्च से 8 मार्च महाशिवरात्रि तक किया जा रहा है । महा शिवपुराण के कथावाचक पंडित अभिषेक कृष्ण शास्त्री वृंदावन धाम (राजनांदगांव) एवं भजन गायिका कल्पी दुबे राजनांदगांव व टीम के द्वारा होगी । प्रथम दिन 3 मार्च को सुबह 10 बजे मां झरन मैया मंदिर से भव्य कलश यात्रा प्रारंभ होगी, जो वार्ड नं 12 से होते हुए शीतला मंदिर महुआ चौक, दंतेश्वरी मंदिर, शिव मंदिर, वीर नारायण चौक, संतोषी माता मंदिर से होते हुए वापस मंदिर प्रांगण पहुंचेगी। 3 मार्च से दोपहर 2 बजे तक शिवइक्षा तक 7 मार्च तक शिवमहापुराण की संगीत मय कथा प्रारंभ होगी जिसमें 3 मार्च को कलश यात्रा वेदी पूजन शिव महापुराण महात्म्य होगा , 4 मार्च को शिव पूजन विधि सृष्टि वर्णन शिव की रहस्यमई कथा 5 मार्च को सती प्रसंग विप्लव एवं रूद्राक्ष महिमा 6 मार्च को पार्वती चरित्र शिव विवाह महोत्सव, 7 मार्च को गणेश जन्म, कार्तिकेय जन्म ताड़का सुर वध शिव अवतार 12 ज्योतिर्लिंग कथा एवं 8 मार्च को सुबह 9:00 बजे से महा शिवपुरण की कथासार,रुद्राभिषेक, हवन के पश्चात दोपहर 12:30 बजे से विशाल भंडारा किया जाएगा। विशेष- प्रतिदिन सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे तक पार्थिक शिवलिंग की पूजा एवं रुद्राभिषेक होगा जिसमें सपत्नीक ही भाग ले सकते है। शिव महापुराण का आयोजन मां झरन मैया जन कल्याण समिति के रमेश मित्तल संरक्षक व मंदिर प्रभारी, महेश सहारे अध्यक्ष,सोहन भारद्वाज उपाध्यक्ष,नरोत्तम सागर सचिव, आनंद साहू कोषाध्यक्ष, ठाकुर राम रावटे संगठन मंत्री, मनीष पाठक सह संगठन मंत्री एवं समस्त नगरवासी दल्लीराजहरा की ओर से किया जा रहा है। रमेश मित्तल संरक्षक व मंदिर प्रभारी ने नगर सहित आस पास के समस्त ग्रामीणों से इस महाशिवपुराण कथा का श्रवण कर पुनीत लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# खेल एकजुट रहने के साथ संघर्ष करने की प्रेरणा देता हैः योगेश तिवारी

## नेवनारा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल हुए योगेश तिवारी



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम नेवनारा में जय चंडी कबड्डी दल के द्वारा आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिंदू सनातन संगठन व किसान नेता योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। प्रतियोगिता में आसपास गांव की दर्जन भर कबड्डी टीमों ने भाग लिया है। इस दौरान किसान नेता ने खिलाड़ियों की हौसला अफ्जाई करते हुए कहा कि कबड्डी खेल रोमांच का खेल है। इसमें युवाओं को अपनी ताकत के साथ साथ बुद्धिमता का भी प्रदर्शन करना होता है। युवाओं को ऐसी प्रतियोगिताओं में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इससे न सिर्फ उनकी शारीरिक क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि उनकी बौद्धिक क्षमता में भी विस्तार होता है। खेल हमेशा एकजुट रहने व संघर्ष करने की प्रेरणा देता है, जो युवा पीढ़ी के लिए जरूरी भी है । उन्होंने आयोजन समिति की सराहना की। कहा कि हमें ऐसे आयोजन करके युवाओं को समय-समय पर ऐसे प्लेटफार्म मुहैया कराना चाहिए, जिससे वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर खेल के क्षेत्र में अपना भविष्य भी बना सकें। उन्होंने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया।

### आयोजन में क्षेत्र के प्रतिनिधि व ग्रामीण रहे उपस्थित

इस दौरान उपस्थित गण में पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, प्रहलाद अग्रवाल अध्यक्ष चंडी मंदिर, प्रमिला कमल साहू सरपंच नेवनारा, भीखम साहू साई धाम संस्थापक नेवनारा, चंद्रिका प्रकाश वर्मा, मिथलेश साहू, टेकराम साहू, राजकुमार लहरे, पवन पाटिल, भरत यादव, मानसिह पाटिएल, सालिक बंछोर, जितू साहू, कामता साहू, बंटी पाटिल, नंदकुमार यादव, ओमप्रकाश पाल, तिलक पाटिल, डाक्टर दीपक साहू शिक्षक, भीषम साहू, राजन वर्मा, सुरेश साहू, त्रिलोक चौहान, राजेश निषाद, पप्पू सेन, लोकेश साहू आदि उपस्थित थे।

# पदम श्री डॉक्टर अरुण कुमार शर्मा जी पुरातत्व के लिए अपनी अलग पहचान बनाए थे

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पद्मडॉ अरुण कुमार शर्मा जी पुरातत्व सर्वेक्षण के लिए अपनी अलग पहचान बनाने में सफल रहे जिनका बीते दिनों बुधवार की देर रात देवाहसान हो गया शर्मा के निधन पर इतिहासकार डाक्टर आशीष दीवान एवं डाक्टर बसुबंधु दीवान ने शोक संवेदना व्यक्त किया है। पद्मडॉक्टर अरुण कुमार शर्मा छत्तीसगढ़ सरकार के मानद पुरातत्व सलाहकार रहे हैं। वे 1992 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, नागपुर से अधीक्षण पुरातत्वविद् के पद से सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में विशेष कर्तव्य अधिकारी के रूप में काम किया और मध्य प्रदेश के झिरी में फ्रांसीसी टीम के सहयोग से चित्रित शैलाश्रयों की खुदाई की। बाद में उन्होंने गुरुदेव सिद्धपीठ, गणेशपुरी की ओर से मुंबई के पास तमसा घाटी का सर्वेक्षण किया और पुस्तक प्रकाशित की। उन्हें भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद द्वारा छत्तीसगढ़ के मेगालिथ पर सर्वेक्षण और रिपोर्ट लिखने के लिए वरिष्ठ फेलोशिप से सम्मानित किया गया था। बोधिसत्व नागार्जुन स्मारक संस्थान और अनुसंधान केंद्र, नागपुर की ओर से, शर्मा ने 1990 से 1998 तक पूर्वी वाकाटक की राजधानी मानसर में और 2000 से 2004 तक छत्तीसगढ़ के सिरपुर में और बाद में 2005 से 2012 तक छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से खुदाई की। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में अपने करियर के दौरान उन्होंने पूरे भारत में, विशेषकर गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, जम्मू, महाराष्ट्र, लक्षद्वीप, हिमाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ में स्थलों की खुदाई की और रिपोर्ट प्रकाशित की। शर्मा ने 1990 में सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत फ्रांस का दौरा किया। वह केंद्रीय पुरातत्व सलाहकार बोर्ड और सदस्य स्थायी समिति के सदस्य रहे। 12-11-1933 को जन्मे शर्मा ने 1958 में सागर विश्वविद्यालय से मानव विज्ञान में मास्टर ऑफसाइंस की उपाधि प्राप्त की और 1959 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में शामिल हो गए। 1968 में उन्होंने नई दिल्ली से पुरातत्व में स्नातकोत्तर डिप्लोमा किया जहां टॉप करने पर उन्होंने मौलाना आज़ाद मेमोरियल गोल्ड मेडल और कई पुरस्कार प्राप्त की। अपने करियर के दौरान उन्हें कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है और उन्होंने पुरातत्व पर 35 पुस्तकें प्रकाशित की हैं। लोथल और कालीबंगा के पशु कंकाल अवशेषों का अध्ययन करने के बाद उन्होंने साबित किया कि भारत में घोड़े को पालतू बनाया गया था और सिंधु घाटी के लोग स्वदेशी थे और बाहर से नहीं आए थे। शर्मा इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ में बाबरी-मस्जिद-राम-जन्म-भूमि, अयोध्या मामले में मुख्य गवाह हैं और उन्होंने अदालत की संतुष्टि के लिए साबित किया कि वहां एक राम मंदिर था जिसे ध्वस्त कर दिया गया था। मंदिर तथाकथित अधूरी मस्जिद का मलबा उठाया गया और वही राम का जन्म स्थान था। शर्मा ने छत्तीसगढ़ के सिरपुर और राजिम में उत्खनन करवाया। हाल ही में जनवरी 2016 में शर्मा ने अपनी टीम के साथ बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा जिले के ढोलकल में नक्सल प्रभावित क्षेत्र में गणेश प्रतिमा को ध्वस्त करने के एक सप्ताह के भीतर पुनर्निर्माण किया।

# बाहरी व्यक्तियों को किराए में मकान देने से पूर्व इसकी सूचना अनिवार्य रूप से थाना में नोट कराने दी समझाईश



**बेमेतरा।** पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने जिले में हो रहे संपत्ति संबंधी अपराध में नियंत्रण करने के संबंध में सायबर सेल एवं समस्त थाना/चैकी प्रभारी को निर्देशित किया गया है जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में दिनांक 29.02.2024 को रात्रि में थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, सउनि रेशम लाल भास्कर एवं अन्य थाना स्टाफके द्वारा बेमेतरा से लगे आऊटर मोहभठ्ठा आवासी कालोनी/ वार्ड/गली/मोहल्ला मोहभठ्ठा वार्ड में पैदल पेट्रोलिंग कर घरों में आकस्मिक चेकिंग किया गया। वार्ड वासियों को किसी भी प्रकार की संदिग्ध व्यक्ति दिखने एवं कोई बाहर से आकर कही रूका हो जो आपको संदिग्ध लगे उसकी जानकारी एवं अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो व अन्य किसी भी प्रकार की अवैध कार्यो में लिप्त लोगो तथा किसी व्यक्ति की गतिविधि संदिग्ध लगे तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। साथ ही मकान मालिको को बाहरी व्यक्ति यों की सूचना मकान किराए में देने के पूर्व थाने में नोट कराने की हिदायत दी गई। आम जनता से अपील की जाती है कि बाहरी व्यक्ति यों को किराए में मकान देने से पूर्व इसकी सूचना अनिवार्य रूप से थाना में नोट कराएं।

# न्योता भोज में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव और स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल

## बच्चों को स्नेह से परोसा भोजन, बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर खाया खाना

■ न्योता भोज से मानसिक और शारीरिक रूप से पुष्ट होंगे स्कूली बच्चे : उप मुख्यमंत्री साव

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com





उप मुख्यमंत्री अरुण साव तथा स्वास्थ्य मंत्री एवं गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल पेंड्रा में स्कूली बच्चों के न्योता भोज में शामिल हुए। उन्होंने बड़े स्नेह से बच्चों को भोजन परोसा और उनके साथ जमीन पर बैठकर खाना खाया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पेण्ड्रा में गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला प्रशासन द्वारा आयोजित न्योता भोज में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक धरमलाल कौशिक, प्रणव कुमार मरपच्ची और किरण सिंह देव ने बच्चों को खीर, पूड़ी, पुलाव, पापड़, सलाद, चटनी और केला परोसा। उन्होने नन्हें बच्चों को अपने हाथों से खाना खिलाया और उनके साथ लाइन में बैठकर भोजन किया। उप मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और विधायकों के साथ जनप्रतिनिधियों ने बच्चों के साथ पौष्टिक और स्वादिष्ट न्योता भोज किया।

उप मुख्यमंत्री साव ने न्योता भोज के दौरान बड़ी आत्मीयता और सहजता से बच्चों से बात की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश में न्योता भोज अभियान चलाया है। यह प्रेरणा देने वाली योजना है। इससे बच्चों को सामूहिक रूप से भोजन करने का अवसर मिल रहा है। न्योता भोज में पौष्टिक, स्वादिष्ट एवं गर्म भोजन मिलने से बच्चे मानसिक एवं शारीरिक रूप से पुष्ट होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस योजना के तहत लोगों और संगठनों से विशेष मौके जैसे राष्ट्रीय पर्व, त्योहार, जन्मदिन या विवाह वर्षगांठ के मौके पर स्कूली बच्चों को भोजन कराने की अपील की है। मुख्यमंत्री की अपील पर पूरे प्रदेश में यह अभियान चल रहा है। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही की कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी, वन मण्डलाधिकारी शशि कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी जे.के. शास्त्री, कन्हैया राठौर, राकेश चतुर्वेदी और लालजी यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक न्योता भोज में शामिल हुए।

# एनडीआरएफ टीम सक्रिय-साराडीह बैराज में एनडीआरएफ टीम द्वारा बाढ़ एवं आपदा से बचाव का किया गया जीवंत प्रदर्शन





पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

जिले की कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन में आज जिले के साराडीह बैराज में मुंदाली कटक ओडिसा की 03 बटालियन एनडीआरएफ के द्वारा मॉकड्रिल के तहत बाढ़ आपदा में फंसे लोगों को सुरक्षित ढंग से बाहर निकालने का सफल और जीवंत प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साराडीह, सकराली, किरारी, कोटमी के नेशनल कैडेट कोर, स्काउट गाइड के स्कूली छात्र छात्राओं को आकस्मिक आपदा पर बाढ़ आपदा से निपटने में सक्षम बनाने के लिए साराडीह बैराज में मॉक ड्रिल का जीवंत प्रदर्शन किया गया । इस दौरान बचाव दल के जवानों ने आपदा के समय व्यक्ति को पानी के भीतर खोजने से लेकर उन्हें सुरक्षापूर्वक लाइव बोट तक लाने का मॉक ड्रिल के तहत सफल प्रदर्शन किया। बचाव के दौरान उपयोग होने वाले सभी उपकरणों का डेमो किया। इसमें सही तरीके से लाइफ जैकेट पहनना, डूबते व्यक्ति को तैराक द्वारा बचाना, अंडरवाटर ड्राइविंग एवं पानी के भीतर व्यक्तियों को पता लगाने की प्रक्रिया का भी जवानों ने जीवंत प्रदर्शन किया। इसके अलावा जवानों ने परंपरागत तरीके से निर्मित गांव में उपलब्ध सामानों से बचाव के उपकरण तैयार करने और बचाने के तरीके भी बताएं। इस दौरान मोटर बोट, फुल बॉडी हार्नेस, लाइफ ब्वॉय लाइफ जैकेट, स्ट्रेचर रस्सी फर्स्ट एड बॉक्स आदि का प्रदर्शन व उपयोग के तरीके बताए गए। इस अवसर पर टीम का नेतृत्व कर रहे अधिकारियों में एनडीआरएफ की ओर से डिप्टी कमांडेंट कन्हैया योगी, सब इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार, राजीव कुमार, जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम मालखरौदा अरुण सोम, डिप्टी कलेक्टर रूपेंद्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी बी. एल. खरे, सभी तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साराडीह, सकराली, किरारी, कोटमी के एनसीसी, स्काउट गाइड के स्कूली छात्र छात्राएं सहित जल संसाधन विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय की साक्षी वैष्णव बनी सुपर गर्ल

पायनियर संवाददाता ◂ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जिला प्रशासन के अभिनव पहल पर जांजगीर चाम्पा जिले के अग्रणी महाविघालय , टी सी एल जांजगीर में सुपर गर्ल शीर्षक पर जिलास्तरीय शासकीय महाविघालयों के छात्राओं का विभिन्न विधा एकल नृत्य, एकल गायन, एकल चित्रकला, भाषण, वाद निवाद, वाघयंत्र एवं कविता पाठ पर प्रतियोगिता का आयोजन 27 फरवरी को किया गया था । जिसमें जिले के प्रायः सभी शासकीय महाविघालयों के चयनित छात्राओं ने भाग लिया था । इस प्रतियोगिता में शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविघालय खरौद की बी. एस.सी..भाग दो की छात्रा साक्षी वैष्णव कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर सुपर गर्ल बनी । साक्षी के सुपर गर्ल बनने पर लक्ष्मणेश्वर महाविघालय में हर्ष व्याप्त है ।महाविघालय के प्राचार्य डॉं. जी. सी.भारव्दाज ने साक्षी को बधाई एवं शुभकामनाए देते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य महाविघालय मे नियमित अध्ययनरत बालिकाओं के अंदर कलात्मक प्रतिभा को उभारना है। उन्होने महाविघालय केअन्य छात्राओं को भी ऐसी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया ।

# उप मुख्यमंत्री साव ने जल जीवन मिशन के कार्यों को मिशन मोड में पूर्ण करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने आज वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर राज्य में जल जीवन मिशन का काम मिशन मोड में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आज रायपुर के सिविल लाइन स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में सभी अधीक्षण अभियंताओं और कार्यपालन अभियंताओं को उप संभागीय स्तर तक फील्ड में उतरकर प्रगतिरत कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर उन्हें शीघ्र पूर्ण कराने को कहा। साव ने गर्मियों में सभी जिलों में पेयजल की व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल की निर्बाध आपूर्ति के लिए हैंडपंपों एवं नल जल योजनाओं में खराबी आने पर तत्काल मरम्मत और रखरखाव कर सुचारू व्यवस्था बनाने को कहा। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगले दो महीनों में जल जीवन मिशन का काम मिशन मोड में पूर्ण करते हुए ज्यादा से ज्यादा गांवों में हर घर में नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित करना है। इसमें किसी तरह की लापरवाही या ढिलाई नहीं करना है। गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखते हुए कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करना है। उन्होंने मैदानी अधिकारियों को फील्ड का नियमित दौरा कर प्रगतिरत कार्यों को जल्द पूर्ण कराने को कहा। उन्होंने सभी अधीक्षण अभियंताओं को विभाग के उप संभागीय कार्यालयों द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी निगरानी फील्ड में जाकर करने के निर्देश दिए। उन्होंने फील्ड स्तर या प्रशासनिक स्तर पर आ रही समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए काम को आगे बढ़ाने को कहा। उप मुख्यमंत्री साव ने गर्मियों में सभी गांवों में पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने हैंडपंपों और नल जल योजनाओं की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए जरूरी सभी सामग्रियों की व्यवस्था अग्रिम रूप से कर लेने को कहा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता डॉ. एम.एल. अग्रवाल ने बैठक में बताया की आसन्न गर्मी के मौसम को देखते हुए नल जल योजनाओं एवं हैंडपंपों की मरम्मत और रखरखाव के लिए आगामी जून माह तक की जरूरत के मुताबिक आवश्यक सामग्रियों की खरीदी कर सभी जिलों में भिजवा दिया गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के रायपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता राजेश गुप्ता, अधीक्षण अभियंता समीर गौर, बिलासपुर परिक्षेत्र के प्रभारी मुख्य अभियंता संजय सिंह, अंबिकापुर के अधीक्षण अभियंता भीम सिंह, दुर्ग के अधीक्षण अभियंता संजीव बिजपुरिया, जगदलपुर के अधीक्षण अभियंता एस.एन. चंद्रा और कोंडागांव के अधीक्षण अभियंता एस.एन. पाण्डेय भी बैठक में मौजूद थे।

# अवैध रूप से महुआ शराब रखने वाले पर मालखरौदा पुलिस की कार्रवाई

**सक्ती।** 29 फरवरी को अवैध रूप से महुआ शराब कब्जे में रखने वाले आरोपियों के विरुद्ध मालखरौदा पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही हुई है,एक महिला सहित दो पुरुष आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी अधि. के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को जेल दाखिल किया गया हसि,जिला पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध में लगातार जिला पुलिस द्वारा कार्यवाही किया जा रहा है साथ ही साथ चलित थाना के माध्यम से लोगों में नशे से दूर रहने तथा अपराध के संबंध में जानकारी देकर जागरूक भी किया जा रहा है, परंतु कुछ अपराधियों के द्वारा अभी भी लुक - छिपकर अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर बिक्री कर रहे हैं, 29 फरवरी को थाना प्रभारी मालखरौदा निरीक्षक राजेश चंद्रवंशी के द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर सहायक उप निरीक्षक राधेश्याम राठौर, संतोष तिवारी और प्रधान आरक्षक अयूब खान के अलग-अलग टीम बनाकर सूचना के आधार पर अलग - अलग जगहों पर दबिश दिया गया ।

# आंल इन्डिया लीनेस क्लब की प्रथम कैबिनेट एवम शपथ ग्रहण समारोह सम्पन



पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

आंल इन्डिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट CM-1 संपदा की प्रथम कैबिनेट बैठक शपथग्रहण (आरंभ) समारोह का आयोजन मां शारदा की नगरी मैहर के मैहरिन होटल में किया गया,कार्यक्रम की मुख्य अथिति मल्टीपल प्रेसीडेंट लीनेस सुनीता फरखया, विशिष्ट अतिथि लीनेस सुमन सिंह, लीनेस साधना भंडारी, की गरिमामयी उपास्थिती में शपथ अधिकारी लीनेस रत्ना ओस्तवाल ने सभी नये पदाधिकारियों को शपथ दिलाई, सक्ती क्लब से एरिया आफिसर डा.शालु पाहवा के साथ ली। पास्ट डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट उषा अरोरा, पूर्व एरिया आफिसर ली। रेखा त्रिपाठी, हरितिमा दरी क्लब की अध्यक्ष ली.नीलम शुक्ला, सचिव ली.गायत्री नायक, कोषाध्यक्ष ली.माधवी सिंह ने भी शपथ ली।

# इंस्टाग्राम में कर दिया नहाते समय का वीडियो बनाकर अपलोड आरोपी को हुई तीन वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com




फास्ट ट्रैक कोर्ट शक्ति के विशेष न्यायाधीश यशवंत कुमार सारथी ने नाबालिग बालिका के साथ लैंगिक आशय से उसका रास्ता रोककर तुमसे प्यार करता हूं कह कर हाथ- बाह पकड़ कर लैंगिक हमला कारित करने वाले एवं स्त्री के लज्जा भंग करने तथा पीड़िता की नहाते समय का अश्लील वीडियो तैयार कर अपने मोबाइल से इंस्टाग्राम मे अपलोड कर प्रकाशित, पारेसित करने वाले अभियुक्त के विरुद्ध आरोपित अपराध दोष सिद्ध पाए जाने पर आरोपी को 3 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा एवं अर्थदंड से दंडित करने का निर्णय पारित किया है। विशेष लोक अभियोजक राकेश महंत ने बताया कि नाबालिक अभियोक्त्री 5 अक्टूबर 2021 को सुबह 10:00 बजे जब स्कूल जा रही थी तो आरोपी लैंगिक आशय से उसका रास्ता रोक कर तुमसे प्यार करता हूं कहकर पीड़िता की हाथ बाह को पकड़कर लैंगिक हमला कारित किया, स्त्री की लज्जा भंग किया तथा पीड़िता एवं उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दिया तथा दिनांक 12 अक्टूबर 2021 को पीड़िता बोर में स्नान कर रही थी तो आरोपी ने उसकी नहाते समय का अश्लील वीडियो तैयार किया तथा अपने मोबाइल से उसे इंस्टाग्राम में अपलोड कर दिया जिसका रिपोर्ट थाना हसौद में दर्ज कराया गया था,थाना हसौद द्वारा आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज कर संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र विशेष न्यायालय शक्ति में पेश किया गया था,विशेष न्यायालय शक्ति ने उभय पक्षों को पर्याप्त समय अपने पक्ष रखने के लिए देने के पश्चात तथा अभियोजन एवं अभियुक्त पक्ष के अंतिम तर्क श्रवण करने तथा संपूर्ण विचारण पूर्ण होने के पश्चात न्यायालय द्वारा निर्णय पारित किया गया। अभियोजन द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध आरोपित अपराध भारतीय दंड संहिता की धारा 509 , 354 ग एवं आईटी एक्ट की धारा 67 को संदेह से परे प्रमाणित कर दिए जाने से अभियुक्त राजू चौहान पिता जगन्नाथ चौहान उम्र 30 वर्ष निवासी रन पोटा थाना हसौद जिला शक्ति को विशेष न्यायाधीश यशवंत कुमार सारथी द्वारा सिद्ध दोष पाए जाने पर दोष सिद्ध घोषित किया गया तथा अभियुक्त को भारतीय दंड संहिता की धारा 509 के अपराध के लिए 1 वर्ष के सश्रम कारावास एवं ?1000 के अर्थ दंड तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 354 ग के अपराध के लिए 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10,00 के अर्थदंड से एवं धारा 67 आई टी एक्ट के अपराध के लिए 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं ?5000 के अर्थदंड से दंडित किया गया है ।

# सरकारी स्कूल झलरौंदा में विज्ञान दिवस पर हर घर गुब्बारा कार अभियान का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

विज्ञान दिवस पर झालरौंदा स्कूल में चलाए गए 157 गुब्बारा कार शासकीय प्राथमिक शाला झालरौंदा एवम शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला झालरौंदा में विज्ञान दिवस के अवसर पर शिक्षक महेन्द्र कुमार चन्द्रा एवम चंचला चन्द्रा के मार्गदर्शन में 'हर घर गुब्बारा कार' अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को गुब्बारा कार के बारे में जानकारी देते हुए उससे सम्बंधित विज्ञान के नियमों के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए पूर्व में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया थे,जिससे बच्चे सिखकर विभिन्न प्रकार के गुब्बारा कार बना कर लाए थे। जिसका 10 फरवरी को ट्रायल किया गया था। जिसमें 130 बच्चों ने अपने खिलौना गुब्बारा कार का प्रदर्शन किया था। जिसमें एक कार 45 फीट की दूरी तक गया था। इसी कार्यक्रम में 28 फरवरी विज्ञान दिवस के अवसर पर राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ द्वारा 'हर घर गुब्बारा कार' अभियान के तहत वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए इस विद्यालय से 157 छात्रों ने गुब्बारा कार का निर्माण कर प्रदर्शन किया, जो कि अपने आप में एक अनूठा प्रदर्शन था।

## जनजातीय समुदाय के महिलाओं के यौन उत्पीड़न मामला

# लगातार हो रहे अपराध के विरोध में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में जनजातीय समुदाय के महिलाओं के यौन उत्पीड़न व लगातार हो रहे अपराध के विरोध में एमसीबी जिले के कलेक्टर को जनजातीय सुरक्षा मंच के बैनर तले ज्ञापन देकर उनसे जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की गई. महिलाओं के साथ सालों से हो रहे अनाचार ने देश को झकझोर के रख दिया है, देश को शर्मशार किया है. इस मौके पर डॉ रश्मि सोनकर, प्रतिमा पटवा, गीता पासी, पुष्पा सिंग, शीला सिंह, उर्मिला राव,पूजा पटेल, रेखा गुप्ता, अल्का विश्वकर्मा,मंमता देवांगन, हरभजन सिंह, संतोष सिंह, उजित नारायण सिंह, परमेश्वर सिंह, मीनू सिंह, मनोज केसरवानी, हिमांशु श्रीवास्तव समेत काफी संख्या में कार्यकर्त्ता मौजूद रहे। इस मौके पर डा. रश्मि सोनकर ने कहा कि संदेशखाली, पश्चिम बंगाल में हो रहे महिला उत्पीडन के विरुध्द प्रतिवाद एवं पिक महिलों को अविलंब न्याय देने हेतु मुख्यमंत्री को कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया है.वेस्ट बंगाल में जनजातीय महिलाओ के साथ हो रहे प्रताड़ना को लेकर के एमसीबी जिला मुख्यालय में जनजातीय समाज की महिलाओं के द्वारा बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुँच कर सीएम के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा और मांग की है कि तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहाँ शेख और उनके सहायक वर्षो से महिलाओं पर जमकर अत्याचार कर रहे हैं जिसके विरोध में संदेश खाली में आक्रोशित महिलाओ के द्वारा पैदल मार्च निकाला और जमकर नारे बाजी की गई थी। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई. संदेशखाली, पश्चिम बंगाल में महिलाओं के प्रति अत्याचार की भयावह कहानियों ने देश के हर व्यक्ति के मानस को भीतर तक झकझोर दिया है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोग, जो प्रमुख पीड़ित हैं, उन्होंने कहा कि स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहाँ शेख और उनके सहायक वर्षों से उन पर अत्याचार कर रहे थे।प्रमुख अपराधी शाहजहां, जो तृणमूल कांग्रेस का हिस्सा हैं, अभी तक ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा नहीं पकड़ा नही गया है। इन गरीब, कमजोर महिलाओं की वेदना का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि तृणमूल कांग्रेस के लोग हर घर में सुंदर महिलाओं, ज्यादातर युवा पत्नियां या लड़कियों की तलाश करते थे, और मिलने पर उन्हें पार्टी कार्यालय में ले जाया करते थे। जब तक वे खुश नहीं हो जाते, वे उसे रात-रात भर वहीं रखते। ये महिलाएं सदमे में हैं क्योंकि उन्हें हमेशा बलात्कार या प्रताड़ित होने का डर रहता है। उनका कहन कि शाहजहां और उसके लोगों ने जबरदस्ती न केवल उनकी जमीन छीन ली बल्कि सालों से उन्हें रहे हैं और यौन उत्पीड़न कर रहे हैं।

# वैश्य समाज के शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करवाने अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन ने करी पहल



पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा देश भर के वैश्य समाज के 21 वर्ष से 50 वर्ष तक के शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में ढ्ढड्डस्न के मार्गदर्शन में अनुकरणीय पहल की गई है, तथा अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, राष्ट्रीय महामंत्री राजीव मित्तल एवम कोषाध्यक्ष दिनेश चंद्र गुप्ता सहित पूरी राष्ट्रीय टीम इस महत्वपूर्ण कार्य को गति देने में जुटी हुई है,तो वहीं अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के संस्थापक सदस्य स्व. रामदास अग्रवाल जी के सपनों को मूर्त रूप देने के लिए वैश्य समाज के शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा तथा वैश्य समाज के 21 वर्ष से 50 वर्ष तक के कोई भी युवक/युवती जिनकी शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम दसवीं पास हो एवं ऐसे शिक्षित बेरोजगारों को न्यूनतम रु.15000/-रुपये प्रतिमाह से रु. 50000/-रुपये प्रतिमाह तक की रोजगार रूपी नौकरियां देश के किसी भी कोने में उपलब्ध करवाई जाएगी तथा अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा संबंधित आवेदक के गृह राज्य में प्राथमिकता के आधार पर उन्हें नौकरी दी जा सके यह भी प्रयास किया जाएगा,एवम इस रोजगार संबंधी कार्य के लिए आवेदक अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के मोबाइल नंबर-9770010101 पर अपनी योग्यता से संबंधित समस्त जानकारियां दस्तावेजो के साथ व्हाट्सएप के माध्यम से शेयर कर सकते हैं।

# बिजली की समस्या से परेशान कई गांव के किसान , घड़ी चौक में किया चक्का जाम

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बिजली की समस्या से परेशान होकर कई गांव के किसान सामूहिक रूप से बेमेतरा जिला मुख्यालय के घड़ी चौक में लगभग घंटे भर तक के चक्का जाम किया इस दौरान बिजली विभाग राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग के अधिकारी द्वारा किसानों को समझने का प्रयास किया गया बाद में कलेक्टर के द्वारा किसानों के प्रतिनिधियों से 4:00 बजे भेंट करने की बात कहे जाने पर किस चक्का जाम को खोलने पर सहमत हो गए। इन दोनों ग्रीष्मकालीन धान की फसल किसानों के द्वारा लगाया गया है जिसके कारण पानी की खपत ज्यादा होती है किंतु किसानों को पर्याप्त रूप से पानी नहीं मिलने के कारण किसान लगातार शासन प्रशासन जनप्रतिनिधि अधिकारियों सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी पर्याप्त बिजली देने की मांग लगातार जुबानी एवं लिखित



रूप से करते आ रहे थे किंतु इस तरफ संतोषजनक कार्यवाही नहीं होने के से परेशान हो गए किसान और अंततः अपनी परेशानी को व्यक्त करते हुए धनेली घाठोली बगौद जोगीपुर बोरिया मोहरेंगा खैरी सोनपुरी सहित लगभग 12- 15 गांव के किसान शु वार को दोपहर को विभिन्न वाहनों के माध्यम से जिला मुख्यालय पहुंचे और घड़ी चौक पर चक्का जाम कर दिया गया जिससे नेशनल हाईवे रायपुर जबलपुर मार्ग दुर्ग कवर्धा बालसमुंद मार्ग पर आवाजाही बंद हो गया और इस से वाहनों की लाइन लगना शुरू हो गया है इस बीच अधिकारियों को पता चलने पर तत्काल मौके पर बिजली विभाग के नगर के उप यंत्री गुलाब साहू बेमेतरा एसडीएम युगल किशोर उर्वशा, टीआई चंद्र देव वर्मा, तहसीलदार मौके पर पहुंचे और किसानों से चक्का जाम को बंद करने की बात करते हुए समझाने लगे किंतु किसान अपनी मांग पर अड़े रहे किसानों का कहना था कि लगातार प्रशासन शासन को पानी की समस्या से अवगत कराते रहे किंतु किसानो की समस्या से किसी को कोई सरोकार नहीं था जिसके कारण अब उनकी फसल जो है वह खराब होने की कगार पर पहुंच गया है ऐसी स्थिति में क्या करें उनको तो खाने की लाले पड़ जाएगा किसानों का कहना है कि 2 महीने से हम परेशान हैं कई बार सबको जानकारी दी गई है लगातार बताने के बाद भी कोई परिणाम हासिल नहीं हुआ जिसके कारण परेशान होकर हमें चक्का जाम करना पड़ गया इन लोगों का कहना था कि उद्योग धंधे वाले को लगातार बिजली की सप्लाई की जा रही है वहीं किसानों को मात्र सुबह दो-तीन घंटा और शाम को दो-तीन घंटा ही बिजली दी जा रही है जिसके कारण उनके फसल को पर्याप्त रूप से बिजली में पानी नहीं मिल पा रहा है जिससे फसल सूखने लगा है। बाद में बेमेतरा के तहसीलदार के द्वारा बताया गया की 4:00 बजे कलेक्टर किसानों के प्रतिनिधियों से मिलने का बात कही है इससे संतुष्ट होकर किसान चक्का जाम को समाप्त किया। किसान तथा बेमेतरा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष टेकराम कौशल ने बताया कि सोनपुरी उसलापुर पुराण घाठोली झिरिया भैंसा में उद्योग लगाने वालों को लगभग सब मिलकर 5000 मेगावाट बिजली दिया जा रहा है और उतना ही है बिजली क्षेत्र के सभी गांव के किसानों को दिया जाता है ऐसी स्थिति में किसानों को पानी पर्याप्त रूप से नहीं मिल पा रहा है।

**किसानों की प्रमुख मांग यह रही**

किसानों की मांगों में प्रमुख रूप 24 घंटे में 18 घंटा बिजली दिया जाए वहीं उद्योग वालों का 6 घंटे बिजली काट दिया जाए ताकि गांव वालों को पर्याप्त बिजली मिल सके दूसरा मांग उनका बिजली के बिल के नाम पर अनाप-शनाप मनमानी जो बिल आ रही हैं जिसे निरस्त कर निम्नानुसार बिजली का बिल दिया जाए इस संबध में किसानों के द्वारा बताया गया कि दस दस हजार रूपए तक बिल आ रहा है इन लोगों का मांग है कि बिजली लाइनमैन को वहां से हटाया जाए इसी तरह बिजली पर्याप्त रूप से नहीं मिलने के कारण फसल खराब होने की कगार पर आ गई है ऐसी स्थिति पर उन्हें मुआवजा दिया जाए टेकराम कौशल ने आगे कहा की धनेली के गली लाइन को थ्री फेस लाइन में तब्दील किया जाए समाचार लिखे जाने तक किसान कलेक्टर से मिलने की तैयारी में जुटे हुए थे।

# मीसाबंदी पेंशन के नाम पर भाजपा और संघ के लोगों को लाभ पहुंचाने की योजना : विनोद चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ◂ महासमुंद
www.dailypioneer.com



पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने मीसाबंदी पेंशन योजना पर सवाल उठाते हुए इसे छत्तीसगढ़ के खजाने की लूट बताया है। उन्होंने कहा कि मीसा बंदी पेंशन योजना यानी भाजपा और आरएसएस के लोगों को आर्थिक लाभ पहुंचाने की योजना है। ये छत्तीसगढ़ के खजाने की सरकार के संरक्षण में होने वाली संगठित लूट है। भाजपा के 15 साल के शासन काल के दौरान भी मीसा बंदियों को पेंशन देने के नाम से आरएसएस और भाजपा के लोगों को करोड़ों रुपए का आर्थिक लाभ दिया गया था। तब प्रदेश के किसान, मजदूर, युवा भूखे रहे एवं भाजपा और संघ के जुड़े लोग मलाई खाते रहे। चंद्राकर ने कहा कि रमन सरकार के दौरान से चल रही मीसाबंदी पेंशन के नाम से छत्तीसगढ़ के खजाने में चल रही लूटपाट को कांग्रेस की सरकार ने रोका था और मीसा बंदी पेंशन में होने वाले फिजूल खर्च को रोककर जनहित में खर्च किया गया था। उन्होंने कहा कि साय सरकार बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता नहीं दे रही है। गोबर खरीदी को बंद कर दी गई है, किसान न्याय योजना, कृषि मजदूर न्याय योजना के हितग्राहियों को बकाया किस्त का भुगतान नहीं कर रही है, लेकिन आरएसएस और भाजपा के प्रचारकों को लाभ पहुंचाने के लिए मीसाबंदी पेंशन को फिर शुरू कर रही है, और छत्तीसगढ़ के खजाने को आर्थिक चपत लगाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के हक और अधिकारों पर डकैती डालकर प्रदेश के खजाने का पैसा संघी भाजपाईयों पर लूटा रहे हैं। मीसाबंदी पेंशन को बंद किया जाना चाहिए यह राज्य के लिए आर्थिक क्षति है। पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि आजादी की लड़ाई से लेकर देश के नवनिर्माण में संघियों की भूमिका नकारात्मक ही रही है। भारत छोड़ो आंदोलन से लेकर आजाद हिंद फौज तक का विरोध तत्कालीन संघियों ने किया था। वर्तमान में भी मणिपुर, गोवा, कर्नाटक, मध्यप्रदेश महाराष्ट्र और हाल ही में हिमांचल में लोकतंत्र का गला घोटने का कुत्सित प्रयास करने वाले भाजपाइयों द्वारा लोकतंत्र सेनानी होने का दावा करना हास्यास्पद है। लोकतंत्र सेनानी का दावा करने वाले संघी मणिपुर और डोकलाम मामले में चुप क्यों हैं?

# ग्राम विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें कलार परिवार : डॉ. नीरज

पायनियर संवाददाता ◂ महासमुंद
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में साढ़े पांच सौ साल से अधिक शासन करने वाले कल्चुरी राजवंश यानि कलार परिवारों का इतिहास स्वर्णिम रहा है, और इसे बनाए रखने की आवश्यकता है। देश के सभी समाजों के साथ सहकार भाव रखते हुए कलार शासकों ने गांव-क्षेत्र के विकास में अपनी भागीदारी निभाई है और आगे भी हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि पूर्वजों के दिखाए रास्ते पर हम ग्राम विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उक्त बातें कलार समाज के जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज गजेंद्र ने कही। कोमाखान के भलेसर गांव से कलार संपर्क यात्रा की शुरुआत करते हुए डॉ. नीरज ने कलार परिवारों से कहा कि अब अपनी क्षमता के उपयोग का समय आ गया है। सरकारी सुविधाओं के लाभ और अपनी मेहनत-लगन से कलार परिवार हर क्षेत्र में सक्षम होते जा रहे हैं, इसलिए जरूरी है कि स्वयं के साथ ग्राम विकास में प्रत्येक परिवार की भूमिका स्पष्ट दिखे। सर्व समाज में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन, माता बहादुर कलारिन के योगदान का स्मरण करते हुए डॉ. नीरज गजेंद्र कहा कि समाज में कुछ रस्मों को परिस्थितियों के आधार पर शुरू किए गए थे, लेकिन अब आधुनिकता और भौतिकता के चलते अधिकांश परंपराएं रूढ़ीवादी और अप्रासंगिक होने लगी हैं, उनमें सुधार कर भविष्य की रूपरेखा तैयार करने की आवश्कता है। परिवार संपर्क यात्रा के उद्धाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज के जिला संरक्षक ईश्वर सिन्हा ने कलार परिवारों की दानशीलता से अवगत कराया और बताया कि किस तरह से समाज के पूर्वजों ने जनहितैषी कार्यों में अपनी महति भूमिका निभाई है। उन्होंने फिजुलखर्ची पर रोक लगाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए अनेक गैर जरूरी परंपराओं में सुधार की आवश्यकता बताई, जिसे समाज के सदस्यों ने तत्काल प्रभाव से अमल में लाने का संकल्प लिया। समाज के परिक्षेत्र मंडलेश्वर डूमनलाल सिन्हा ने सुअरमाल क्षेत्र में चल रहे सामाजिक गतिविधियों से अवगत कराया और बताया कि समाज के बच्चे अब शिक्षित होने के साथ-साथ संस्कारिक भी हैं, अब समाज की आर्थिक दशा को मजबूत करने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन भलेसर के सरपंच बलराम सिन्हा कर रहे थे। कार्यक्रम में ग्राम के ईश्वर सिन्हा, सियाराम, द्वारकाप्रसाद, टीकम सिंग, रामकुमार, बेदराम, चुम्मन, कंचन सिन्हा, भुखऊराम सिन्हा, हेमनाथ सिन्हा समेत बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे।

समाज सुधार के सुझाव एकत्र करने परिवार संपर्क यात्रा : समाज के जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज गजेंद्र ने परिवार संपर्क यात्रा पर चर्चा करते हुए बताया कि समाज में लंबे समय से अनेक अनुपयोगी नियमों का पालन करते हुए रस्मअदायगी की जा रही है, जिसमें परिवर्तन की आवश्यकता है। कई ऐसे सामाजिक संस्कार हैं, जिनकी उपलब्धता और उपयोगिता मौजूदा परिवेश में औपचारिकता बनकर रह गई है। ऐसे नियम जैसे वैवाहिक कार्यक्रम में बहुसंख्यक उपस्थिति, अनावश्यक वस्तुओं का अदान-प्रदान आदि शामिल हैं, उन सब औपचारिक परंपराओं में सुधार के लिए परिवारजनों ने सुझाव एकत्र किए जा

# लोकसभा चुनाव के तैयारी में जुटी भाजपा

पायनियर संवाददाता ◂ बसना
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण ने भाजपा ने अपने तैयारी तेज कर दी है। शुक्रवार को भाजपा ने महासमुंद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बसना विधानसभा में चुनावी कार्यालय का उद्धाटन किया। इसके साथ ही भाजपाइयों ने महासमुंद लोकसभा में ऐतिहासिक अंतर से जीत दर्ज करने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रमुख रूप कलस्टर प्रभारी एवं कुरुद विधायक अजय चंद्राकर, सांसद चुन्नीलाल साहू, जिलाध्यक्ष रुपकुमारी चौधरी, संभागीय सह प्रभारी जगन्नाथ पाणीग्राही, लोकसभा प्रभारी व विधायक रायपुर ग्रामीण मोतीलाल साहू, लोकसभा संयोजक व पूर्व प्रदेश मंत्री शंकर अग्रवाल, बसना विधानसभा संयोजक डॉ एनके अग्रवाल, नगर पंचायत बसना अध्यक्ष गजेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, सरायपाली पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष द्वय रमेश अग्रवाल, जितेन्द्र त्रिपाठी,युवा मोर्चा पूर्व जिला उपाध्यक्ष धनेश नायक, मण्डल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, माधव साव, कृष्ण कुमार साहू, हरप्रसाद पटेल, महामंत्री व विधायक प्रतिनिधि अभिमन्यु जायसवाल, महामंत्री जन्मजय साव, महामंत्री प्रहलाद साहू, महामंत्री राजकुमार पटेल, जनपद सदस्य ताराचंद साहू,जनपद पिथौरा सभापति सोहन पटेल,जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरें सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजुद रहे। इस दौरान सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 साल में भाजपा ने गांव गरीब किसान सहित सभी वर्ग के विकास के लिए देश में ऐतिहासिक जनकल्याणकारी कार्य किए है। विश्व पटल में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। मोदी जी ने देश के कई पीढ़ी का राम मन्दिर निर्माण का सपना पूरा किया है। सांसद साहू ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने 400 पार का आव्हान किया है। इसे पूरा करने हम सभी को मिलकर धरातल में काम करना है। पिछले चुनाव में आप लोगों जो संघर्ष था अतुलनीय था। अबकी बार 400 पार से सरकार बनाना है। छत्तीसगढ़ के पूरे 11 सीटों को जीत दिलाकर मोदी जी के हाथों देना है। जिलाध्यक्ष रुपकुमारी चौधरी ने कहा कि हमने जो अपने जिला में जो दो विधानसभा सीट जीते हैं उसमें बसना विधानसभा में रिकार्ड मतों से विजयी हुए हैं। छत्तीसगढ़ में जो सरकार बने हैं उसमें आप सभी कार्यकर्ता का विशेष योगदान है। आने वाला लोकसभा चुनाव में दुगना उत्साह के साथ अपने लोकसभा प्रत्याशी को जीत दिलाना है। विधायक मोतीलाल साहू ने कहा कि आज इस लोकसभा क्षेत्र के आठवां कार्यालय का उद्धाटन किये। पिछले तीन कार्यकाल में इस विधानसभा चुनाव रिकार्ड 54 सीटों से जीत हासिल करने में सफल रहे। हमने ही बनाया है हमही संवारेंगे की नारा में महत्वपूर्ण विश्वास दिलाता है। महतारी वंदन योजना का लाभ सीधे महतारी बहनों के खाते में 8 मार्च को और किसान भाइयों का बचत भुगतान 10 मार्च को सीधे खाते में जमा किया जाएगा। आप सभी कार्यकर्ता एवं जनता का आशीर्वाद चाहिए और बना रहे। बसना विधानसभा क्षेत्र से अधिक से अधिक मतों से जीत दिलाने का अपील करता हूं।

# चंद्रप्रकाश व्यास आल इंडिया को आपरेटिव्ह बैंक एम्प्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय उप महासचिव निर्वाचित

## अपेक्स बैंक एम्प्लाइज आफिसर्स यूनियन छत्तीसगढ़ द्वारा श्री चंद्रप्रकाश व्यास का भव्य स्वागत



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक( अपेक्स बैंक) के प्रबंधक सी पी व्यास आल इंडिया कोआपरेटिव्ह बैंक एम्प्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय उपमहासचिव निर्वाचित हुए है। फेडरेशन की आठवीं राष्ट्रीय सम्मेलन हैदराबाद में आयोजित हुआ। जिसमे देशभर के कोआपरेटिव्ह बैंको के कोआपरेटर तथा कोआपरेटिव्ह यूनियन के डेलीगेट्स निर्वाचन में हिस्सा लिए। हैदराबाद से सी पी व्यास राष्ट्रीय उप महासचिव निर्वाचित होकर रायपुर पहुँचे। नवा रायपुर स्थित अपेक्स बैंक मुख्यालय तथा शाखा पंडरी में आज दिनाँक 01.03.2024 को सी पी व्यास का गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इसमे अपेक्स बैंक एम्प्लाइज आफिसर्स यूनियन के पदाधिकारीगण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।इस अवसर पर अपेक्स बैंक ओएसडी अविनाश श्रीवास्तव, अपेक्स बैंक एम्प्लाइज आफिसर्स एसोशिएशन के अध्यक्ष व एजीएम अजय भगत, एजीएम अरुण पुरोहित, एजीएम एल के चौधरी, प्रबंधक ए के लहरे, प्रबंधक अभिषेक तिवारी, संवर्ग अधिकारी श्रीकांत चंद्राकर, प्रबंधक गुंजार सिंह ठाकुर, अरुण मिश्रा, प्रभाकर कांत यादव, दिवाकर पैकरा, गजेंद्र साय, रविन्द्र यादव, विवेक सिंह ठाकुर, समर सिंह सोलंकी एवं बडी संख्या में अधिकारी व कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 19 विकास कार्य के लिए 98 लाख 46 हजार रूपये स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव की अनुशंसा पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल द्वारा विधायक निधी से 19 विकास कार्य के लिए 98 लाख 46 हजार रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत देवभोग अंतर्गत ग्राम पंचायत रोहनागुड़ा में प्रधानमंत्री सड़क से तिलक घर तक व वार्ड क्रमांक 5 में सीसी रोड़ निर्माण के लिए 5-5 लाख रूपये तथा ग्राम पंचायत करलागुड़ा बस्ती में सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार जनपद पंचायत गरियाबंद के ग्राम पंचायत कोसमबुड़ा में सालिक घर से बिसाहू घर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 4 लाख 86 हजार रूपये, ग्राम कोसमी द में श्यामवती के घर से सिया बाई घर तक सीसी निर्माण के लिए 4 लाख 98 हजार रूपये।

# एस के रायपुर मैराथन 3 मार्च को, सुबह 4.30 बजे से दौड़ेगा

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



राायपुर को स्वच्छ, सुन्दर और स्वस्थ शहर बनाने के लिए 3 मार्च को एस के रायपुर मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इसमें हजारों की संख्या में रायपुर वासी भाग लेंगे और 21 किमी, 10 किमी ,और 3 किमी की रन फॉर हर दौड़ का हिस्सा बनेंगे , आज इस मैराथन के टी शर्ट और बीब नंबर को आयोजक मुकेश मिश्रा और एस के फाइनेंस के मार्केटिंग हेड अंशुल जैन के साथ आयोजन से जुड़े लोगो ने लांच किया । आयोजक मुकेश मिश्रा ने आज टी शर्ट लॉच सेरेमनी के बाद आयोजित संवददाता सम्मेलन में बताया कि आईआईइएमआर इंस्टीटयूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट द्वारा एस के फाईनेंस के साथ इस मैराथन का आयोजन किया जा रहा है जिसमे 2 मार्च को बीब एक्सपो का आयोजन होगा जिसमे मैराथन में भाग लेने वाले सभी रजिस्टर्ड प्रतिभागियों को मैराथन किट का वितरण स्प्री वाक मरीन ड्राइव तेलीबांधा फ्लैग एरिया में सुबह 11 बजे से 5 बजे तक किया जाएगा । एस के रायपुर मैराथन में कुल तीन श्रेणियों में बडी तादाद में लोग रायपुर को सबसे स्वच्छ, सुन्दर और स्वस्थ बनाने के लिए साथ ही महिला स्वास्थय के लिए अवेयरनेस के लिए दौड़ लगाएंगे फिल्म अभिनेत्री महिमा चौधरी रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगी । इस रन में महिला रनर्स जो तीन किमी में रन कर रही है को फ्री रजिस्टर्ड किया जा रहा है । उन्होंने बताया कि तीन मार्च को एस के रायपुर मैराथन में सभी दौड़ की शुरुआत स्प्री वॉक मरीन ड्राईव फ्लैग एरिया से होगी जिसमें प्रवेश स्प्री फूड लैब जल विहार की तरफसे होगा ।

**ये रहेगा फ्लैग ऑफ और रिपोर्टिंग का समय**

एस के रायपुर हाफ मेराथन 21 किमी, रिपोर्टिंग टाइम - सुबह 4 .1 5 बजे , फ्लैग ऑफ- सुबह 4 .30 बज, एस के रायपुर 10 किमी रन, रिपोर्टिंग टाइम - सुबह 5 .4 5 बजे , फ्लैग ऑफ - सुबह 6 .00 बजे , रन फॉर हर , यूथ रन - 3 किमी , रिपोर्टिंग टाइम - सुबह 6 .30 बजे , फ्लैग ऑफ - सुबह 7.00 बजे, सभी फिनिशर्स को रन समाप्ति के बाद मैडल दिए जायेंगे और टॉप विनर्स को इनामी राशि दी जाएगी ।

**ये रहेंगी रुट पर व्यवस्था**

नारायण हेल्थ एमएमआई की और से 4 मेडीकल स्टेशन , 2 एम्बुलेंस होंगी जिसमे मेडिकल स्टाफ मौजूद रहेंगे , साथ ही 6 वाटर स्टेशन और एक ऑरेंज और एनर्जी स्टेशन धावकों के लिए रहेंगे इसके अलावा एस के फाइनेंस चीयर ज़ोन और लोक कलाकारों के ग्रुप चीयर करने के लिए रहेंगे।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जगदलपुर जिला-बस्तर (छ.ग.)

दूरभाष क्र. 07782-222336 (कार्या.) फैक्स नं. 225777 ई-मेल spofficejdr@gmail.com

### // हासकीपिंग (साफ-सफाई) कार्य निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांकः- पु.अ./बस्तर/रा.नि./रीडर/777-B/2024, दिनांक 27/02/2024

पुलिस विभाग जिला बस्तर अंतर्गत आने वाले कार्यालय भवनों की हाउसकीपिंग (साफ-सफाई) कार्य हेतु वार्षिक अनुबंध के लिए इच्छुक संस्था/फर्म जिन्हे किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय/नगरीय निकायों/सार्वजनिक उपक्रमों में कार्य करने का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव हो, ठेका दिये जाने हेतु दिनांक 09/03/2024 को 15:00 बजे अपरान्ह तक सीलबंध लिफाफे में निविदा/भावपत्र आमंत्रित किये जाते हैं, प्राप्त निविदाएं उसी दिन सायं 16:00 बजे उपस्थित निविदाकारों (यदि उपस्थित रहना चाहते हैं) के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र क्रय हेतु कार्यालयीन समय में (अवकाश के दिनों को छोड़कर) 500/-(पांच सौ रूपये) का चालान लेखा शीर्ष 0055 पुलिस शीर्ष 800 अन्य प्राप्तियां मद में जमा कर चालान की मूल प्रति रक्षित निरीक्षक, कार्यालय जगदलपुर में दिनांक - 29/02/2024 से प्रस्तुत कर प्राप्त किया जा सकता है।

1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 08.03.24 को सांय 17:00 बजे तक
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 09.03.24 को सायं 15:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि - 09.03.24 को सायं 16:00 बजे तक

पुलिस अधीक्षक
बस्तर, जगदलपुर

G-08192/4



## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग क्र.2, रामानुजगंज, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

### // ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
(द्वितीय आमंत्रण)

निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक 18.03.2024 (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| सिस्टम निविदा क्र./ निविदा सूचना क्र./ दिनांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| सि.नि.क्र. 153472 नि.सू.क्र.17/वलेलि/2023-24 दिनांक 28.02.2024 | गिरवानी व्यपवर्तन योजना के शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार तथा नवीनीकरण कार्य। | रू. 280.05 लाख |
| सि.नि.क्र. 153473 नि.सू.क्र.18/वलेलि/2023-24 दिनांक 28.02.2024 | गिरवानी व्यपवर्तन योजना के नगर लाइनिंग, पक्कीकरण, जीर्णोद्धार व नहर के विस्तार कार्य अन्तर्गत मुख्य नहर के आर.डी. 450 मी. से 1210 मी. तक नहर लाईनिंग कार्य, मुख्य नहर के आर.डी. 1210 मी से आर.डी.1610 मी. तक आर.सी.सी. डक्ट का निर्माण कार्य, मुख्य नहर के आर.डी.1610 मी. से आर.डी. 5100 मी. तक नहर लाईनिंग कार्य, बडकाभाला माईनर नहर क्रमांक-1 आर.डी. 0 मी. से 420 मी. तक नहर लाईनिंग कार्य, केवटा पारा माईनर नहर क्रमांक 02 के आर.डी. 0 मी. से 1800 मी. तक नहर खुदाई कार्य तथा आर.डी. 0 मी. से 810 मी. तक नहर लाईनिंग कार्य, तेलीपारा माईनर नहर क्रमांक 03 के आर.डी. 0 मी. से 1020 मी. तक नहर लाईनिंग कार्य, माईनर नहर क्रमांक-4 के आर.डी. 0 मी. से 540 मी तक सी.सी. चैनल का निर्माण कार्य, माईनर नहर क्रमांक 05 के आर.डी. 540 मी. से 2010 मी. तक नहर खुदाई कार्य तथा मुख्य तथा माईनर नहर में 01 नग एक्वाडक्ट, 05 नग सी.डी., 10 नगर व्ही.आर.बी. 08 नग 1.5 मीटर फॉल 08 नग 01 मीटर फॉल, 02 नग सुपर पैसेज, 03 नग हेड रेग्यूलेटर, 08 नग पुराने व्ही.आर.बी. का मरम्मत व 80 नग कोलाबा पाईप सहित निर्माण कार्य | रू. 564.85 लाख |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 06.03.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोटः- 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.08.2010 (संशोधित 01.08.2022) के अनुसार है।

कार्यपालन अभियंता
जल-संसाधन संभाग क्र.2,रामानुजगंज (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार
जल संसाधन विभाग, अंबिकापुर (छ.ग.)

G-08212/5


# नाबार्ड ने IGKV, रायपुर में 1 से 3 मार्च तक किया तरंग – FPO मेला का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), लघु कृषक कृषि व्यवसाय कंसोर्टियम (एसएफएसी) और ओपन नेटवर्क डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के सहयोग से इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, परिसर, रायपुर के अंदर 1 मार्च से 3 मार्च 2024 तक तरंग - एफपीओ मेला आयोजित किया है। इस मेले में छत्तीसगढ़ के 25 जिलों के 46 एफपीओ, आईजकेवी, सिंधु मेगा फूड पार्क, स्टार्टअप ने अपने प्राकृतिक और जैविक कृषि उत्पाद जैसे जीराफूल चावल, काला चावल, काजू, मसाले, फल; मोटे अनाज और इसके उत्पाद; वन उत्पाद जैसे शहद, चिरौंजी और कई हस्तशिल्प उत्पाद बेचने के लिए स्टॉल लगाए हैं ।

मेले के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ओपी चौधरी, माननीय वित्त मंत्री, छत्तीसगढ़ सरकार उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में अनुज शर्मा, धरसीवा विधायक; प्रबोध मिंज, विधायक-लुंड्रा; डॉ. गिरीश चंदेल, कुलपति, आईजीकेवी; श्रीमती शीतल शास्वत वर्मा, निदेशक, संस्थागत वित्त; डॉ. रणजीत सिंह राजपूत, उप निदेशक, एसएफएसी; आशुतोष शर्मा, सलाहकार-नेटवर्क विस्तार (कृषि), ओएनडीसी सम्मान्निय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। नाबार्ड छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक ज्ञानेंद्र मणि ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि नाबार्ड ने एसएफएसी और ओएनडीसी की साझेदारी में कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ के एफ़पीओ को अपने उत्पाद के विपणन और बिक्री के लिए एक प्लैटफ़ॉर्म देने के लिए किया है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि एफपीओ की अवधारणा 2011 में नाबार्ड द्वारा सोची गई और तब से नाबार्ड ने हैंडहोल्डिंग और वैल्यू एडिशन के साथ 7200 एफपीओ को बढ़ावा दिया है।

# ऑनर ने अपनी एआईओटी डिवाइसेज़ में नई स्मार्टवॉच - ऑनर चॉइस वॉच पेश की

**रायपुर।** ऑनर ने अपनी एआईओटी डिवाइसेज़ में नई स्मार्टवॉच - ऑनर चॉइस वॉच पेश की है, जिसकी बिक्री ब्रांड की वेबसाइट www.e&plore-honor.com, अमेज़न.इन और आपके नजदीकी मेनलाइन स्टोर्स पर



4 मार्च 2024, दोपहर 12:00 बजे से शुरू होगी। ब्लैक और व्हाइट कलर वैरिएंट्स में लॉन्च की गई इस घड़ी का मूल्य 6,499 रुपये है, जो 500 रुपये के इंट्रोडक्टरी डिस्काउंट के साथ केवल 5,999 रुपये में खरीदी जा सकती है। एचटेक के सीनियर वीपी एवं जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, सी पी खंडेलवाल ने कहा, ÷हम ऑनर चॉइस वॉच पेश करके उत्साहित हैं। यह एक स्टाइलिश वियरेबल डिवाइस है, जिसमें सामान्य फ़ीचर्स के अलावा स्विम-प्रूफ ड्यूरेबिलिटी और वन-क्लिक एसओएस कॉलिंग जैसी असाधारण फंक्शनलिटीज हैं।


## न्यायालय नायब तहसीलदार पिपरिया तहसील पिपरिया जिला-कबीरधाम

ईकोर्ट प्रकरण क्रमांक 202402080800098/अ-6 अ/वर्ष 2023-24
ग्राम गोपालभावना प.ह.नं. -23

### // ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार चन्द्रवंशी पिता ईश्वरी चन्द्रवंशी निवासी ग्राम गोपालभावना प.ह.नं.23 तहसील पिपरिया, जिला कबीरधाम छ.ग. ने आवेदन पेश किया है कि आवेदक के नाम व स्वामित्व की भूमि ग्राम गोपालभावना प.ह.नं. 23 तहसील पिपरिया में खसरा नंबर 274/2 रकबा 0.227 हे0 भूमि स्थित है। उक्त वर्णित में खसरा नंबर 274/2 रकबा 0.227 हे. भूमि कम्प्यूटर ऑनलाईन त्रुटिवश दिलीप पिता ईश्वरी का नाम प्रदर्शित हो रहा है। आवेदन ने उक्त त्रुटि सुधार किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं

अतः उक्त वाद भूमि के संबध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर मेरे समक्ष लिखित रूप से पेशी तारीख 07.03.2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 20.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलीन की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक-07.03.2024

मुहर

नायब तहसीलदार
पिपरिया



## शपथ पत्र

मैं रतीन देवी पति बालगोबिंद साय उम्र 51 वर्ष जाति कंवर निवासी ग्राम संपघरा पो. सिमड़ा तह. दुलदुला, जिला-जशपुर (छ.ग.) की निवासी हूँ। मैं शपथपूर्वक कथन करती हूँ किः-

1. यह कि मैं उपरोक्त वर्णित पते की स्थाई निवासी हूँ।
2. यह कि मेरे पति श्री बालगोविंद साय भारतीय थल सेना (आर्मी) में सिपाही के पद पर पदस्थ थे। जिनकी सेवा निवृत्ति वर्ष 2001 में हुई है।
3. यह कि मेरे पति की सेवा पुस्तिका में नोमिनी के रूप में मेरा नाम दर्ज है। जिसमें मेरी जन्म तिथी 13/10/1969 दर्ज है।
4. यह कि मेरे अन्य दस्तावेज आधार कार्ड एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरी जन्म तिथि 15/08/1972 दर्ज है।
5. यह कि मैं पति की सेवा पुस्तिका में अपनी जन्म तिथि मेरे आधार कार्ड शैक्षणिक प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 15/08/1972 दर्ज किये जाने हेतु यह शपथपत्र निष्पादित कर रही हूँ।

शपथकर्ता

### सत्यापन

उपरोक्त कंडिका (1) से लेकर (5) तक की लिखित कथन स्वतः मेरे ज्ञान से सत्य एवं सही है अतः आज दिनांक 29/02/2024 को मैं यह शपथ पत्र लिखवाकर एवं पढ़वाकर गवाह के समक्ष हस्ताक्षर की।

स्थान :- दुलदुला
दिनांक :- 29/02/2024 सत्यापनकर्ता

# दीनदयाल कॉलोनी के सैकड़ों परिवारों को नहीं मिल रहा पानी

## पानी का संकट, पंप की मरम्मत भी नहीं करा रहा निगम

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




दीनदयाल कॉलोनी में बस रहे 5 सौ परिवार बीते जनवरी से पानी की कमी से जूझ रहे हैं। हाउसिंग बोर्ड की इस कॉलोनी को निगम को हैंडओवर किए जाने के बाद से यह बस रहे परिवारों की दिक्कतें बढ़ गई है। पंप खराब होने के चलते यहां नहाने-धोने तक के लिए पानी मुहैया नहीं हो पा रहा है। जबकि निगम ने कॉलोनीवासियों से सीधे तौर पर खुद व्यवस्था बनाने के लिए कहकर मुसीबत खड़ी कर दी है। पानी की कमी से परेशान परिवारों ने कलेक्टर से मामले की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि निस्तारी के लिए भी पानी मुहैया नहीं हो पा रहा है। कॉलोनी में पानी की सप्लाई की जिम्मेदारी निगम की है लेकिन निगम अमला इसे लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने बताया कि बीते एक जनवरी से यहां पंप खराब है। इसकी न मरम्मत करवाई जा रही है और न ही इसे बदला जा रहा है। अलबत्ता निगम के अधिकारियों का कहना है कि यह सारी व्यवस्था कॉलोनी के लोगों को ही करनी है जो कि अनुचित है। कॉलोनी में रह रहे परिवारों ने बताया कि यहां टैंकर से पानी ढोने की मजबूरी है। कई मंजिला ईमारतों में महिलाएं, छोटे बच्चे बाल्टियों से पानी ढोते हुए देखे जा सकते हैं। टैंकर से ही टंकी भर दी जाती है लेकिन पंप खराब होने के चलते पानी घरों तक पहुंच ही नहीं पाता। कुल मिलाकर कॉलोनी की बसाहट के लिए ये बड़ी मुश्किल बन चुका है। यहां के परिवारो ने प्रशासन से इस मामले में पहले की मांग की है। उन्होंने कहा कि आगे गर्मियां आने वाली हैं। इससे पहले अगर ठोस व्यवस्था नहीं बनाई गई तो परेशानी और भी बढ़ जाएगी। उन्होंने कलेक्टर को सौंपे पत्र में कहा है कि, इस मामले में उन्हें राहत मुहैया न कराए जाने की स्थिति में वे सभी पूरे परिवार के साथ प्रदर्शन करेंगे।

### 94 ने नहीं दी परीक्षा, नकल का कोई प्रकरण नहीं

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल परीक्षा की निगरानी के लिए उडनद़स्ता दल का गठन किया गया। हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2024 अंतर्गत आज हिन्दी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। सहायक संचालक शिक्षा विभाग आदित्य खर्रे व दल क्रमांक 1 द्वारा परीक्षा केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलई, घुमका, भैंसातरा, वेसलियन स्कूल, महरानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय एवं दल क्रमांक 2 द्वारा परीक्षा केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिचोला, छुरिया, खोभा, बखरूटोला का निरीक्षण किया गया। दल क्रमांक 3 द्वारा परीक्षा केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजुनी, जंगलपुर, कोकपुर, आमगांव, मोहड़, बालक शाला डोंगरगांव एवं दल क्रमांक 4 द्वारा परीक्षा केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहारा, देवकट्टा, बेलगांव, मुसरा, बिल्हारी, ढारा का निरीक्षण किया गया। जिले में आज आयोजित परीक्षा में उपस्थित बच्चों की संख्या 9766 एवं अनुपस्थित बच्चों की संख्या 94 रही तथा किसी प्रकार का नकल प्रकरण दर्ज नहीं पाया गया।

# पार्षद ने दंपति के लिए मांगा योजनाओं का लाभ, सीएम को पत्र भेजा

## असहाय बुजुर्ग का कोई ठिकाना भी नहीं, आधार कार्ड तक नहीं बना

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



ठेले में अपनी दुनिया बसाकर जीवन काटने दंपति को मदद की दरकार के लिए पायनियर अखबार ने पहल की थी। शुक्रवार, एक मार्च को पायनियर ने 'खुद बेसहारा होकर भी बेजुबान को सहारा दे रही बंजारे दंपति, शासन की हर, योजना से वंचित दंपति को मदद की दरकार' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इस खबर के सामने आने के बाद जनप्रतिनिधियों ने संज्ञान लिया है।

नगर निगम पार्षद एवं सदस्य (अपील समिति) ऋषि शास्त्री ने इस मामले में दंपति की मदद को लेकर मुख्यमंत्री के नाम पत्र सौंपा है। उन्होंने निगम प्रशासन से भी बेसहारा बुजुर्ग दंपति को योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि - मेडिकल कॉलेज के समीप एक दंपति जो भिक्षा मांग कर अपना जीवन यापन करते हैं और गौ वंश की सेवा का नेक कार्य कर इंसानियत दर्शा रहे हैं। उनका कोई भी शासकीय दस्तावेज न होने की वजह से शासन प्रशासन की योजना से अब तक वंचित हैं।

उन्होंने कहा कि एक ओर शासन प्रशासन विकसित भारत की मुहिम चलाकर हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने का दावा कर अपनी पीठ थपथपा रहा है। दूसरी ओर ऐसा देखने को मिल रहा है कि गरीब, असहाय लोगों का अब आधार कार्ड भी नहीं बन सका है। वह आज राम भरोसे होने के बावजूद जीव जंतु को अपना सहारा दे रहे हैं।

खबर पढ़ते ही शास्त्री ने तत्काल मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखा है साथ ही पूरे वाकये का उल्लेख पत्र के माध्यम से करते हुए अनुरोध किया है कि शासन प्रसासन गरीब असहाय लोगो की योजनाबद्ध तरीके से उचित सहयोग करे।

# नपं में पहली बार भाजपाई अध्यक्ष, सीमा ने संभाली कार्यवाहक अध्यक्ष की कुर्सी

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com




नगर पंचायत के कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में सीमा सिन्हा ने पदभार ग्रहण किया। इसके पहले राजकुमारी सिन्हा अध्यक्ष निर्वाचित हुई थी। लेकिन पार्षदों के विरोध पर अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से उन्हें हटा दिया गया। इसके बाद सुनील लारोकर को कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत किया गया था। प्रदेश में सरकार बदलने के लगभग 3 महीने बाद नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील लारोकर को बदलकर सीमा सिन्हा को कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत किया गया है । अध्यक्ष के कार्यभार संभालने के दौरान भाजपा नेता मौजूद थे। इस दौरान चंद्रिका प्रसाद डडसेना ने कहा कि नगर पंचायत बनने के बाद पहली बार भाजपा का अध्यक्ष बनने से खुशी हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ,उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह का आभार व्यक्त किया।रविंद्र वैष्णव, एमडी ठाकुर ने भी सीमा सिन्हा को आशीर्वाद दिया। सीमा सिन्हा ने अपने उद्बोधन में सभी अतिथि और पार्टी के वरिष्ठ जनों को प्रणाम करते हुए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मुझे इस लायक समझा गया कि मैं ये जिम्मेदारी निभा सकती हूं यह विश्वास मेरे लिए अमूल्य है। उन्होंने कहा कि - सभी पार्षदों को साथ लेकर और पार्टी के संगठन के लोगों से मिलकर विकास के नए आयाम रचे जाएंगे।

# टैक्स वसूली के ठेके में निगम अधिनियम का हुआ उल्लंघन : सुनीता फडणवीस

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



पार्षद सुनीता अशोक फडणवीस ने निजी कंपनी द्वारा टैक्स कलेक्शन को पर रोक लगाने की मांग आयुक्त से की है। उन्होंने कहा किअब तक तक जो भी नाप हुई है उसे निगमअवैधानिक घोषित करें। उन्होंने कहा की निगम एक अप्रैल से प्राइवेट कंपनी को राशि वसूलने पर रोक लगाए। जब तक विधिवत स्वीकृति ना मिलें तब तक आदेश को निरस्त करे।

दरअसल, फडणवीस ने इस आदेश को लागू किए जाने पर ही सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि - अगर शासन का पत्र का पत्र आया तो उस आदेश की जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। जब निगम में आय-व्यय की बात होती है तो निगम अधिनियम के अनुसार सामान्य सभा में विषय लाया जाता है। एमआईसी के माध्यम से इसे सामान्य सभा में लाना अनिवार्य है। ऐसी स्थिति में सीधे शहर में लोगों के घरों की नापजोख करना नियम विरुद्ध है।सामान्य सभा की स्वीकृति होने के बाद निगम आयुक्त प्रस्ताव पर15 दिन के भीतर राज्य शासन से अनुमति लेते हैं, ये अनिवार्य है। उसके बाद ही कोई प्रस्ताव लागू होता है। लेकिन इस मामले में ऐसा कुछ नहीं किया गया।

पार्षद सुनीता फडणवीस ने कहा कि नगर निगम ने चुने हुए प्रतिनिधियों के साथ-साथ शहर की जनता को भी गुमराह किया है। उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधियों को मालूम ही नहीं है कि किस दर से जनता से संपत्ति कर की वसूली की जाएगी। कैसे भुगतान होगा। कितनी राशि निगम को मिलेगी कितना लाभ-हानि होगी। ये सारे सवाल सामने खड़े हैं। राज्य शासन के साधारण पत्र आदेश जारी होने पर उसे मानना या नहीं मानना सामान्य सभा के अधिकार में है लेकि ऐसा क्यों नही किया गया इस पर शक जाहिर होना स्वाभाविक है।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्षों की बैठक 5 को

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



इस लोकसभा क्षेत्र के सभी चार जिलों के भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्षों की बैठक आगामी 5 मार्च को मोहम्मद इरफान शेख के नेतृत्व में जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित है।बैठक के संबंध में जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख ने बताया कि 5 मार्च को सुबह 10:00 बजे से राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-चौकी जिले के अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्षों की बैठक होगी। जिसमें लोकसभा क्षेत्र स्तरीय स्नेह संवाद से संबंधित चर्चा की जाएगी। इस बैठक में बतौर खास मेहमान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष माननीय शकील अहमद और भाजपा के प्रदेश मंत्री आसिफ शेख के रूप में उपस्थित रहेंगे। बैठक में मोर्चा के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को आमंत्रित किया गया है।

### मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना के लिए 25 तक पोर्टल उपलब्ध

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा में मेरिट सूची प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना लाभान्वित किया जाएगा। इसके लिए लोक शिक्षण संचालनालय निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर से प्राप्त मेरिट सूची अनुसार मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना अंतर्गत विद्यार्थियों के पंजीयन व सत्यापन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य छात्रवृत्ति जिला लॉगिन में आवेदनों को 25 मार्च 2024 शाम 5 बजे तक सत्यापन करने हेतु पोर्टल उपलब्ध कराया गया है।

### एसएसटी एवं एफएसटी टीम को दिया गया प्रशिक्षण

**राजनांदगांव।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में जिले में तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसके तहत विभिन्न कार्यों के संपादन के लिए एक ओर जहां टीमों का गठन किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर निर्वाचन संबंधी सभी कार्यों के संपादन के लिए उन टीमों को प्रशिक्षित भी किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल की उपस्थिति में जिला पंचायत सभाकक्ष में स्थैतिक निगरानी दल एवं उडनद़स्ता दलों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर कैलाश शर्मा, दीपक ठाकुर एवं भूपेश साहू द्वारा स्थैतिक निगरानी दल एवं उडनद़स्ता दल के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

# थलसेना अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन 22 मार्च तक

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

उप संचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव एसव्ही राजौरिया ने बताया कि भारतीय सेना में भर्ती की अधिसूचना सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के मुताबिक अग्निवीरों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की जा चुकी हैं, जो भारतीय सेना की वेबसाईट 222.द्ध्रश्वद्बठ्ठद्बठ्ठद्बद्धठ्ठ-ड्डह्द्ध4.ठ्ठद्बष्.द्बठ्ठपर उपलब्ध हैं। अग्निवीर की भर्ती जनरल ड्यूटी तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमैन के लिए 8वीं एवं 10वीं उत्तीर्ण, महिला सैन्य पुलिस एवं नियमित कैडर भर्ती धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी तथा हवलदार एसएसी पदों के लिए जारी की गई हैं। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया 22 मार्च 2024 तक खुली रहेगी। अग्निवीर क्लर्क के पद का नाम परिवर्तित किया गया हैं अब उसे अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट कहा जायेगा। अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट के अभ्यर्थियों को ऑनलाईन परीक्षा (सीईई) के समय टाईपिंग टेस्ट भी देना होगा। ऑनलाईन परीक्षा (सीईई) 22 अप्रैल 2024 के बाद होने की संभावना हैं। इस साल बस्तर संभाग के लिए जगदलपुर में ऑनलाईन परीक्षा (सीईई) केन्द्र स्थापित किया जा रहा हैं। किसी भी अन्य जानकारी और समस्या के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन 0771-2965212 एवं 0771-2965213 पर संपर्क कर सकतें हैं ।

# युवा कांग्रेस ने की 'पंचायत चलो - वार्ड चलो' अभियान की शुरुआत

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



युवा कांग्रेस के शहर जिला अध्यक्ष गुरभेज सिंह माखीजा, उपाध्यक्ष मुकेश निर्मलकर के नेतृत्व में युवा कांग्रेस ने रोजगार दो, न्यायदो अभियान की शुरुआत ग्राम ठाकुरटोला से की है। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा की मौजूदगी में यहां जनसभा कर केंद्र की 10 साल की भाजपा सरकार के खोखले वादो का उजागर किया गया। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा की हमने कुछ दिन पहले रोजगार दो न्याय दो अभियान की पूरे प्रदेश में शुरुआत की है। कांग्रेस का हर कार्यकर्ता प्रदेश के सभी वार्ड एवं पंचायत में घूम कर केंद्र सरकार के 10 साल की नाकामियों और प्रदेश सरकार के आधे अधूरे वादों को लेकर जनता के बीच जाएगा। जिला शहर अध्यक्ष गुरभेज सिंह माखीजा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने प्रतिवर्ष 2 करोड़ रोजगार देने का वादा किया था जिसमे वह असफल रही एवं छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आते ही युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देना भी बंद कर दिया। 500 में सिलेंडर देना और नए आवास का वादा किया था लेकिन बिसरा दिया। महतारी वंदन योजना में 18 या उससे अधिक उम्र की वैवाहिक महिलाओं को लाभ नहीं दिया जा रहा है। इस तरह भाजपा छलावा कर रही है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वरं देशमुख,जिला कांग्रेस महामंत्री अजय मारकंडे, लोकसभा प्रभारी इंदु वर्मा युवा कांग्रेस, प्रदेश महासचिव चेतन भानुशाली, प्रदेश महासचिव मानव देशमुख, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक विभाग विशु अजमानी, प्रदेश सचिव कुबेर वैष्णवसहित युवा कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बसंत लाल का निधन



**राजनांदगांव।** बसंतपुर निवासी बसंत लाल का निधन इलाज के दौरान हैदराबाद स्थित एक अस्पताल में हो गया।परियोजना विभाग से सेवानिवृत लाल अकाउंटेड पद पर कार्यरत थे।वे 74वर्ष के थे।वे सर्वेश्वरदास म्युनिसिपल स्कूल के पूर्व प्राचार्य स्व. एम. एन लाल, स्व. डा. पी. एन लाल और स्व. शनि एन लाल के लघुभ्रता थे।वे अपने पीछे पुत्र शिशिर और पुत्री कृति को छोड़ गए हैं।उनका अंतिम संस्कार शनिवार 2 मार्च को सुबह 11बजे मसीही कब्रिस्तान में किया जाएगा।

## मोहला के बस स्टैंड में किया प्रदर्शन, कहा सीएम ममता ने आरोपियों को संरक्षण दिया

# संदेशखाली को लेकर प्रदर्शन, भाजपा महिला मोर्चा ने फूंका ममता बनर्जी का पुतला

पायनियर संवाददाता ◄ अंबागढ़
www.dailypioneer.com



पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के शोषण और टीएमसी नेता की गुंडागर्दी के मामलों को लेकर आज जिला भाजपा महिला मोर्चा ने जिला मुख्यालय मोहला में विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका। जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष कमलेश सारस्वत ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल में जो तानाशाही स्थापित की है वो गरीबों को कुचल रही है। पश्चिम बंगाल में आज भी महिलाओं को नोचा जा रहा है। वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने कार्यकाल में बंगाल में हिंसा, लूट, महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर नियंत्रण खो दिया है। वहां अपराधवाद चल रहा है। शुक्रवार को प्रदेश भाजपा व प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा के निर्देश पर जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष कमलेश सारस्वत के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जिला भाजपा व युवा मोर्चा के पदाधिकारी भी मौजूद थे। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली की सच्चाई बाहर आने के बाद पूरा देश इस विषय पर चिंता व्यक्त कर रहा है। सत्तादल टीएमसी के एक अपराधिक छवि वाले व्यक्ति ने यहां अपने अपराध का साम्राज्य खड़ा कर रखा था। वह रोजाना महिलाओं के साथ दुष्कृत्य करता था। उसके गुर्गे अबलाओं को घर से उठा ले जाते थे। लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के संरक्षण में वह आसानी से यह सब करता रहा। मोहला में प्रदर्शन के दौरान ममता बनर्जी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और उन्हें संदेशखाली का असल दोषी बताया गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उन्हें तत्काल अपना पद त्यागकर राजनीति से सन्यास ले लेना चाहिए। संदेशखाली के दोषियों को बचाकर उन्होंने बहुत बड़ा अपराध किया है। मोहला के बस स्टैंड में आयोजित इस कार्यक्रम में महामंत्री दिलीप वर्मा,मंडल उपाध्यक्ष रमेश हिडामे, महामंत्री नम्रता सिंह, पिछड़ा वर्ग जिला जनपद सदस्य अरुण यादव, अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी,रतन तारम, धरमु भुआर्य, चुरेन्द, महिला मोर्चा महामंत्री संगीत मिश्रा, सुसत्यभामा सलामे, मंडल अध्यक्ष इंद्रा मंडावी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष देव प्रशाद, मोनू वर्मा, संदीप साहू, राजू गुजराती,शांता बाई,राधिका,बसन्ती, रमुला, बसंता, सुरखा, इंदु मंडावी, बिसंतन बाई ,शिव प्रकाश शर्मा, सुदर्शनसहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सिलिकोसिस से पीड़ित श्रमिक को मिली 3 लाख की मदद

**राजनांदगांव।** श्रम विभाग के असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक एवं राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पार्रीकला निवासी भीषम दास साहू को सिलिकोसिस से पीड़ित श्रमिकों के लिए आर्थिक एवं पुनर्वास सहायता योजना अंतर्गत 3 लाख रूपए की सहायता प्रदान की गई है।श्रमपदाधिकारी आरके प्रधान ने बताया कि भीषम दास साहू की पत्नी नेमा साहू द्वारा लाईलाज बीमारी सिलिकोसिस से पीड़ित होने के संबंध में श्रम पदाधिकारी कार्यालय राजनांदगांव में आवेदन प्रस्तुत किया गया। श्रमपदाधिकारी द्वारा आवेदिका का आवेदन अनुशंसा सहित श्रमिक को लाभ देने हेतु श्रमायुक्त कार्यालय नवा रायपुर को प्रेषित किया गया, जहां से शासन द्वारा श्रमिक भीषम दास साहू को 3 लाख रूपए की सहायता राशि से लाभांवित किया गया।

# 1 लाख 16 हजार कृषकों को 23 करोड़ 26 लाख मिले

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा यवतमाल महाराष्ट्र में आयोजित पीएम किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को 16वीं किस्त की राशि का हस्तांतरण किया गया। जिले में कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव से वर्चुअल माध्यम से जनप्रतिनिधि एवं किसान जुड़े रहे।

कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, सभापति जिला पंचायत अशोक देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिलने पर किसानों को बधाई दी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत जिले के 1 लाख 16 हजार 292 कृषकों को 23 करोड़ 26 लाख रूपए के16वीं किस्त की राशि का भुगतान उनके खाते में सीधे आधारबेस्ड प्रणाली के माध्यम से किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किस्त जारी होने के दिन को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाने गया। भारत सरकार की पीएम किसान सम्मान निधि एक महत्वकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य सभी भूमि धारक किसान परिवारों को सीधे वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इसके लिए तीन समान किश्त में 2000 रूपए कुल 6000 रूपए प्रति वर्ष कृषकों के बैंक खाते में अंतरित की जाती है।

# लोकसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता अभियान में प्रचार प्रसार हेतु ग्रीन कमांडो वीरेंद्र को बनाया गया ब्रांड एम्बेसडर

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com




ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह को होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव के ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया हैं। मतदाता जागरूकता अभियान के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह को कलेक्टर के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया हैं। उल्लेखनीय है कि ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह बीते 22 वर्षों से अधिक समय से पर्यावरण, जल संरक्षण के क्षेत्र में लगातार नित नए अनूठे कार्य करते आ रहे है। इसके साथ ही चुनाव के दौरान भी वे लोगों के बीच जाकर मतदान करने की अपील भी करते है। अपने अंदाज में मतदान करने लोगों को जागरूक करते है। बीते विधानसभा चुनाव में भी वीरेंद्र सिंह को मतदाता जागरूकता का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया था। वीरेंद्र सिंह गांव-गांव में खेत व खलिहान में जाकर लोगों को वोट डालने प्रेरित किये थे। क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में जाकर मताधिकार का उपयोग करने लोगों को जागरूक किया था। अभी कुछ दिनों पहले डौंडी ब्लॉक के ग्राम पूसावड में लोकसभा चुनाव 2024 में ग्रामीणों को अपने मताधिकार का प्रयोग के लिए वीरेंद्र ने प्रेरित किया। अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए ग्रामीणों को शपथ दिलाई की खुद वोट देगें और अपने परिवार, आसपास के लोगों को, रिश्तेदारों को भी मतदान करने प्रेरित करेंगे। बता दे कि जल संरक्षण के क्षेत्र में वीरेंद्र सिंह द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों की तारीफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात की 101वीं कड़ी में की थी।

**शादी ब्याह में जाकर देते हैं जल संरक्षण का संदेश-**

दरअसल 23 मई 2023 को मन की बात में जिस शादी ब्याह में जल से संरक्षण को लेकर लोगो को जागरूक करने का जिक्र पीएम मोदी ने किया था, वह दल्लीराजहरा शहर के वार्ड 17 की बात थी। दूल्हा वर संजय कुमार पिता कुंवर सिंह विश्वकर्मा एवं दुल्हन खिलेश्वरी पिता भानेश्वर विश्वकर्मा ने अपने शादी में दोनों पक्षों के अलावा आसपास के लोगों को जल संरक्षण का संदेश देते हुए प्रेरित किया था कि अपने आस पास के नल से जल बहने नहीं देंगे। ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह ने इस शादी कार्यक्रम में शामिल होकर सभी से जल बचाने के लिए निवेदन किया था।

**कई वर्षो से जल संरक्षण और पर्यावरण को लेकर लोगों को करते आ रहे जागरूक-**

जिले के लौह नगरी के नाम से मशहूर दल्लीराजहरा के रहने वाले ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह कई वर्षों से जल एवं पर्यावरण के संरक्षण को लेकर नित नए नए प्रयास व पहल करते हुए लोगों को जागरूक करते आ रहे हैं। कभी स्कुलो में जाकर जल के संरक्षण के लिए बच्चों को घर-घर जल बचाने का संदेश देते है तो कभी शादी कार्यक्रमों में जाकर दूल्हा-दुल्हन को आठवां वचन जल संरक्षण को लेकर देते नजर आते हैं। तो कभी मछली का वेष धारण कर बिन पानी के मछली तड़पती है, वैसा जागरूकता का संदेश लोगों को देते हैं। तो कभी स्कूलो में जाकर बच्चों को नल से जल बहने नहीं देने और आसपास के लोगों को भी प्रेरित करने का संदेश देते हैं। वीरेंद्र सिंह को पशु पक्षियों से काफी लगाव हैं। तभी तो पशु पक्षियों का वेश भूषा धारण कर लोगों से उन्हें सुरक्षित रखने की अपील करते है। तो कभी पक्षियो की पेंटिंग्स अपने चेहरे पर बनाकर घरों में पक्षियों को पिंजरे में कैद नही करने की समझाईश देते हैं। गर्मी के दिनों में पेड़ो में घोंसला और मिट्टी के सकोरे में पानी, दाना का इंतजाम कर भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत दिलाने का काम भी करते है। और लोगों को भी संदेश देते है कि, वे भी अपने घर और आसपास मिट्टी के सकोरे में पानी और दाना रख गर्मी से पक्षियों को राहत प्रदान करे। इतना ही नही वीरेंद्र सिंह ने जंगलों में भी पशु, पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था भी करते है। बढ़ते गर्मी के कारण पशु, पक्षियों के लिए जंगलों में गढ्ढा खोदकर पालीथीन बिछाकर उसमें पानी डालते है।

# वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक



पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा उपस्थित रहें। विधायक के आगमन पर छात्र नेताओ, विद्यार्थियो द्वारा गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। उन्होंने स्कूल प्रबंधन समिति के साथ मां सरस्वती की छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात स्कूल प्रबंधन समिति के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट स्वागत करते हुए मोमेंटो से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए उन्हें लक्ष्य प्राप्ति की बेहतर टिप्स बताए। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने 10 लाख की लागत से अतिरिक्त कक्ष कालेज को देने की घोषणा की। वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहन नृत्य और गीत संगीत और भाषण,कविता आदि की प्रस्तुत देकर सब का मन मोह लिया।

# 12वीं हिन्दी पर्चा के साथ शुरू हुआ बोर्ड परीक्षा



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा 12वीं हिन्दी पर्चा के साथ शुरू हो गई है। पहले दिन जिले में 50 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाये गये । पहला पर्चा सरल होने के कारण परीक्षार्थियों के चेहरे खिले नजर आये। वहीं 2 मार्च को 10वीं का पेपर शुरू होगा। छग माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा शुरू हो गई है पहले दिन 12वीं हिन्दी का पेपर था । पेपर सरल आने से परीक्षार्थियों के चेहरे खिले नजर आये। दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित परीक्षा मं 8127 परीक्षार्थियों में 50 अनुपस्थित रहे। जिले में 12वीं के लिए 82 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। नकल रोकने के लिए 22 उडनदस्ता टीम का गठन किया गया है जिसमें 16 टीमे शामिल है। दो टीम शिक्षा विभाग की और 4 टीम ब्लाक स्तर की है। प्रत्येक केन्द्र में सुरक्षा के लिहाज से पुलिस के जवान मौजूद थे।

# एसपी भगत ने किया साप्ताहिक जनरल परेड

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



शुक्रवार को एसपी एसआर भगत द्वारा रक्षित केंद्र बालोद परेड ग्राउंड में साप्ताहिक जनरल परेड लिया गया। जनरल परेड में उपस्थित समस्त टोलियों का ड्रेसिंग टर्न आउट, स्क्वॉड ड्रिल व राइफल अभ्यास का निरीक्षण किया गया एवं एमटी शाखा के वाहनों का अवलोकन कर कमियों को पूरा करने निर्देशित भी किये। इस दौरान ओआर रिपोर्ट एवं गुजारिश हेतु उपस्थित हुए अधिकारी कर्मचारियों की समस्याओं को सुनकर पुलिस अधीक्षक एसआर भगत द्वारा उनके समस्या का निराकरण हेतु उचित दिशा निर्देश दिए गए। साप्ताहिक जनरल परेड में डीएसपी बोनीफस एक्का, डीएसपी राजेश बागड़े, प्रशिक्षु डीएसपी दीपक भगत, परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा, व जिला बल बालोद के अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित हुए।

# हत्या के आरोप में महिला को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




थाना लोरमी में प्रार्थी सुभाष जायसवाल ने सूचना दी कि उसका भाई शैलून्द्र जायसवाल उर्फ शीलु पुराना बंधन बैंक लोरमी के पीछे राजेश ढीमर के खेत में गले में बेल्ट का फंद्धा लगाकर खेत में लगे खम्भे पर बंधा हुआ है तथा उसकी मृत्यु हो गई है कि सूचना पर थाना लोरमी में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान लोरमी पुलिस द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करने पर मृतक द्वारा संचालित कियोस्क सेंटर से सुसाईड नोट प्राप्त हुआ तथा तथा साईबर सेल के सहयोग से मृतक का कॉल डिटेल प्राप्त किया गया जिसका परिच्चन कराया गया तथा तकनीकी टीम द्वारा भी जांच कराई गई । प्राप्त तथ्यों,सच्च्छ्यो के आधार पर महिला सोनिया लकड़ा के विरूद्ध अपराध क्रमांक 70/24 धारा 306 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर सघन पूछताछ किया गया जिसमें आरोपी सोनिया लकड़ा ने मृतक से लगातार फोन में बात होना, पैसे की मांग करना तथा ब्लैकमेलिंग करना स्वीकार किया है, जिस पर आरोपी महिला सोनिया लकड़ा को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश वैष्णव, उपनिरीक्षक शोभा यादव, सउनि निर्मल घोष, आरक्षक अरूण साहू, गुगल किशोर उपाध्याय, जितेन्द्र ठाकुर एवं महिला आरक्षक नंदनी रजक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नम्रता गांधी ने नियुक्त किये नोडल अधिकारी

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नम्रता गांधी ने जिले में छत्तीसगढ़ कोलाहल अधिनियम के तहत शासकीय कार्यालय, शैक्षणिक संस्थान, न्यायालय एवं अस्पताल के निकट क्षेत्र (100 मीटर रेडियस) को साईलेंस जोन (पसंदबर्म वदम) घोषित कर नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टोरेट से प्राप्त जानकारी के अनुसार संयुक्त कलेक्टर आर.के.कृपाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, आयुक्त नगरनिगम धमतरी विनय पोयाम, उप संचालक पंचायत अविनाश मसराम सहित संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह जिला एवं सत्र न्यायालय धमतरी, व्यवहार न्यायालय कुरूद और नगरी के लिये संबंधित थाना प्रभारी, जिला चिकित्सालय धमतरी हेतु सिविल सर्जन और खंड चिकित्सालयों के लिये संबंधित खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# जिले में स्थित बैंकों में जाकर बैंकों की सुरक्षा ऑडिट की गई

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल के निर्देशानुसार 29 फरवरी को जिले में स्थित बैंकों में जाकर बैंकों की सुरक्षा ऑडिट की गई है। जिसमें समस्त थाना/चैकी प्रभारियों द्वारा पृथक-पृथक टीम बनाकर अपने'अपने क्षेत्रांर्गत बैंकों में जाकर सीसीटीव्ही कैमरों की संख्या, उनकी वर्तमान चालू स्थिति, बैंकों में अग्निशमन यंत्रों की स्थिति, बैंकों में सायरन की उपलब्धता, लॉकिंग सिस्टम, बैंकों में कर्मचारियों की संख्या इत्यादि सुरक्षा मानकों की जानकारी ली। चेकिंग के दौरान बैंक में आने वाले ग्राहकों को वर्तमान मे प्रचलित बैंकिंग, एटीएम फ्रॉड, साईबर ठगी के संबंध में जागरूकत करने एवं किसी प्रकार की ठगी होने पर महत्वपूर्ण टोल फ्री नम्बर से ग्राहकों को अवगत कराने हेतु बैंक प्रबंधन को निर्देशित किया गया एवं थाना/चैकी एवं पुलिस कंट्रोल रूम का नम्बर तथा समस्त प्रकार के टोल फ्री नम्बर को बैंको में चस्पा करने हेतु भी बैंक प्रबंधन को निर्देशित किया गया है। चेकिंग के दौरान बैंकों में कार्यरत सुरक्षाकर्मियों की जानकारी लेकर उन्हें सजगता से ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिने बैंकों में पर्याप्त संख्या में सीसीटीव्ही कैमरा या अन्य सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं है उन बैंकों के प्रबंधकों को आवश्यक रूप से सुरक्षा उपकरणों को लगाने सम्बंधी निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही बैंक प्रबंधन को निर्धारित स्थान पर पार्किंग की भी हिदायत दी गई है। चेकिंग के दौरान सिटी कोतवाली क्षेत्रंतार्गत शहर के 16 बैंक, फ़ास्टरपुर के 2 बैंक, जरहागाँव के 4 बैंक, पथरिया के 3 बैंक, सरगाँव के 4 बैंक, लोरमी के 8 बैंक, लालपुर के 2 बैंक, चिल्फी और डिंडौरी के 1-1 बैंकों की चेकिंग की गई। इस प्रकार कुल 41 बैंको को चेकिंग की गई है।

## पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले के 1 लाख से अधिक कृषक हुए लाभान्वित



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भारत सरकार की फ्लैगशीप योजना के तहत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त की राशि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 28 फरवरी 2024 को महाराष्ट्र के यवतमाल जिले से किसानों के बैंक खाते में सीधे डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया गया। 16वीं. किस्त जारी होने के दिन को ''पीएम किसान उत्सव दिवस'' के रुप में मनाया गया। इस आयोजन के दौरान व्यापक रूप से योजना का प्रचार-प्रसार मैदानी अधिकारियों के माध्यम से करते हुए, किसानों के बीच उनके आधार सीडेड बैंक में धनराशि जारी होने के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें किसानों को योजना अंतर्गत पंजीयन की स्थिति, ई-केवायसी,भूमि विवरण,बैंक आधार सीडिंग आदि की जानकारी से अवगत कराया गया। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विभिन्न मिडिया प्लेटफार्मो के साथ-साथ वेबकास्ट के माध्यम से जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र भाटापारा में कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। उक्त कार्यक्रम में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के 1 लाख 18 हजार 864 पात्र कृषकों के आधार आधारित बैंक खाते में 26 करोड़ 16 लाख रूपये हस्तांतरित की गई।

## गैस एजेंसी में मारपीट करने वाले आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



गैस एजेंसी में मारपीट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है इस संबंध में पुलिस के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रार्थी विकास भादु उम्र 23 साल साकिन ग्राम मोटाई थाना चाकु जिला फ्लोदी जोधपुर राजस्थान हाल पता ग्राम बालसमुंद हर्षवर्धन तिवारी का मकान थाना व जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वर्तमान में हर्षवर्धन तिवारी के यहां ग्राम बालसमुंद इंडियन गैस में करीबन 5 साल से काम करता हूं। दिनांक 28.02.2024 को वह कृषि उपज मंडी काम्प्लेक्स रायपुर रोड बेमेतरा में था इसका मोटर सायकल इंडियन गैस आफिस के सामने खडी थी, शाम करीबन 05.30 बजे रवि साहू अपने तीन दोस्तों के साथ अपने मोटर सायकल में बेमेतरा सिग्नल चौक तरफ से रांग साईड आकर इसका मोटर सायकल को रगड दिये तब वह उन लोगों को मना किया क्यों मोटर सायकल को ठोकर मार दिये, बोलने पर रवि साहू, विक्रम यादव, सितेन्द्र पटेल, प्रदीप यदु सभी मिलकर एक राय होकर इसे गंदी गंदी अश्लील गालियां देते हुए इसे जान से मारने की धमकी देते हुए मारने के लिए पत्थर उठा लिए थे और बाजू वाले सेनेटरी दुकान के कंबोड को पत्थर से तोड दिये। उसी समय बीच बचाव करने विकास आया तो उसे भी हाथ मुक्का व पत्थर के टुकडा से मारपीट किये हैं। मारपीट से विकास भादु के कान के उपर सिर में चोंट खरोच आया है तथा झुमा झटकी में विकास का शर्ट भी फटा है व पैसा भी गायब है। फिर हम लोग आफिस अंदर चले गये और छोटा वाला सटर को बंद किये तो काउंटर से कुदकर रवि साहू, विक्रम यादव, सितेन्द्र पटेल, प्रदीप यदु एवं अन्य लोग सभी आफिस अंदर आकर चुल्हा एवं गैस को पटकने लगे तथा कांच का रेक बना है उसे हाथ से मारकर तोड दिये जिससे करीबन 20 से 25 हजार रूपये का नुकसानी हुआ है एवं गाडी में रखा खाली गैस सेलेंडर को फेंक दिये हैं। कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 294,506,323, 427, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा एवं थाना स्टाफ को आरोपियों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित किया गया।

## जमुना देवी संकलेचा का निधन



धमतरी। धर्मनिष्ठ जमुना देवी संकलेचा पति स्व नथमल संकलेचा का 1 मार्च शु वार को सुबह 8:30 निधन हो गया। अंतिम यात्रा दोपहर निवास स्थान संकलेचा ज्वेलर्स सदर बाजार से निकाली गई। वे घेवरचंद, राजकुमार की माता तथा ऋषभ, डॉ अजित, संभव, अभिनंदन की दादी थी।

## रोजगारों के द्वारा कलवर नागुर, दुलकी एवं महामाया माइंस के ठेका कार्यों में रोजगार देने में उपेक्षा के खिलाफकी आन्दोलन की शुरुआत

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

दल्ली राजहरा के बेरोजगारों के द्वारा संयुक्त यूनियन जिसमें छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ, हिंदुस्तान स्टील एम्प्लाईज यूनियन ( सीटू ) और संयुक्त खदान मजदूर संघ के बैनर तले 29 फरवरी को दल्ली राजहरा से महामाया माइंस जाने वाली रोड पर चोहरा पड़ाव के आगे रेल्वे ओवर ब्रिज के पास अनिश्चित कालीन शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया गया। प्रदर्शन स्थल पर कामरेड विनोद मिश्रा ने कहा कि दल्ली खदान समूह के सभी ठेका कार्यों में आसपास के सभी ग्रामों के लोगों को बिना किसी भेदभाव किये काम में लिया गया है। दल्ली राजहरा के साथियों के द्वारा इन्हें अपनापन और भाईचारे की भावना से देखा जाता है द्य हमारे द्वारा कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है द्य जबकि स्थानीय कलवर, नागुर ,दुलकी और महामाया माइंस में काम जब से चालू हुआ है वहां के ठेका कार्यों में दल्ली राजहरा के बेरोजगारों को काम में नहीं लिया जा रहा है, हम इसका विरोध करते हैं । इस संबंध में छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ के सोमनाथ उइके ने कहा कि हमारी मांगे जायज है। हम चाहते हैं कि अनुपात की दृष्टि से इन्हें भी काम में रखा जाए । हम मानते हैं की माइंस खुलने से आसपास के गांव वाले का जमीन को प्रभाव पड़ेगा द्य लेकिन दल्ली राजहरा में आकर जब उनका आयरन ओर डंप होगा यहां से उन्हें अन्य गंतव्य स्थल पर भेजा जाएगा तो हमारे राजहरा के निवासियों का भी हक बनता है कि इन्हें भी काम में रखकर इन्हें रोजगार दिया जाए। इन बेरोजगारों का कहना है कि दल्ली राजहरा माइंस के अंतर्गत आने वाले कलवर, नागुर , दुलकी एवं महामाया माइंस में ठेका कार्यों में दल्ली राजहरा के हम बेरोजगारों को काम दिया जाए । विगत कुछ वर्षो से स्थानीय बेरोजगारों को काम में लेने में भारी उपेक्षा की जा रही है जिसके कारण दल्लीराजहरा में निवास करने वाले बेरोजगारों की भविष्य अधर में है द्य जबकि दल्ली राजहरा माइंस के अंतर्गत आसपास के ग्रामीण भी रोजगार के लिए दल्ली राजहरा के खदानों में काम करते हैं । जिसके लिए दल्लीराजहरा के निवासियों के द्वारा आपत्ति नहीं की जाती और भाईचारे की भावना के तहत उनका भी सहयोग किया जाता है ।

**संदेशखाली मुद्दे पर साय ने ममता को पत्र लिखा तो कांग्रेस के पेट में दर्द हो रहा है...**

# महिलाओं के साथ दुष्कर्म व अनाचार के मामले में ममता सरकार का बचाव करने में लगी कांग्रेस- चंद्रकला पटेल

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हो रहे महिलाओं के खिलाफ अत्याचार और अनाचार के विरोध में धमतरी के गांधी मैदान में ममता बैनर्जी कि पुतला दहन किया गया । महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष चंद्रकला पटेल ने पं बंगाल के संदेशखाली में जनजाति समाज की महिलाओं के साथ हो रहे दुष्कर्म और अनाचार के संबंध में छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा पं बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लिखे गए पत्र को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के बयान पर तीखा हमला बोला है। श्रीमती पटेल ने कहा कि कांग्रेसियों को इस बात पर शर्म आनी चाहिए कि पं बंगाल में ममता बनर्जी के साथ गठबंधन में महत दो-चार सीटें पाने के लिए वहाँ पर हो रहे दुष्कर्म और अनाचार की घटनाओं के पक्ष में खडी होकर ममता सरकार का बचाव कर रही है। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश सोनकर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री साय को नसीहतें देने के बजाय कांग्रेस अध्यक्ष बैज द्वारा अपनी कांग्रेस सरकारों के शासनकाल पर नजर डाल लें, जब राजस्थान में एक नाबालिग के साथ दुराचार करके भट्ठी में झोंककर जला दिया गया था और छत्तीसगढ में तो महिलाओं के साथ अनाचार.अत्याचार की ऐसी.ऐसी वारदातें कांग्रेस शासनकाल में अंजाम दी गई कि 3 साल की मासूम बच्चियों से लेकर वृद्ध महिलाएँ तक सिहर उठीं थीं। आज मणिपुर समेत भाजपा शासित राज्यों का हवाला देकर मुख्यमंत्री श्री साय को नसीहतों का पाठ पढाने की राजनीतिक अशिष्टता का प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस अध्यक्ष बैज द्वारा बताएँ कि कांग्रेस शासनकाल में राजस्थान और छत्तीसगढ में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ कांग्रेसी चुप क्यों थे? कैलाश सोनकर ने कहा कि लडकी हूँ, लड सकती हूँ के जुमले उछालने वालीं प्रियंका वाड्रा की छत्तीसगढ में मौजूदगी के बावजूद राजधानी के हृदयस्थल पर जयस्तंभ चौक के करीब एएसपी दफ्तर के पास मल्टीलेवल पार्किंग में एक नाबालिग किशोरी के साथ गैंगरेप हुआ और प्रियंका वाड्रा ने तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से जवाब.तलब करने की जरूरत तक नहीं समझी ! रक्षाबंधन के दिन दो सगी बहनों के साथ 10 वहशी दरिंदों ने दुष्कर्म किया, शिक्षक दिवस के दिन एक आदिवासी शिक्षिका के साथ गैंगरेप हुआ, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन भी महिलाओं की अस्मिता सुरक्षित नहीं रही थी। प्रियंका वाड्रा और बैज के मुँह पर तब ताला क्यों जडा हुआ था? कांग्रेस अध्यक्ष बैज को याद दिलाते हुए कहा कि इससे अधिक शर्मनाक और क्या हो सकता है कि सालभर पहले रायपुर में हुए कांग्रेस के अधिवेशन के दौरान कांग्रेस के तमाम आला नेताओं की मौजुदगी में प्रियंका वाड्रा के निजी सचिव ने कांग्रेस की एक दलित युवा नेत्री के साथ अभद्र व्यवहार किया था। इसकी शिकायत उनके पिताजी ने दर्ज भी कराई थी पर आज तक उस दलित महिला नेत्री को न्याय नहीं मिल पाया है और कांग्रेस के शहजादा न्याय यात्रा की नौटंकी करते फिर रहे हैं। उक्त प्रदर्शन में अविनाश दुबे, वीथिका विश्वास, चंद्रकला पटेल, मोनिका देवांगन, अभिषेक शर्मा ,विजय साहू, निलेश लूनिया, दीपेंद्र साहू ,विजय ठाकुर, सरोज देवांगन, रितिका यादव, लता सोनी, डाली सोनी ,कैलाश सोनकर,जय हिंदुजा,चिराग आथा, वेदप्रकाश साहू,गोपाल साहू,शुभक मिश्रा,राम सोनी,दिग्विजय ध्रुव,युवराज मरकाम,कोमल सर्वा,सुभाष चंद्राकर,नीरज साहू,उत्तम साहू,अमित साहू, अभिषेक शर्मा ,नीरज शुक्ला,देवेश साहू,धनेंद्र साहू,प्रिंस राजपूत,राम सोनी,भूषण सिन्हा उपस्थित हुए ।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने जल जीवन मिशन के कार्यों को मिशन मोड में पूर्ण करने के दिए निर्देश

## अधीक्षण अभियंताओं और कार्यपालन अभियंताओं को फील्ड में उतरकर नियमित मॉनिटरिंग करने कहा

■ गर्मियों में पेयजल व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश, मरम्मत और रखरखाव का काम त्वरित हो

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने आज वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर राज्य में जल जीवन मिशन का काम मिशन मोड में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आज रायपुर के सिविल लाइन स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में सभी अधीक्षण अभियंताओं और कार्यपालन अभियंताओं को उप संभागीय स्तर तक फील्ड में उतरकर प्रगतिरत कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर उन्हें शीघ्र पूर्ण कराने को कहा। साव ने गर्मियों में सभी जिलों में पेयजल की व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल की निर्बाध आपूर्ति के लिए हैंडपंपों एवं नल जल योजनाओं में खराबी आने पर तत्काल मरम्मत और रखरखाव कर सुचारू व्यवस्था बनाने को कहा। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगले दो महीनों में जल जीवन मिशन का काम मिशन मोड में पूर्ण करते हुए ज्यादा से ज्यादा गांवों में हर घर में नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित करना है। इसमें किसी तरह की लापरवाही या ढिलाई नहीं करना है। गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखते हुए कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करना है। उन्होंने मैदानी अधिकारियों को फील्ड का नियमित दौरा कर प्रगतिरत कार्यों को जल्द पूर्ण कराने को कहा। उन्होंने सभी अधीक्षण अभियंताओं को विभाग के उप संभागीय कार्यालयों द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी निगरानी फील्ड में जाकर करने के निर्देश दिए। उन्होंने फील्ड स्तर या प्रशासनिक स्तर पर आ रही समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए काम को आगे बढ़ाने को कहा। उप मुख्यमंत्री साव ने गर्मियों में सभी गांवों में पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने हैंडपंपों और नल जल योजनाओं की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए जरूरी सभी सामग्रियों की व्यवस्था अग्रिम रूप से कर लेने को कहा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता डॉ. एम.एल. अग्रवाल ने बैठक में बताया की आसन्न गर्मी के मौसम को देखते हुए नल जल योजनाओं एवं हैंडपंपों की मरम्मत और रखरखाव के लिए आगामी जून माह तक की जरूरत के मुताबिक आवश्यक सामग्रियों की खरीदी कर सभी जिलों में भिजवा दिया गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के रायपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता राजेश गुप्ता, अधीक्षण अभियंता समीर गौर, बिलासपुर परिक्षेत्र के प्रभारी मुख्य अभियंता संजय सिंह, अंबिकापुर के अधीक्षण अभियंता भीम सिंह, दुर्ग के अधीक्षण अभियंता संजीव बिजपुरिया, जगदलपुर के अधीक्षण अभियंता एस.एन. चंद्रा और कोंडागांव के अधीक्षण अभियंता एस.एन. पाण्डेय भी बैठक में मौजूद थे।

# नन्हें-मुन्ने बच्चों के लिए सर्व सुविधायुक्त पालना घर बनकर तैयार



■ काम-काजी, माता-पिता की चिंता हुई दूर

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

नन्हें-मुन्ने बच्चों के खेलने-कूदने के लिए महासमुन्द जिले में बना पालनाघर। कामकाजी महिलाएं अब निश्चिंत होकर अपने बच्चों को पालना घर में छोड़ सकेगी। बच्चों के देखभाल के लिए केयरटेकर की भी व्यवस्था की गई। कामकाजी महिलाओं की सबसे बड़ी समस्या रहती है कि अपने बच्चों को ऑफिस कार्य जाते समय कहां रखे। बच्चों की देखभाल कौन करेगा वे अक्सर तनाव में रहती हैं, लेकिन काम और बच्चों की देखभाल दोनों को ही पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहती है। जिला मुख्यालय में बच्चों के लिए सर्वसुविधायुक्त पालनाघर बनकर तैयार है।

जिला प्रशासन ने इसे छत्तीसगढ़ी में मोर दाई के कोरा का नाम दिया गया है। नाम के अनुरूप अब बच्चे यहां घर जैसा माहौल और ममता पाकर बेहद खुश और आनंदित हैं। बच्चों की खुशी देखकर पालक भी खुश और संतुष्ट हैं। फिलहाल पालना घर में बच्चों का आना जारी है। धीरे धीरे बच्चों की संख्या बढ़ रही है। बच्चों के पालक चिंता मुक्त होकर अपना कार्य कर रहे हैं। पालना घर का संचालन कार्यालयीन समय सुबह 10:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक किया जा रहा है।

महासमुंद जिले में पहला सर्व सुविधायुक्त पालना घर तैयार किया गया है। विभिन्न रंगों से दीवाल पर बच्चों के आकर्षण के लिए कार्टून बनाया गया है। पालना घर की मार्गदर्शिका प्रीति साहू ने बताया कि बच्चे बहुत ही खुशी और आनंद के साथ रहते हैं। पालना घर में बच्चों के खेलने के लिए आवश्यक खिलौने, झूले, शैक्षणिक सामग्री और अन्य सीखने योग्य सामग्री मौजूद है। हाल के चारों तरफ हिंदी और अंग्रेजी में सुंदर अक्षरों में वर्णमाला और गिनती लिखी है। ताकि बच्चे सीख सकें।

# गिरी गोवर्धन पर्वत-तामामुंडा में सांस्कृतिक मंडप का करेंगे लोकार्पण

■ स्व. शत्रुंजय प्रताप सिंह जुदेव स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में भाग लेंगे

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 2 मार्च को जशपुर जिले में प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे और जिले तथा क्षेत्रवासियों को अनेक विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री साय वहां विकासखंड फरसाबहार के ग्राम तामामुंडा में स्थित गिरी गोवर्धन पर्वत में सार्वजनिक सांस्कृतिक मंडप का लोकार्पण करेगें। यहां गिरी गोवर्धन पर्वत में बने सांस्कृतिक मण्डप और 3 मार्च से निरंतर 24 घंटे तक होने वाले ''हरे कृष्ण, हरे राम'' नाम का उच्चारण किया जाएगा। मुख्यमंत्री साय यहां कलश यात्रा एवं अधिवास कार्यक्रम में भी शामिल होगें। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इसी तरह विकासखंड फरसाबहार के अंतर्गत ही तपकरा में आयोजित आमसभा में शामिल होगें तथा सामुदायिक भवन का लोकार्पण करेगें, साथ ही वे गायत्री महायज्ञ में भी शामिल होगें। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जशपुर जिले के विकासखंड मनोरा के ग्राम डांडटोली में आयोजित शहीद वीर बुद्ध भगत जयंती समारोह में शामिल होकर आमजनों को संबोधित करगें। मुख्यमंत्री साय इस दौरान जिला मुख्यालय जशपुर में आयाजित स्व. शत्रुंजय प्रताप सिंह जुदेव स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# वित्त मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर पेन्शनर कल्याण निधि नियम के तहत पेन्शनर्स के इलाज हेतु 6 लाख 80 हजार रूपए स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



वित्तमंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर संचालक कोष लेखा एव पेंशन महादेव कावरे ने पेन्शनर को इलाज हेतु वर्ष 2022-23 एवं वर्ष 2023-24 हेतु दवाओं के लिये 6 लाख 80 हजार 496 रूपए की स्वीकृति दी है। नियम के तहत सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने पर खर्च का दस हजार रुपये और निर्धारित गंभीर बीमारी जैसे कैंसर, हार्ट, न्यूरो, किडनी प्रत्यारोपण, जटिल नेत्र शल्य क्रिया हेतु राज्य के बाहर के मान्यता प्राप्त अस्पताल और राज्य के चिकित्सा महाविद्यालय और मान्यता प्राप्त तीन अस्पताल में इलाज हेतु तीस हज़ार रुपये की स्वीकृति दी जाती है। पेन्शनर कल्याण निधि नियम 1997 के तहत वर्ष 2022-23 हेतु 49 पेन्शनर को 4 लाख 62 हज़ार रुपये और वर्ष 2023-24 हेतु 25 पेन्शनर को 2 लाख 18 हज़ार रुपये की स्वीकृति दी गई है।

# पीठाधीश्वर शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती महाराज से वन मंत्री केदार कश्यप ने लिया आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास तथा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास तथा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने आज धरसींवा विकासखंड के ग्राम मुरा में आयोजित हिन्दू राष्ट्र धर्मसभा में शामिल हुए। उन्होंने इस मौके पर हिन्दू राष्ट्र के प्रणेता पुरी गोवर्धन मठ पीठाधीश्वर शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज से आशीर्वाद लिया और प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

गौरतलब है कि विगत तीन दिनों से रायपुर के धरसींवा विकासखण्ड में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित लखन लाल मिश्र के ग्राम मुरा में हिन्दू राष्ट्र के प्रणेता पुरी गोवर्धन मठ पीठाधीश्वर शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज के दिव्य प्रवचन आयोजित है। इस अवसर पर पूर्व आईएएस अधिकारी जी.एस. मिश्रा, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में साधु-संत और श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री साय आज जशपुर जिले के दौरे पर

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 2 मार्च को जशपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री साय सवेरे 10 बजे पुलिस ग्राउंड हेलीपेड रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर पूर्वान्ह 11.15 बजे जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखण्ड के ग्राम तामामुंडा पहुंचेंगे। साय वहां गिरी गोवर्धन पर्वत में सार्वजनिक सांस्कृतिक मंडप का लोकार्पण करेंगे और आम सभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री ग्राम तामामुंडा से हेलीकॉप्टर द्वारा दोपहर 12.45 बजे जशपुर पहुंचेंगे और वहां से 1.45 बजे मनोरा विकासखण्ड के ग्राम डांडटोली पहुंचेंगे। वे वहां शहीद वीर बुद्ध भगत जयंती समारोह में शामिल होने के बाद हेलीकॉप्टर द्वारा अपरांह 3.25 बजे तपकरा पहुंचेंगे। साय वहां लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होने के बाद आम सभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री तपकरा से कार द्वारा शाम 7 बजे जशपुर पहुंचेंगे और वहां 7.30 बजे स्वर्गीय शत्रुंजय प्रताप सिंह जूदेव स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने अयोध्या धाम में किया प्रभु रामलला का दर्शन



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर अयोध्या धाम में प्रभु रामलला का दर्शन किया। उन्होंने प्रभु श्रीराम से प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं निरंतर विकास के लिए आशीर्वाद मांगा। मंत्री नेताम अपने धर्मपत्नी के साथ सरयू नदी में पुण्य स्नान कर आराध्य देव को स्मरण किया। गौरतलब है कि मंत्री रामविचार नेताम अपने जन्मदिन को अविस्मरणीय बनाने के लिए सपरिवार अयोध्या धाम गए हुए हैं। उन्होंने प्रभु रामलला के दर्शन पश्चात् कहा कि हमारे आराध्य प्रभु श्रीराम अयोध्या में 500 सालों बाद जन्म स्थान पर पुनः विराजमान हुए हैं। छत्तीसगढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल होने के कारण लोगों के लिए दोहरी खुशी और उत्साह का मौका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है, यह दिन भारत के इतिहास में अविस्मरणीय रहेगा।

## शबरी कन्या आश्रम की छात्राओं ने मनाया मंत्री रामविचार नेताम का जन्म दिवस



आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम के जन्मदिन को राजधानी स्थित शबरी कन्या आश्रम रोहणीपुरम् और वनवासी कल्याण समिति की छात्राओं ने अविस्मरणीय बनाया है। आश्रम की छात्राओं ने मंत्री जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में केक काटकर मंत्री नेताम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। आश्रम की छात्राओं ने इस मौके पर कहा है कि सरल और सहज स्वभाव के मंत्री रामविचार नेताम जी विभाग के मंत्री बनते ही आश्रम छात्रावासों की ओर विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, शिक्षा की गुणवत्ता, खेल व संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ ही आश्रम-छात्रावासों में सीटों की संख्या में वृद्धि करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। कमजोर वर्ग के जरूरतमंद बच्चों के लिए सराहनीय कदम है। मंत्री नेताम ने विधानसभा में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों एवं ब्लॉक मुख्यालयों में जरूरत के हिसाब से बालक और बालिका छात्रावास खोलने की भी घोषणा की है इसके लिए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित करते है।






सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403